CMYK

तापमान अधिकतम :32$^{0}$C
न्यूनतम: 20$^{0}$C

सेंसेक्स 80,501.99
निफ्टी 24,346.70

सोना 96,750
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 4 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 253 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 जिलकदा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस अय्यर को बनाया आइकॉन प्लेयर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# नीट की परीक्षा आज दोपहर को

नई दिल्ली, वार्ता



**मेडिकल कॉलेजों** में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा रविवार (आज) को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विद्यार्थी पेन भी नहीं ले जा सकेंगे। उन्हें सेंटर पर ही पेन दिया जाएगा।

परीक्षार्थी को ओरिजिनल आईडी जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड अथवा 12वीं क्लास का प्रवेश पत्र, जिसमें अभ्यर्थी की फोटो आ रही हो, इनमें से कोई भी एक आईडी साथ लाना है। नीट के जरिये ही देश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिये आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे।

# मोदी ने फिर दोहराया संकल्प, सबक सिखाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।

श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अंगोला की ओर से संवेदना व्यक्त किए जाने के लिए श्री लौरेंको को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में 26 लोग

- **आतंकियों व उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध**

जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे कि निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने सशस्त्र बलों को इस मामले में जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।



## मंत्री ने मांगी आत्मघाती हमलावर बनने की इजाजत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के आवास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का पहलगाम आतंकी हमले पर दिया बयान चर्चा में है। इसमें वे आत्मघाती हमलावर बनकर पाकिस्तान में जाने और युद्ध लड़ने की बात कह रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे परमिशन दें, तो मैं आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला करने के लिए तैयार हूं। देश के लिए जान देने के लिए तैयार हूं। जमीर अहमद खान जब ये बयान दे रहे थे, तब उनके आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। इस पर खान ने कहा कि मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं। केंद्र सरकार को पहलगाम आतंकी हमले पर निर्णायक एक्शन लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ हर भारतीय को एकजुट होना चाहिए।

## मप्र-उप्र समेत 19 राज्यों में आंधी व तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश समेत 19 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट किया गया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी चल सकती है। वहीं, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तेज बारिश हो सकती है। दिल्ली में शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश के बाद मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बदले हुए मौसम के बावजूद शुक्रवार को महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 43 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया था। महाराष्ट्र का अकोला 44.9 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। आगे भी लगभग एक हफ्ते ऐसा मौसम रह सकता है।

## आईसीआईसीआई सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक , बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 को नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि यह देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

## श्रीलंकाई लोगों के हमलों में 20 भारतीय मछुआरे घायल

**नागपट्टिनम।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले से समुद्र में मछली पकड़ने उतरे मछुआरों की नाव पर कल मध्यरात्रि समुद्र के बीचोबीच अज्ञात श्रीलंकाई नागरिकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया और लूटपाट की, जिससे 20 मछुआरे घायल हो गए। मछुआरों ने बताया कि शुक्रवार मध्यरात्रि लूटपाट और हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में घायल मछुआरों को तट पर लौटने के बाद सुबह नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनमें से पांच को आंतरिक और बाहरी चोटें आई हैं।

# दरार गहराई: पाक से सभी तरह के आयात पर रोक

## पाक ध्वज वाले जहाजों का किसी भी बंदरगाह पर प्रवेश किया बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के माल के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह पाबंदी पाकिस्तान के ऐसे माल पर भी लागू होगी, जो भारत के रास्ते किसी और जगह भेजा जा रहा हो।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एजेंसी विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान में बनी या वहां से निर्यात की जाने वाली सभी वस्तुओं के वहां से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से किए जाने वाले सभी निर्यात या ऐसे माल को भारत के रास्ते कहीं और भेजे जाने (ट्रांजिट) पर रविवार (आज) से रोक लागू की जाती है। यह रोक वहां से मुक्त रूप से मंगाई जा सकने वाली या अन्य प्रकार से मंगाई जाने वाली, हर तरह की वस्तु पर लागू होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति के हित में लिया गया है। इस निर्णय को लागू करने के लिए विदेश व्यापार नीति 2023 में आवश्यक संशोधन अधिसूचित किए गए हैं। इस प्रतिबंध के किसी भी विकल्प के लिए सरकार से अनुमति अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले के बाद भारत में पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त प्रतिबंधात्मक कदम उठाए हैं। भारत ने पाकिस्तान को उड़ानों के लिए अपने वायु मार्ग का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। वहीं, पाकिस्तान ने भी भारत के व्यापार और यात्री एयरलाइनों के लिए अपने वायु मार्ग के इस्तेमाल नहीं करने देने का निर्णय लिया है। वहीं भारत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### रक्षा मंत्रालय ने 48 लॉन्चर और 85 पोर्टेबल मिसाइलों की खरीद के लिए मांगे प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना को कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन, हेलीकॉप्टर और विमानों के खतरों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए 48 लांचर और नई पीढ़ी की अत्याधुनिक 85 मिसाइलों की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मेक इन इंडिया पहल के तहत की जाने वाली इस खरीद के लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं। काफी कम दूरी की इन मिसाइलों के मिलने से सेना को दुश्मन के विमानों और ड्रोनों की चपेट में आने की संभावना वाले अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों का बचाव करने में मदद मिलेगी।




- **केंद्र ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं स्थगित की**
- **आज से लागू होगा फैसला, यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा व लोक नीति के हित में लिया गया**

## मंदिर की 'जात्रा' में मची भगदड, छह लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा के शिरगांव में आयोजित प्रसिद्ध श्री लैराई जात्रा (धार्मिक यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात भगदड़ मचने से छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और बचाव टीम मौके पर पहुंच गई। हादसे में घायल लोगों को गोवा मेडिकल कॉलेज और मापुसा स्थित नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति शोक जताया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने घायलों का मुफ्त इलाज करने को कहा है। घटना पर गोवा कांग्रेस ने भी दुख जताया है। यह हादसा उस समय हुआ जब भारी भीड़ के बीच अचानक अफरा-तफरी फैल गई, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे तथा भगदड़ मचने के कारण लोग एक-दूसरे पर गिरते चले गए जिससे लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

# टिकैत से अभद्रता का लिया जाएगा बदला

## 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' में ऐलान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** उप्र के मुजफ्फरनगर टाउनहॉल में गत दिवस हुई जनआक्रोश यात्रा में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ धक्का मुक्की और पगड़ी गिराने के विरोध में शनिवार को भाकियू ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' का आयोजन किया।

उक्त पंचायत में जनपदभर के विभिन्न खाप मुखियाओं के अलावा बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, सरधना विधायक अतुल प्रधान, खतौली व रालोद विधायक मदन भैया, कैराना सांसद इकरा हसन, मुजफ्फरनगर सांसद -शेष पृष्ठ दो पर

- **वक्ता बोले- यह टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला**
- **पंचायत में राकेश टिकैत को पहनाई गई पगड़ी**

# रुक सकता था गोधरा कांड अगर पुलिस होती सतर्क

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में** गोधरा कांड के 23 साल बाद, गुजरात हाईकोर्ट ने साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में गश्त में लापरवाही के लिए नौ रेलवे पुलिस कर्मियों को नौकरी से हटाने के फैसले को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने पुलिसकर्मियों की याचिका खारिज करते हुए कहा कि यदि याचिकाकर्ता पुलिसकर्मी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अपनी ड्यूटी कर रहे होते, तो गोधरा कांड को रोका जा सकता था। आवेदकों ने अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरती। याचिकाकर्ता उस समय रेलवे पुलिस में कार्यरत थे। इन्हें 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गश्त की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन चूंकि वे ट्रेन से चूक गए थे, इसलिए वे दूसरी ट्रेन से अहमदाबाद जल्दी पहुंच गए। इस दिन -शेष पृष्ठ दो पर

- **हाईकोर्ट ने नौ रेलवे पुलिसकर्मियों को नौकरी से हटाने का फैसला बरकरार रखा**

# डा. पूनम गुप्ता बनीं RBI की डिप्टी गवर्नर

मुंबई, वार्ता



**डा. पूनम गुप्ता ने** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। भारत सरकार ने दो अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था।

डिप्टी गवर्नर के रूप में, डा. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डा. गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं।




# कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कदम उठाए हैं।

केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार ने शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत किया है, ताकि प्रदेश की हर कामकाजी महिला सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में काम कर सके। सीएम योगी के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन को अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। सूत्रों नेबताया कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो। जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। विशेष बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी आवाज उठाने का एक गोपनीय और सशक्त माध्यम बनेगा।



# पहलगाम के बाद घटनाक्रम चिंतनीय

## कश्मीर में अभी सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई: हुसैनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

**जमात**-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद घटित घटनाओं पर चिता व्यक्त की।

श्री हुसैनी ने यहां स्थित जमात के मुख्यालय में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 22 अप्रैल 2025 को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की फिर से निंदा की। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में हुई दुखद जान-माल की हानि पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों तथा उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह पूरी तरह से अमानवीय है और इसकी पूर्ण एवं स्पष्ट निंदा की जानी



चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले और निर्दोष लोगों के मारे जाने से पता चलता है कि सुरक्षा व्यवस्था अभी भी पर्याप्त नहीं है और क्षेत्र में भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद, नीतिगत खामियां मौजूद हैं, जो निर्दोष नागरिकों के जीवन को असुरक्षित बनाती हैं। हम चाहते हैं कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए, सुरक्षा संबंधी चूकों की उचित जांच की जाए तथा अधिक मजबूत व्यवस्थाएं स्थापित की जाए। कश्मीर की स्थिति के बारे में बात करते हुए जमीअत अध्यक्ष ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और कड़े सुरक्षा उपायों की विस्तारित अवधि के बाद सरकार ने जोर देकर कहा कि कश्मीर में आतंकवाद पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया गया है। हालांकि, पहलगाम की दुखद घटना से संकेत मिलता है कि कश्मीर में सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई है। कड़ी निगरानी और सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त उपस्थिति के बावजूद ऐसी घटना ऐसे क्षेत्र में कैसे घटित हो सकती है? हम कश्मीरी लोगों की उल्लेखनीय बहादुरी और आतिथ्य दिखाने के लिए सराहना करते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि हम मीडिया के एक वर्ग और कुछ राजनेताओं द्वारा राजनीतिक और वैचारिक हितों को साधने के प्रयासों की कड़ी निदा करते हैं। जिस प्रकार का इस्लामोफोबिक आख्यान फैलाया जा रहा था, फर्जी खबरों का प्रसार किया जा रहा था।

## सीबीआई ने बाल यौन उत्पीड़न का किया भंडाफोड़

**कोलकाता।** सीबीआई ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ऑनलाइन बाल यौन शोषण से जुड़े एक ऐसे साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए हैं।

सीबीआई को अमेरिका से सूचना प्राप्त हुई थी। मार्च 2024 में, मंगलुरु निवासी आरोपी अहमद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'डिस्कॉड' के माध्यम से हेइजेनबर्ग7343 के नाम से काम किया और एक अमेरिकी नाबालिग लड़की के साथ ऑनलाइन बातचीत की। सीबीआई ने कहा कि चैट के दौरान आरोपी ने नाबालिग लड़की को उसके साथ कामुक चैट करने के लिए उकसाया और उसने लड़की से उसकी अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए भी कहा। आरोपी ने अश्लील यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी धमकाया।

# हमें दिनचर्या प्रबंधन व योजना बनाने की जरूरत: पटेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में शनिवार को राजभवन के गांधी सभागार में राजभवन के अधिकारियों व कार्मिकों के लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संयमित जीवन शैली को बढ़ावा देना था। श्रीमती पटेल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को बुरी आदतें छोड़ने, दिनचर्या में अनुशासन लाने तथा शरीर की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझने की सलाह दी। उन्होंनं कहा कि हमें हमारी दिनचर्या के प्रबंधन व योजना बनाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए स्वस्थ रहने के उपाय भी व्यक्तिगत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वजन नियंत्रित करने के लिए आत्मनिरीक्षण जरूरी है। कार्यशाला में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए राज्यपाल ने प्रात: पांच बजे उठकर सैर करने, धीरे-धीरे भोजन की मात्रा



**राजभवन में बीएमआई स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन होम्योपैथी का बखान किया**

कम करने, और रोटी के साथ अधिक सब्जी खाने की सलाह दी। उन्होंने रोटी को चबा-चबाकर खाने, कम नमक का उपयोग, दूध पीने व चाय से परहेज की भी सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सुबह का नाश्ता राजा की तरह, दोपहर का भोजन राजकुमार की तरह और रात का खाना भिखारी की तरह करना चाहिए। उन्होंने योग और प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम और कपालभाति को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने मानसिक प्रसन्नता, नियमित टहलने, अच्छी नींद और संतोषप्रद कार्यों को जीवन शैली का भाग बनाने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने सभी को संयमित जीवन जीने और स्व-नियंत्रण द्वारा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने मन को प्रेरित करने की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उनकी आदतें वर्तमान समय की विकसित नहीं है, बल्कि स्कूली दिनों से ही बनी हुई है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने अंदर की कमियों को सुधारने के हिसाब से कार्य करना चाहिए। श्रीमती पटेल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया की कोई भी कार्य आत्मविश्वास व श्रद्धा से करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी के स्वस्थ होने की कामना की तथा होम्योपैथी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति वर्तमान समय में काफी लाभदायक है। राज्यपाल ने संयमित जीवन जीने की सलाह दी और उन्होंने कहा कि संयमित जीवन नियमित व्यायाम तथा स्वयं पर नियंत्रण से आता है। कार्यशाला के दौरान केजीएमयू से डा. अर्चना गिल्डियाल, डा. शालिनी श्रीवास्तव, एवं डा. दिलीप वर्मा ने विशेष सत्रों में सहभागिता की। डा. अर्चना ने शरीर की फिटनेस बनाए रखने के लिए बॉडी कंपोजिशन, व्यायाम, तथा एक्सरसाइज की विषयों पर जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस की आजादी में भारत की रैंकिग चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विश्व के 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिग 161वीं है, जो साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी शासन में प्रेस की आजादी पर लगातार हमले हो रहा है। कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की गिरती रैंकिग भाजपा शासन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरनाक क्षरण को दर्शाती है। इसके साथी पार्टी ने एक अखबार में प्रकशित सर्वेक्षण की तालिका भी पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है की 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में भारत का पिछले साल 161वां स्थान रहा है।

### महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियां मिली फंदे से लटकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में शनिवार सुबह एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव फंदे से लटके मिले। पुलिस ने यहां बताया कि घटना भिवंडी के तीनगांव कामतघर में हुई। महिला की पहचान किनिसा लालजी द्ध30ऋ के रूप में हुई है। उसकी तीन बेटियों की उम्र क्रमश: 13, 11 और आठ साल बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला के पति जब रात की डयूटी से घर आया तो उसने सुबह चारों के शव को छत के पंखे से लटका पाया।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर किया

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में शनिवार को तलाशी ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस ने बताया कि जवानों की ओर से की गई गोलीबारी को देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया गया है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई तलाश अभियान के दौरान हुई।

## मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

# अविवादित वरासत केस 15 दिन में निपटाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि अविवादित वरासत के मामलों का निस्तारण अधिकतम 15 कार्यदिवस के भीतर किया जाए।



■ **खतौनी, किसान रजिस्ट्री और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरण तय समय सीमा में सुलझाएं**

राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण बिदुओं राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदाई शासन प्रणाली की नींव है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाममूलक होना चाहिए। साथ ही लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके और आमजन को सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा 80 के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए।

नामांतरण वादों को पूर्णतष्ठ ऑटोमेट किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नागरिकों को सुगमता और समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सावधान किया कि चकबंदी की जटिलताओं के कारण गंभीर सामा. जिक विवाद जन्म ले सकते हैं, अत: इसे अत्यंत संवेदनशीलता से निपटाया जाए। योगी ने यह भी स्पष्ट किया कि रियल टाइम खतौनी, आधार सीडिंग, किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था की जाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष में ही 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, जिनमें से 85 प्रतिशत आवेदन सात कार्यदिवसों के भीतर ऑनलाइन निस्तारित हुए। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को सराहनीय बताया और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग की सराहना करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में 3-5 लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सभी लंबित आवेदन अगले 10 कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से निस्तारित किए जाएं।

### विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित मामलों का हो त्वरित निस्तारण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के प्रकरणों की समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि जिस भी प्राधिकरण में मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित हैं, इसे सरल रूप देते हुए एक ही बार में निस्तारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि ऐसे जो भी प्रकरण लंबित हैं, एक समय सीमा तय करते हुए उनका निस्तारण कर दिया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अब तक अप्रूव नहीं हुआ है, उसे वर्तमान माह की समाप्ति से पहले अनुमोदित करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्ययोजना का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6-7 किमी- लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरीडोर 1 और 2 का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जबकि द्वितीय कॉरिडोर का कार्य 2026 तक निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत चारबाग से बसंतकुंज तक (11-165 किमी) प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

# यूपी सरकार का आउटसोर्स कर्मियों को बड़ा तोहफा

## आउटसोर्स सेवा निगम का गठन जल्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त होगा इलाज, ईपीएफ की सुविधा, पेंशन और मेडिकल लीव की सुविधा भी मिलेगी कर्मचारियों ने फैसले का किया स्वागत**

**लखनऊ।** यूपी सरकार जल्द ही राज्य में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इस निगम के तहत कर्मचारियों को वेतन, अवकाश और सभी लाभ नियमबद्ध तरीके से मिलेंगे। आउटसोर्स कर्मचारियों को ईएसआई, ईपीएफ और मेडिकल लीव के साथ ही 180 दिन की मैटरनिटी लीव और पेंशन सुविधा भी मिलेगी।

यूपी में सरकारी कर्मचारियों की तरह अब आउटसोर्स कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। सरकार के फैसले से आउटसोर्स कर्मचारियों कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। इसके लिए सरकार आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। पिछले कुछ समय से ईएसआई और ईपीएफ की सुविधाओं का लाभ मिलने में समस्या आ रही थी। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। निगम का गठन गैर लाभकारी संस्था के तौर पर किया जाएगा। इसके गठन से आउटसोर्स कर्मचारियों मे पर खर्च हो रहे पैसे पर 22.5 फीसदी की कमी आएगी। साथ ही कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। अभी तक सरकार को इन कर्मचारियों के लिए कमीशन और जीएसटी का भुगतान करना पड़ता था। आउटसोर्स कर्मचारियों को कई बार ईपीएफ और ईएसआई की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। आउटसोर्स कर्मचारियों को 180 दिन की मैटरनिटी लीव से लेकर ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त इलाज, सेवा अवधि पूरी होने पर पेंशन की सुविधा और आकस्मिक अवकाश जैसी सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। सरकार के आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के फैसले पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। कर्मचारियों को कहना है कि सरकार के इस फैसले से करोडों कर्मचारियों को आसानी से लाभ मिल सकेगा, कई बार मेडिकल लाभ और आकस्मिक अवकाश के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## अर्थ व्यापार

# एसबीआई का मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई, वार्ता**

**देश** के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9-93 प्रतिशत कम है।

बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16-08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय



■ **चौथी तिमाही में 18643 करोड़ का लाभ**

42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2-69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4-43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किए गए 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20-35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51-49 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका सकल एनपीए 42 आधार अंक कम होकर 1-82 प्रतिशत पर आ गई और इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 10 आधार अंकों की कमी के साथ 0-47 प्रतिशत पर रही।

## भारत सरकार के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है।

संगठन ने कहा कि यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

**स्थानीय** स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले



दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दरार गहराई..**

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों के अंतर्गत शनिवार को आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान के ध्वज वाले जहाजों को भारत में किसी भी बंदरगाह में प्रवेश पर रोक लगाने के निर्णय की घोषणा की।

यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक निर्देश के अनुसार, पाकिस्तान के झंडे वाले किसी भी जहाज को भारतीय बंदरगाहों पर जाने से रोक दिया गया है, जबकि भारतीय झंडे वाले जहाजों को भी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर ठहरने से रोक दिया गया है।

सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि यह आदेश 'सार्वजनिक हित में और भारतीय जहाजरानी के हित में भारतीय संपत्तियों, कार्गो और संबंधित बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए' लागू किया गया है। यह निर्देश तुरंत प्रभावी हो गया है और अगली सूचना तक लागू रहेगा। जबकि सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं को स्थगित कर दिया है।

संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने इस संबंध में आम लोगों के लिए एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाओं को स्थगित कर दिया है। इसमें वायु मार्ग भी शामिल है।

**टिकैत से...** हरेंद्र मलिक भी पहुंचे। किसानों में भारी आक्रोश था। मंच से लगातार वक्ता कह रहे थे कि यह श्री टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला है। वक्ताओं का कहना था कि जन आक्रोश रैली में जो अभद्र व्यवहार श्री टिकैत के साथ हुआ वह सोची समझी साजिश का हिस्सा है। प्रशासन इसकी जांच कराए। जीआईसी मैदान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा किसानों के लिए लंगर की व्यवस्था भी थी। सभी एक स्वर में कह रहे थे कि श्री टिकैत के साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ है उसका बदला लिया जाएगा।

**रोका जा सकता...**

गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगा दी गई थी, जिससे अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों सहित 59 यात्रियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे और दो महीने तक जारी रहे। ड्यूटी में लापरवाही के कारण 9 पुलिस कर्मियों को एक मार्च 2002 को सस्पेंड कर दिया गया था। सके बाद उनके खिलाफ विभागीय जांच की गई और नवम्बर 2005 में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके खिलाफ अपील की, लेकिन लोकल कोर्ट ने अपील खारिज कर दी।

इस पर इन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका लगाने वाले इन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी साब. रमती एक्सप्रेस ट्रेन में थी। गुलाबसिंह झाला, खुमानसिंह राठौड़, नाथाभाई डाभी, विनोदभाई बिजलभाई, जबीर हुसैन शेख, रसिकभाई परमार, किशोरभाई परमार, किशोरभाई पाटनी और पुनाभाई बारिया।

# पहलगाम टिप्पणी को लेकर महबूबा ने फारूख अबदुल्ला की आलोचना की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को एक राजनीतिक विवाद तब खड़ा हो गया जब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर कश्मीरियों पर कथित आरोप लगाने वाले चिता. जनक बयान देने का आरोप लगाया।

नेकां ने पलटवार करते हुए कहा कि डॉ. अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों को दोष नहीं दिया और सुश्री मुफ्ती के बयान को चौंकाने वाला बताया। विवाद तब शुरू हुआ जब सुश्री मुफ्ती ने 'एक्स' पर डा.अब्दुल्ला के कथित बयान को लेकर उनकी आलोचना की। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि डा. अब्दुल्ला का बयान, जिसमें कश्म. ीरियों को पहलगाम हमले से जोड़ा गया, बेहद चिताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान नफरत फैलाने वाले नैरेटिव को बढ़ावा देता है, कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का जरिया बनता है, खासकर जब बाहर पढ़ रहे छात्र और व्यापारी पहले से ही हमलों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीरी नेताओं को पहलगाम आतंकवाद हमले के शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने लोगों से मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ भड़कने से बचने की अपील की थी। सादिक ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि सीएम रह चुका कोई इंसान इतना नीचे गिर सकता है। डा.अब्दुल्ला ने अपने बयान में कहीं भी 'कश्मीरी' या 'स्थानीय लोगों' का जिक्र नहीं किया।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को स्वतंत्र कराएं: शिवसेना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर शिवसेना (यूबीट) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा है कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाकर ही राज्य में शांति बहाली और आतंकवाद का खात्मा संभव हो सकता है। श्री साहनी ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी मांग की कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओके ऋको मुक्त कराकर जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्रसिधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ: मुख्यमंत्री

## देवभूमि को पवित्र व स्वच्छ बनाए रखने में दें अपना सहयोग, सीएम ने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा के लिए आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए बाबा केदार, बद्रीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमनोत्री से सबकी सकुशल यात्रा की प्रार्थना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को आईएसबीटी, ऋषिकेश में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित "ऋषिकेश से चारधाम यात्रा 2025" के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया एवं श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के लिए ले जा रही 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि जब श्रद्धालु, यात्रा पूरी करने के बाद अपने घर लौटें, देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों और सुखद अनुभव को साथ लेकर जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। इससे राज्य में लोगों के रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने सभी

**■ ऋषिकेश से चारधाम यात्रा 2025 के शुभारंभ कार्यक्रम में बोले धामी ,श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पर ले जा रही 10 बसों को किया रवाना**

श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि देवभूमि को पवित्र और स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि हरित चारधाम यात्रा के साथ ही स्वच्छता पर राज्य सरकार का विशेष फोकस है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ के पुनर्निर्माण और बदरीनाथ के मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य हुए हैं। गौरीकुंड से केदारनाथ तक रोपवे का कार्य पूर्ण होने के बाद यात्रा और ज्यादा सुगम होगी। ऑल वेदर रोड के निर्माण से पहले के मुकाबले आज यात्री काफी कम समय में ऋषिकेश से चार धाम पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा श्रद्धालुओं को यात्रा कराने में सहयोग प्रदान कराने की पहल की सराहना की।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रेमचन्द अग्रवाल, मेयर शंभू पासवान, जीएमओयू अध्यक्ष भास्करानंद भारद्वाज, टीजीएमओसी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह नेगी, गढ़वाल मंडल कॉन्ट्रैक्ट अध्यक्ष संजय शास्त्री, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, नंदन सिंह रावत, रमेश चंद्र उप्रेती, हर्षवर्धन सिंह कृष्णा विभिन्न राज्यों से चार धाम यात्रा के लिए आए श्रद्धालु एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# केदारनाथ यात्रा के लिए सात मई से करें बुकिंग

**शाह टाइम्स संवाददात**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में उड़ान भरकर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए खुशखबरी है। वे हेली सेवा से धाम के लिए जून माह की बुकिंग करवा सकते हैं। इसके लिए वे सात मई से भारतीय रेलवे कैटरिंग एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की आधिकारिक वेबसाइट पर बुकिंग कर सकते हैं।

जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने कहा कि किसी भी अन्य वेबसाइट, सोशल मीडिया पेज (जैसे फेसबुक या इंस्टाग्राम), या व्हाट्सएप चौटिंग लिंक के माध्यम से की जाने वाली बुकिंग न केवल अमान्य है, बल्कि ऐसे प्रयासों से साइबर ठगी की संभावनाएं अत्यधिक बढ़ जाती हैं।पुलिस विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को आगाह किया जा रहा है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट का ही उपयोग करें और किसी भी अन्य माध्यम से टिकट खरीदने से बचें। यदि कोई व्यक्ति किसी फर्जी लिंक या अनाधिकृत एजेंट के चक्कर में पड़ता है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिसमें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ यात्रा से वंचित रह जाने की स्थिति भी बन सकती है।उन्होंने बताया कि हेली टिकट नहीं मिली तो भी निराश होने की जरूरत नहीं हैं। ऐसे श्रद्धालु जिनकी हेली टिकट अभी तक बुक नहीं हो पाई है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए अब भी अन्य पारंपरिक और सुगम विकल्प उपलब्ध हैं। श्रद्धालु पैदल मार्ग, घोड़े-खच्चर, पालकी अथवा डंडी-कंडी के माध्यम से भी यात्रा कर सकते हैं। ये सभी सेवाएं स्थानीय प्रशासन की देखरेख में व्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने यात्रा में शामिल होने जा रहे सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं। अधिकृत पोर्टल से ही बुकिंग करें और स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।

# नेपाल पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री ने सीएम धामी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में 10 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के मित्रतापूर्ण संबधों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। सीमावर्ती जिलों में आपसी समन्वय से विकास कार्यों को गति देने, सांस्कृति और धार्मिक संबंधों को बढ़ावा देने, पर्यटन विकास एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड और नेपाल की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत साझा हैं और दोनों क्षेत्रों के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में सहयोग के लिए उत्तराखण्ड सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



**■ मित्रतापूर्ण संबंधों एवं सीमावर्ती सहयोग को लेकर दोनों में चर्चा**

इस अवसर पर नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मंत्री वीर बहादुर थापा, सदस्य घनश्याम चौधरी, नरेश कुमार शाही, झपत बहादुर सौद, शेर बहादुर भण्डारी, प्रमुख सचिव सुदूर पश्चिम प्रांत डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, सचिव सूरत कुमार बम, राजनीतिक सलाहकार डॉ. जितेन्द्र उपाध्याय मौजूद थे। उत्तराखंड सरकार से प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु और सचिव विनोद कुमार सुमन इस दौरान मौजूद थे।

# दिव्यांग, घायल व बीमार भक्तों की मदद में जुटी पुलिस, भक्त हुए खुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा में पहुंच रहे दिव्यांग, बीमार, घायल भक्तों के लिए पुलिस जवान मित्रता, सेवा, सुरक्षा स्लोगन का परिचय दे रही है। उन्हें केदारनाथ हेलीपैड पर जहां सुरक्षित तरीके से हेलीकॉप्टर सेवा में बिठाया जा रहा है, वहीं केदारनाथ मंदिर के दर्शन भी करवाए जा रहे हैं। मित्र पुलिस का ऐसा मानवीय चेहरा देख श्रद्धालुओं में भी खुशी देखने को मिल रही है।

केदारनाथ धाम में इस वर्ष श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। कपाट खुलने के पहले ही दिन हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान केदार के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या के कारण दर्शन एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाएं बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है, बाजवूद इसके जनपद पुलिस पूरे मनोयोग से इस सेवा भाव में जुटी हुई है। केदारनाथ धाम में दिव्यांग, बीमार, घायल श्रद्धालुओं के लिए मित्र पुलिस मददगार साबित हो रही है। धाम की कठिन यात्रा के दौरान कई श्रद्धालु ऐसे भी हैं, जिन्हें चोट, थकान या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जबकि कई दिव्यांग भी पहुंचते हैं। ऐसे में रुद्रप्रयाग पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य कर रही है, जबकि जरूरतमंद श्रद्धालुओं की सहायता के लिए भी तत्परता से आगे आ रही है। कई स्थानों पर पुलिस कर्मियों की ओर से बुजुर्ग, घायल अथवा असहाय श्रद्धालुओं को सहारा देकर मंदिर तक पहुंचाने में मदद की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि केदारनाथ धाम की यात्रा काफी कठिन यात्रा है। श्रद्धालु जैसे-तैसे पैदल चलकर, घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी के सहारे बाबा के दर पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में मित्र पुलिस का भी दायित्व बनता है कि वे बाबा के प्रति आस्था दिखाते हुए दिव्यांग, घायल व बीमार श्रद्धालुओं की हरसंभव मदद करें।

# श्रद्धालुओं को श्री केदारनाथ धाम में मिलेगी फ्री वाईफाई सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** चारधाम यात्रा पर देश-विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुखद और सुगम हो इसके लिए राज्य सरकार एवं प्रशासन लगातार नए प्रयास कर रहा है। देश की सबसे कठिन पैदल यात्राओं में से एक श्री केदारनाथ धाम यात्रा ने इस दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किया है।

केदारपुरी में दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब फ्री वाईफाई की सुविधा उपलब्ध होगी। शनिवार को इसका सफल ट्रायल होने के बाद यह सुविधा श्रद्धालुओं को समर्पित कर दी गई है। बाबा के दर्शनों को पहुंचे श्रद्धालुओं ने इसपर खुशी जाहिर करते हुए सरकार और जिला प्रशासन को इसके लिए आभार जताया है।

इसी रिसोर्स नेटवर्क के तहत श्रद्धालुओं को अब फ्री वाईफाई की सुविधा मिलने जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती ने बताया कि वाईफाई का फायदा उठाने के लिए वाईफाई सेटिंग पर जाकर अपना मोबाईल नंबर पंजीकृत करना होगा जिसके बाद एक ओटीपी मोबाइल नंबर पर आएगा जिसे भरने के बाद आधे घंटे तक हाई स्पीड वाईफाई का लाभ उठाया जा सकता है।

**■ धाम में मिल रही सुविधाओं से श्रद्धालुओं में उत्साह, सरकार और प्रशासन का जताया आभार राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से अपना स्वयं का मोबाइल नेटवर्क स्थापित करने वाला पहला जिला बना रुद्रप्रयाग**

### देश का पहला मॉडल

रुद्रप्रयाग देश का पहला जनपद बन गया है, जिसके पास अपना अलग और संपूर्ण मोबाइल नेटवर्क है। जुलाई 2024 में केदारनाथ पैदल मार्ग पर आई आपदा के दौरान जब अन्य मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गए थे। तब यही नेटवर्क यात्रियों, मजदूरों और रेस्क्यू टीमों के लिए जीवन रेखा बना। इससे रास्ते में फंसे लोगों ने अपने घरों से संपर्क किया और राहत एवं बचाव कार्यों में भी अत्यंत मदद मिली।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील रुद्रप्रयाग जनपद ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए हमने अपना स्वयं का मोबाइल नेटवर्क स्थापित किया है। इस नेटवर्क को 'डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर रिसोर्स नेटवर्क' नाम दिया गया है। यह नेटवर्क न केवल आपदा या किसी भी विकट परिस्थिति में लगातार संचालित रहेगा, बल्कि इसमें मोबाइल डाटा, वॉयस कॉलिंग और हाई क्वालिटी सीसीटीवी विजुअल्स की भी सुविधा उपलब्ध है।:- **डॉ. सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग**

# ज्योतिर्मठ को आपदा से सुरक्षा को 291.15 करोड की मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भगवान श्री बदरीविशाल के कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात दी गई। केन्द्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर ज्योतिर्मठ को आपदा सुरक्षित करने के लिए 291.15 करोड़ की धनराशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री ने ज्योतिर्मठ के पुनर्निर्माण गतिविधियों के लिये धनराशि की स्वीकृति हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिर्मठ के सुनियोजित विकास तथा सुरक्षित दीर्घकालिक कार्यों के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। ज्योतिर्मठ की देवतुल्य जनता तथा क्षेत्र के विकास के लिए भविष्य में हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से न केवल ज्योतिर्मठ के आपदा प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित किया जा सकेगा, अपितु स्थानीय निवासियों एवं देश-विदेश से भगवान बद्रीविशाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित विश्राम हेतु स्थल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही भगवान बद्रीविशाल के शीतकालीन प्रवास हेतु नरसिंह मंदिर के आस-पास के निवासियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 2 जनवरी, 2023 को ज्योतिर्मठ के कई घरों और अवसंरचनाओं में भू-धंसाव के कारण बड़ी दरारें दिखाई देने लगी थी। ज्योतिर्मठ नगर में स्थित संरचनाओं में से लगभग 22 प्रतिशत संरचनायें इससे प्रभावित हुई थी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत इस संबंध में शासन के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी ली तथा मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर एनडीएमए, यूएसडीएमएम, आईआईटी रुड़की, यूएनडीपी, सीबीआरआई, वाडिया इंस्टीट्यूट, एनआईडीएम, और अन्य एजेंसियों के विशेषज्ञों से युक्त 35 सदस्यीय टीम ने अप्रैल 2023 के चौथे सप्ताह के दौरान पीडीएनए यानी पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट करने के लिए ज्योतिर्मठ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आवास और पुनर्वास स्वास्थ्य और शिक्षा पेयजल और स्वच्छता सहित नागरिक सुविधाओं सड़क और पुल जैसे स्थानीय स्तर के बुनियादी ढांचे, आपदा जोखिम में कमी और पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण योजनाओं के लिए क्षेत्रवार क्षति का आकलन किया।

उपरोक्तानुसार विशेषज्ञों द्वारा ज्योतिर्मठ भू-धसाव के सम्बन्ध में दी गयी निरीक्षण आख्या के क्रम में उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) द्वारा ज्योतिर्मठ शहर और आसपास के क्षेत्र में पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण गतिविधियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कराए जाने हेतु वित्तीय सहायता को मंजूरी दी।

**■ भगवान श्री बदरीविशाल के कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार की बड़ी सौगात मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केन्द्र सरकार द्वारा की गई धनराशि मंजूर**



"भगवान श्री बदरीविशाल के कपाट खुलने की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात देने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक आभार। ज्योतिर्मठ के सुनियोजित विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। ज्योतिर्मठ की देवतुल्य जनता को भरोसा दिलाता हूं कि एक सुरक्षित, विकसित, सुनियोजित और सुंदर ज्योतिर्मठ शहर का सपना जल्द साकार होगा। इसके लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।''

**:- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# भारत और नेपाल के बीच कई दशकों से घनिष्ठ संबंध :राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में सुदूर पश्चिम प्रांत, नेपाल के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच वर्षों के संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी समन्वय से काम करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए कहा कि भारत और नेपाल के बीच कई दशकों से घनिष्ठ संबंध हैं। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में मिल-जुलकर विकास करने, आपदा के समय एक-दूसरे की मदद करने और धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच बेहतर कनेक्टिविटी, व्यापारिक साझेदारी और साझा परियोजनाओं से दोनों पक्षों को लाभ हो सकता है।



**■ सुदूर पश्चिम प्रांत, नेपाल के मुख्यमंत्री शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात**

मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह ने कहा, की उत्तराखण्ड और नेपाल की जमीन और पानी एक जैसे हैं। उत्तराखण्ड के विकास से नेपाल के सीमावर्ती इलाकों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विकास हेतु नेपाल को किए जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सुदूर पश्चिम प्रांत के मंत्री वीर बहादुर थापा, सदस्य घनश्याम चौधरी, नरेश कुमार शाही, झपत बहादुर सौद, शेर बहादुर भण्डारी, मुख्य सचिव सुदूर पश्चिम प्रांत डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, सचिव सूरत कुमार बम, राजनीतिक सलाहकार डॉ. जीतू उपाध्याय मौजूद थे।

# महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराधों के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार: कांग्रेस

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, बलात्कार, हत्या जैसे अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे और नैनीताल तथा नानकमत्ता में घटित घटनाओं ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में महिलाएं व बच्चियां बलात्कारियों से सुरक्षित नहीं हैं, इसके लिए पूर्ण रूप से प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिम्मेदार है। यह बात शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा व अपराध रोकने में पूरी तरह से नाकाम सरकार की सह पर भाजपा समर्थित अराजक तत्व ऐसे मामलों को सांप्रदायिक रंग दे कर प्रदेश का वातावरण खराब कर रहे हैं और प्रदेश में अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं।

धस्माना ने कहा कि हाल ही में नैनीताल व नानकमत्ता की जघन्य



अपराधिक घटनाओं को जिस प्रकार से सांप्रदायिक रंग दे कर अराजकता फैलाई गई उससे यह स्पष्ट है कि भाजपा व भाजपा सरकार की मंशा अपराध रोकने की नहीं बल्कि जवाबदेही से बचने के लिए उसमें सांप्रदायिक एंगल ढूंढ कर सांप्रदायिकता फैलाना है। धस्माना ने कहा कि नैनीताल में घटित नाबालिग से बुजुर्ग द्वारा बलात्कार किए जाने की घटना पर जिस प्रकार से नैनीताल में हिंसा व अराजकता फैलाई गई उससे नैनीताल से पर्यटक पलायन कर गए और आने वाले दिनों के लिए पर्यटकों ने नैनीताल व उसके आसपास के होटलों में बुकिंग रद्द करवा दी। धस्माना ने कहा कि

**■ अराजक तत्वों व प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था से चार धाम यात्रा व पर्यटन होगा प्रभावित: धस्माना**

भाजपा समर्थित इन अराजक तत्वों के कारण राज्य की चार धाम यात्रा व पर्यटन दोनों प्रभावित हो रहो है जो कि उत्तराखंड की आर्थिकी की रीड है। धस्माना ने कहा कि नैनीताल मामले में नैनीताल उच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान ले कर प्रदेश सरकार व प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए तब जा कर राज्य सरकार की नींद खुलीस उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसा बलात्कार व हत्या जैसे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं जाएं और प्रदेश में शांति व्यवस्था को भंग करने वाले लोगों व संगठनों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# सेना के अपमान करने का रहा है कांग्रेस का इतिहास : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी के सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांगने को सेनाओं के मनोबल पर चोट बताया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास सेना के अपमान करने का रहा है और ये सब उनके आलाकमान की शह पर होता है।

उन्होंने कहा कि आज देश पहलगाम की घटना से दुखी और आक्रोश में है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाएं आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखाने जा रही है। ऐसे में कांग्रेस के बड़े नेता का 2019 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर सबूत का टैप रिकॉर्ड फिर से बजाना बहुत ही शर्मनाक एवं देश विरोधी है। यह सिर्फ चन्नी का निजी बयान नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी का संगठित और आधिकारिक रुख है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्व द्वारा जानबूझकर चन्नी को मोहरा बनाकर सेना की बहादुरी पर सवाल खड़े किए हैं। जो उनकी देश विरोधी सोच को स्पष्ट करता है, दरअसल कांग्रेस को कभी भी भारत की सेना और उसकी वीरता पर भरोसा नहीं रहा है। आज तो जनता के आक्रोश को देखते हुए कांग्रेस इस मुद्दे पर कांग्रेस बार-बार दोहरी भाषा बोल रही है। एक ओर वह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की बात करती है और दूसरी ओर जब सरकार सर्जिकल स्ट्राइक जैसे निर्णायक कदम उठाती है, तो उसी पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे पार्टी की बैठक में केंद्र सरकार से आतंकवाद पर एक्शन प्लान की मांग करते हैं। लेकिन जब सरकार कार्रवाई करती है तो पार्टी उस पर ही सवाल उठाने लगती है।उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस से जवाब चाहती है कि क्यों वे बार-बार इस तरह के बयानों से देश की सेना का मनोबल तोड़ती है? ये उनकी वोट बैंक की राजनीति और सेना के प्रति दुर्भावना को दर्शाती है। लेकिन देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और कांग्रेस के इस तरह के बयानों के लिए समय आने पर सबक सिखाएगी।

**■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चन्नी के सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांगने को सेनाओं के मनोबल पर चोट बताया**



# भुवीहांडा ने 94-20 प्रतिशत अंक लाकर किया स्कूल व परिवार का नाम रौशन

वाईन बर्ग एलनस्कूल मसूरी में कक्षा 10 के भुवीहांडा ने 94.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रौशन किया है। मसूरी वाईनबर्ग एलनस्कूल मसूरी में कक्षा10 के (आई0सी0एस0ई बोर्ड) में 14 बच्चों ने अपनी कक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर अपना व स्कूल का नाम रौशन किया है। जिसमें भुवीहांडा ने 94.20 प्रतिशन अंक लाकर क्षेत्र में खुशी की लहर उत्पन्न की हो। अच्छे अंक लाने पर सभी भुवीहांडा को बधाई दे रहे हैं। इस कामयाबी के पीछे भुवीहांडा पूरा श्रय अपने माता पिता को दिया है।

# नैनीताल जैसी घिनौनी घटना को राजनैतिक चश्मे से न देखे कांग्रेस: चौहान

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने नैनीताल मे मासूम के साथ हुई घटना को दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण और घिनौनी बताते हुए धामी सरकार द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही का समर्थन किया है। उन्होंने कांग्रेस को गंभीर मामलों को राजनैतिक चश्मे से न देखने की नसीहत दी है। चौहान ने कहा कि नैनीताल की घटना से लोग आक्रोशित हैं और कांग्रेस इसे राजनैतिक नजरिये से देख रही है। समुदाय विशेष का व्यक्ति हो अथवा कोई अन्य उसे ऐसी हिमाकत की छूट नही दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कानून अपना कार्य बखूबी कर रहा है और जांच एजेंसियों को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिये हैं।चौहान ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि राज्य में कानून का राज है और न केवल घटनाओं की जांच हो रही है, बल्कि उन पर कार्यवाही भी हो रही है। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी मामले सामने आये हैं उनमे आरोपी सलाखों के पीछे हैं।

## एक नजर

### नैनीताल की घटना के दोषियों को सख्त सजा हो: अरमान खान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** नैनीताल में हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना पर कांग्रेस के महानगर सचिव अरमान खान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना को समाज की एकता और सौहार्द पर सीधा हमला बताया है। अरमान खान ने प्रशासन से मांग की है कि इस अमानवीय कृत्य में शामिल दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि माहौल को बिगाड़ने की साजिश रचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में दोबारा न हो सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और शांति बनाए रखें। अरमान खान ने कहा हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। समाज की स्थिरता और शांति बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

### महिलाओं को दुग्ध उत्पाद का प्रशिक्षण

**पन्तनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वित्तीय सहयोग से कृषि संचार विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र, काशीपुर द्वारा 'दुग्ध उत्पाद निर्माण एवं विपणन' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय महिलाओं को मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों के निर्माण की तकनीकी जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और उद्यमशील बनाना था। प्रशिक्षण में डा. सुभाष चंद्र, डा. एसके कश्यप, डा. वीएलवी कामेश्वरी और डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल ने महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। डा. सुनील कुमार और डा. अनीता आर्य ने पशुपालन और मडुए से बने उत्पादों पर व्याख्यान दिए।

### 21 जून को होगा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बागेश्वर।** जनपद में 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम वन अर्थ, वन हेल्थ है, जिसे प्रधानमंत्री ने साझा किया है। जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. निष्ठा शर्मा कोहली ने बताया कि योग दिवस के पूर्व 4 से 7 मई तक सरयू घाट स्थित बागनाथ मंदिर से योग की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी, जिसमें योग ब्रांड एंबेसडर दिलराज प्रीत कौर योग सत्र संचालित करेंगी। इसके अलावा, 10 मई को बद्री दत्त पांडे परिसर में मानव श्रृंखला, 5 जून को हरित योग कार्यक्रम और 13-14 जून को पुलिस विभाग के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 20 जून को सरयू गंगा आरती के साथ योग कार्यक्रम भी होगा। मुख्य आयोजन 21 जून को बागनाथ मंदिर, केदारेश्वर मैदान कपकोट, कालिका मंदिर कांडा, बैजनाथ मंदिर गरुड़, और अनशक्ति आश्रम कौसानी में होंगे। डा. शर्मा ने सभी से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने और योग के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने का आग्रह किया है। साथ ही, उन्होंने योग ब्रेक और 'नमस्ते योग' ऐप डाउनलोड करने का आह्वान भी किया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की पहल पर महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत मेरा सपना-मेरा लक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज धैना की 30 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, महिला अधिकारियों ने छात्राओं के साथ संवाद किया, अपने अनुभव साझा किए और प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्राओं ने विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण किया, जिससे उन्हें सरकारी कार्यप्रणाली को समझने का मौका मिला। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने छात्राओं को अपने रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी और समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने भी छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कई महिला अधिकारी और छात्राएं उपस्थित रहीं।

### पूर्व विधायक ने बांटे मुख्यमन्त्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त चेक

**काशीपुर।** पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने लाभान्वितों को मुख्यमन्त्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त कुल 1,19,000 रुपये के सात चैकों का वितरण किया। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा की अनुपस्थिति में श्री चीमा ने चेक वितरित करते हुए बताया कि इन लाभान्वितों में मधु निवासी कटरामालियान को 11 हजार, सुनील कुमार निवासी ग्राम खरमासी को 11 हजार, शाहिद हुसैन निवासी थाना साबिक को 11 हजार, मीना देवी निवासी ओमविहार को 11 हजार रुपये के चैक उनकी पुत्रियों की शादी मद में तथा मंजू गिहार निवासी महेशपुरा को 25 हजार, कमला देवी निवासी खड़कपुर देवीपुरा को 25 हजार, सुनीता वर्मा निवासी पुराना आवास विकास को 25 हजार रुपये के चैक आजीविका मद में दिए गए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि जरूरतमंद परिवार को आर्थिक तंगी के समय जो भी राशि मिल जाए उससे उसको थोड़ा सहारा जरूर मिलता है। ऐसे लोगों को सरकार के स्तर से मिलने वाली हरसम्भव सहायता दिलाए जाने हेतु विधायक त्रिलोक सिंह चीमा का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग

## छापेमारी में मिलीं अनियमितताएं, रेट लिस्ट तक नहीं लगी थी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिले भर में शराब की अधिकृत दुकानों पर आकस्मिक छापे मार कर ओवर रेट व अनियमितताओं की जांच की गई। इस दौरान काशीपुर और जसपुर में शराब की दुकानों पर ओवर रेट लिए जाने के साथ ही कई अनियमितताएं उजागर हुई जिसकी रिपोर्ट जिला आबकारी अधिकारी को दे दी गई है।



आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिले की अधिकृत शराब की दुकानों में छापेमारी के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई, इन टीमों ने गोपनीय तरीके से दुकानों से शराब की खरीदारी करवाई। आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह के नेतृत्व में जसपुर पहुंची आबकारी विभाग की टीम ने करीब एक दर्जन दुकानों पर आकस्मिक छापे मारे। इस दौरान टीम ने गोपनीय तरीके से स्थानीय लोगों के माध्यम से शराब की खरीदारी करवाई। इसी दौरान धर्मपुर चौराहे की अंग्रेजी शराब की दुकान पर ओवर रेट लिए जाने का मामला सामने आया। टीम ने दुकान का निरीक्षण किया तो अन्य भी कई अनियमितताएं देखने को मिली। आबकारी विभाग की टीम ने जसपुर क्षेत्र की 11 अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों की चेकिंग की तो कई दुकानों पर घोर अनियमितताएं और मनमानी देखने को मिली। कहीं पर निरीक्षण पंजिका गायब थी तो कहीं दुकानों के बाहर रेट लिस्ट नहीं लगी थी। कई दुकानों पर पुरानी रेट लिस्ट चस्पा थी जिस पर पूर्व में रहे आबकारी निरीक्षक का मोबाइल नंबर अंकित था। पूरा ब्यौरा तैयार कर जिला आबकारी अधिकारी को भेज दिया गया है। रामनगर में तैनात आबकारी निरीक्षक उमेश पाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग की एक टीम में काशीपुर क्षेत्र की अधिकृत शराब दुकानों पर छापेमारी की इस दौरान कई दुकानों पर गोपनीय खरीदारी करवाकर ओवर रेट के मामले पकड़े और कई दुकानों पर अनियमिताएं पकड़ी। इस मामले में जानकारी मांगने पर टीम में शामिल आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया, इतना ही कहा कि रिपोर्ट जिला आबकारी को भेज दी गई है।

### एसडीएम ने किया दो फ्लोर मिलों का निरीक्षण

**काशीपुर।** एसडीएम ने टीम के साथ महुआखेड़ागंज में दो फ्लोर मिलों का निरीक्षण किया। साथ ही सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त भी कराया। शुक्रवार सायं एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदौला ने टीम के साथ महुआखेड़ा गंज में दो फ्लोर मिलों में स्टॉक व अभिलेखों की जांच की गई। टीम ने मोहल्ला गंज में डेढ़ एकड़ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। यहां डेढ़ एकड़ जमीन बंजर के रूप में दर्ज थी। जिस पर विभिन्न लोगों ने कब्जा कर रखा था और खेती में उपयोग कर रहे थे। टीम ने निशानदेही कर पिलर. बंदी करके जमीन नगर पालिका महुआखेड़ा गंज की सुपुर्दगी में करा दी। इस दौरान राजस्व उप निरीक्षक दौलत सिंह, मनीष कुमार, मंडी सचिव आशा गोस्वामी, मंडी निरीक्षक नवनीत कुमार, बीज प्रमाणिक अधिकारी अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निक में बीआईएस के तहत प्रशिक्षण व प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** राजकीय पॉलिटेक्निक जैंती, जिला अल्मोड़ा में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) देहरादून के तत्वावधान में स्टैंडर्ड क्लब मेंबर्स के लिए एक प्रशिक्षण सत्र और स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और अन्य प्रतिभागियों को भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन नितिका बिष्ट अग्रवाल ने बीआइएस की भूमिका और आईएसआई मार्क की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आईएसआई मार्क गुणवत्ता की पहचान है और उपभोक्ताओं को इसे देखकर ही उत्पाद खरीदने चाहिए।



स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता में हर्षित जोशी, यश जोशी, सूरज पांडेय और नीरज सिंह नेगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विजेता घोषित किए गए। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. अंजलि पंत ने किया, जबकि कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजय कुमार, मुकेश कुमार पांडेय, सोनी भट्ट, मोहम्मद यूसुफ सहित संस्था का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मालरोड में निकाला जुलूस सरकार का फूंका पुतला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के युवाओं के साथ मिलकर नगर की मालरोड में जुलूस निकाला। राज्य में हो रहे दुष्कर्म मामलों से संबंधित आरोपी को जल्द सजा देने की मांग उठाई। इस दौरान युवाओं ने मालरोड में सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। दुष्कर्म मामलों से संबंधित सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग उठाई। मौके पर गोपाल भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार एक ओर दुष्कर्म मामले में सख्त सजा की बात करती है, वही दूसरी ओर अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े आरोपी खुले में घुम रहे है। कहा भाजपा इस तरह के दोहरे मापदंड अपनाना बंद करें। युवाओं ने कहा कि डबल इंजन की सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए पूरे प्रदेश का माहौल खराब कर रही है। सनातनियों के नाम पर गुंडागर्दी की जा रही है। कहा कि मणिपुर में महिलाओं और बच्चों का उत्पीड़न हो रहा है। लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मौके पर प्रदीप बिष्ट, गोकुल खनी, सूरज वाणी, दीपा जोशी, आशीष भारती, सिद्धार्थ माहरा, प्रदीप मेहता, इशांत कुमार, प्रतिश कुमार, गोविंद प्रसाद, विक्रम चौहान, मनोज माहरा, कमल मेहता, जगदीश तिवारी, नीरज डंगवाल संतोष कुमार, विश्वास टम्टा, शिवम पंत, रोहित भट्ट, उज्ज्वल जोशी, निशा आर्या, भरत माहरा, सुधांशु रौतेला, गोलू सतवाल, अमित बिष्ट, देव मिश्रा, लोकेश सुप्याल, गौरव जोशी मौजूद रहे।

# सांकेतिक बोर्ड तोड़े, कालिख पोती

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** ग्रामसभा कमोला क्षेत्र में ग्रामसभा भीमपुरी को जाने वाले मार्ग में लगे सांकेतिक बोर्डों को किन्ही

### भीमपुरी के ग्रामीण आक्रोशित



अज्ञात लोगों के द्वारा कभी तोड़ दिया जा रहा है तो कभी उनपर कालिख पोत दी जा रही है, यह हरकत कौन कर रहा है, इसकी फिलहाल किसी को जानकारी नहीं है। जिस बात को लेकर ग्रामसभा भीमपुरी के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। यहां पर स्कूल, लोनिवि एवं परिवहन विभाग के सांकेतिक बोर्ड लगे हुए हैं, कुछ समय पूर्व इन बोर्डों को तोड़ दिया गया था, जबकि शुक्रवार की रात्रि इन बोर्डों पर कालिख पोत दी गई, और आपत्तिजनक चित्र भी बना दिए गए। ग्रामीणों ने जब यह बोर्ड देखे तो गांव में फिर से आक्रोश फैल गया। तमाम ग्रामीण प्रधान प्रशासक अनिल चन्याल एवं जगदीश चंद्र के नेतृत्व में भीमपुरी गांव को जाने वाले मार्ग को घेरकर बैठ गए, और बोर्डों पर कालिख पोतने, बोर्ड तोड़ने वालों को पकड़ने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची कालाढूंगी पुलिस ने बमुश्किल ग्रामीणों को समझाया और आरोपियों की तलाश कर उन्हें शीघ्र पकड़ने का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीण माने। ग्रामीणों ने थाने में मामले की लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। इधर थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस दौरान निवर्तमान ग्राम प्रधान अनिल चान्याल, जगदीश आर्य, आनंद कुमार, अरविन्द कुमार, दीपक, सूरज समेत दर्जनों महिलाओ के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सड़क कार्य में ढिलाई न बरती जाए: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बैजनाथ-ग्वालदम सड़क मार्ग की खराब स्थिति पर कड़ा संज्ञान लेते हुए बीआरओ गौचर के अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण मार्ग को एक सप्ताह के भीतर गड्ढा मुक्त बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। यह निर्देश शनिवार को बीआरओ अधिकारी कैप्टन सीके बेहरा के साथ हुई मुलाकात के दौरान दिए गए। शनिवार को बीआरओ गौचर के अधिकारी कैप्टन सीके बेहरा ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनके अधीन आने वाले बैजनाथ-ग्वालदम सड़क मार्ग की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया था। इस दौरान जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि यह मार्ग कुमाऊं व गढ़वाल क्षेत्रों को आपस में जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इसलिए, लोगों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए इस पर पैच वर्क सहित आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करते हुए इसे आगामी एक सप्ताह के भीतर हर हाल में गड्ढा मुक्त किया जाए। जिलाधिकारी भटगांई ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करना शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, क्योंकि सड़कों की अच्छी हालत सीधे तौर पर जनता के जीवन और सुविधा को प्रभावित करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दो चोर दबोचे, तीन बाइकें बरामद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर काशीपुर कोतवाली पुलिस ने तीन बाइकें बरामद करने में सफलता



हासिल की। मौहल्ला कानूनगोयान निवासी अनमोल शर्मा पुत्र राकेश शर्मा ने कटोराताल पुलिस चौकी में बीती 1 मई को तहरीर देकर बताया कि श्याम मॉडर्न पब्लिक स्कूल के समीप स्थित उसके घर के बाहर से उसकी हीरो स्पलेंडर बाइक संख्या यूके18-एन-9231 तड़के चोरी हो गयी। कोतवाली काशीपुर में धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक गिरीश चन्द्र के सुपुर्द की गई। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा छानबीन के दौरान 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक करते हुए मुखबिर की सूचना पर ईदगाह के पास से रितेश कुमार उर्फ निक्का तथा विशाल दिवाकर उर्फ कालू पुत्र रघुवीर दिवाकर निवासी सैनिक कालोनी पशुपति विहार काशीपुर को चोरी की तीन संबंधित बाइकों के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान निक्का और कालू द्वारा दो बाइक थाना आईटीआई क्षेत्र से चोरी किया जाना बताया गया, इस संबंध में थाना आईटीआई में भी मुकदमा दर्ज होना पाया गया। चोरी की बाइक बरामद होने पर उक्त मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा, कटोराताल पुलिस चौकी प्रभारी विपुल जोशी, उपनिरीक्षक गिरीश चन्द्र, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश बोरा, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, महेन्द्र सिंह और विजय गोस्वामी थे।

### ओलावृष्टि ने बागवानी को पहुंचाया नुकसान

**बागेश्वर।** जिले में मौसम ने एक दिन बाद फिर करवट बदली है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद लोगों के चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि जिले कई ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की ओलावृष्टि से संतरा, नींबू, काफल, माल्टा, आम आदि बागवानी को नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। बारिश के बाद जंगलों में आग लगने की भी कुछ दिनों तक संभावना नहीं है। जिला मुख्यालय में शाम साढ़े तीन बजे बारिश शुरू हुई हल्की बारिश से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दुगनाकुरी तहसील के गई गांवों में बारिश के साथ हुई हल्की ओलावृष्टि से बागवानी और फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि इस बार ओलावृष्टि से पहले फसल अब फलों को भी नुकसान पहुंच रहा हैं।

# मासूम से दुष्कर्म पर आक्रोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नैनीताल में 12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की हृदय विदारक घटना के विरोध में आज हेल्पिंग हैंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा

### तेजी से बदलती डेमोग्राफी पर ध्यान दे प्रशासन: विशाल शर्मा



जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व ट्रस्ट के डायरेक्टर शशि सिंह और विशाल शर्मा ने किया। रैली के समापन पर सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पीड़िता को उचित चिकित्सीय सुविधा, आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। ट्रस्ट ने इस वीभत्स अपराध को मानवता पर कलंक बताया। ट्रस्ट के डायरेक्टर विशाल शर्मा ने इस अपराध को मृत्यु के बराबर अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह नैनीताल की डेमोग्राफी में बदलाव आ रहा है, उसमें शासन और प्रशासन की लापरवाही साफ झलकती है। विशाल शर्मा ने कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और पर्यटन सीजन में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य प्रभारी विनोद पाठक, विजय तिवारी, ममता रुवाली, माला आर्य, पूजा रावत, कविता आर्य, ज्योति उपस्थित रहे।

### कार और बाइक की टक्कर में दो घायल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर में एक बेकाबू कार और बाइक की टक्कर मारी दी। जिससे बाइक सवार दो व्यक्ति खाई में गिर गए। सूचना पर पुलिस ने घायलों को खाई से निकाल अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने घालयों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रानीखेत मार्ग के पास एक बेकाबू कार चालक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार शिव सिंह और बलवंत से खाई में जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच घायलों को खाई से रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों की हौसला अफजाई

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 की राज्य स्तरीय श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने

### जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने पुरस्कृत किया



वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में शनिवार को जिला कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में हाईस्कूल के 27 और इंटरमीडिएट के 6 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सभी सम्मानित बच्चों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की उत्कृष्ट उपलब्धि से पूरे जनपद का नाम रोशन हुआ है। जिलाधिकारी ने मेधावी विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया, उनकी जिज्ञासाओं भरे प्रश्नों के धैर्यपूर्वक उत्तर दिए और उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की। बच्चों को प्रेरित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में कई चुनौतियां आएंगी, जिनसे पार पाने के लिए एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने जीवन में तटस्थ भाव, स्ट्रांग विल पावर और दृढ़ता के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सकारात्मक सोच रखते हुए अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर कार्य करने की सलाह दी और जीवन में आने वाले परिवर्तनों से न घबराने, बल्कि उन्हें सहर्ष स्वीकार करने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी विषयवस्तु को केवल रटने के बजाय उसकी गहराई को समझने पर बल देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने भी सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह समय प्रतिस्पर्धा का है और हमें इस प्रतिस्पर्धा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हम जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ें, उस क्षेत्र की आधारभूत जानकारी और समझ होना अत्यंत आवश्यक है। सम्मान समारोह में मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी शीमा भेतवाल सहित सम्मानित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक और शिक्षकगण मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना: महापौर ने 191 लाभार्थियों को किस्त की धनराशि खातों में हस्तांतरित की

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आज महापौर दीपक वाली द्वारा नगर निगम सभागार में 191 लाभार्थियों को उनकी किस्त की धनराशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ना केवल सरकारी योजनाओं की सफलता का प्रमाण है, बल्कि आमजन को मजबूत और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस योजना के माध्यम से शहरी गरीबों को पक्की छत देने का सपना साकार किया जा रहा है, और यह वितरण



कार्यक्रम उसी संकल्प की दिशा में एक सशक्त प्रयास साबित हुआ है। मार्च माह में मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना के अंतर्गत तीन करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जिसके माध्यम से 402 लाभार्थियों को लगभग दो करोड़ रुपये की राशि दी गई थी। अब इस वितरण कार्यक्रम के तहत शेष 191 लाभार्थियों को कुल एक करोड़ 100 रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित की गई है। साथ ही यह जानकारी भी दी गई कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना को प्रभावी बनाए रखने के लिए शासन को 1.50 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि की मांग हेतु पत्र भेजा जा चुका है, जिसकी स्वीकृति आगामी सप्ताह में मिलने की संभावना है। इससे उन आवेदकों को भी लाभ मिलेगा जो अब तक वंचित रह गए हैं। महापौर की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि योजना का उद्देश्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना है। कार्यक्रम में पार्षद अनिल कुमार, वैशाली गुप्ता, सीमा सागर, अनीता कंबोज, प्रिंस बाली, राशिद फारुकी, शाह आलम और इस योजना को नगर निगम में देख रहे तनवीर आलम भी मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में जिलाधिकारी ने किया निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पेस अकादमी की ओर से कोचिंग का शुभारंभ किया गया। नगर के उदय शंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में डीएम आलोक कुमार पांडे ने निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया। शाम करीब 05 बजे तक चले कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल जनपद के स्कूली विद्यार्थियों के भविष्य को सुनहरा बनाने के उद्देश्य से की गई है। कहा कि बच्चे इस निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बच्चों को इस कोचिंग के प्रति प्रोत्साहित करने, जिससे कि वे अपने भविष्य को और अधिक अच्छा बना सके। पेस अकादमी के पहल की सराहना की। वहीं, डीएम ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता के तहत शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलाई। यहां सीडीओ दिवेश शाशनी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रानीखेत राहुल आनंद, सीईओ अत्रेय सयाना, पेस संस्था के निदेशक गौरव बसरानी समेत अधिकारी मौजूद रहे।



### घर-घर जाकर राशनकार्डों का सत्यापन

**काशीपुर।** राजस्व एवं खाद्य पूर्ति विभाग की विभाग की संयुक्त टीम ने महुआखेड़ागंज में राशन कार्ड का घर-घर जाकर सत्यापन किया। इस दौरान 163 राशन कार्ड का सत्यापन किया गया। जिसमें 15 राशन कार्ड निरस्त किए गए। शुक्रवार को राजस्व विभाग व खाद्य पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने महुआखेड़ागंज में राशन कार्डों का चेकिंग अभियान चलाया। टीम के द्वारा 163 राशन कार्ड धारकों का सत्यापन किया गया। जहां तीन अंत्योदय कार्ड, 12 बीपीएल राशन कार्ड नियम विरुद्ध पाए गए। जिन्हें टीम निरस्त कर दिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी किरन कम्बोज पत्नी स्व. सदीप कम्बोज निवासी ग्राम विजयपुर धमोला तहसील कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं. 3 में स्थित जिसके पूरब में सड़क, पश्चिम में सड़क, उत्तर में भवन व दक्षिण में नाला स्थित है। जो नगर पालिका के गृहकर अभिलेखों में दीवान चन्द्र कम्बोज पुत्र केशर चन्द्र निवासी ग्राम विजयपुर धमोला के नाम दर्ज है। जिसका गृहकर प्रार्थिनी किरन कम्बोज पत्नी स्व. संदीप कम्बोज द्वारा अपने नाम व श्रवण कुमार सुभाष कम्बोज, अविनाश कम्बोज, कैलाश कम्बोज पुत्रगण दीवान चन्द्र कम्बोज व पौत्र सक्षम कम्बोज के नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अनापत्ति पत्र अभिलेख प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त अभिलेखों के अनुसार उक्त भवन का गृहकर प्रार्थिनी किरन कम्बोज पत्नि स्व. संदीप कम्बोज व श्रवण कुमार, सुभाष कम्बोज, अविनाश कम्बोज, कैलाश कम्बोज पुत्रगण दीवान चन्द्र कम्बोज व पौत्र सक्षम कम्बोज के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वत: ही समाप्त हो जायेगा। **नोट**- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# किसान की आंखों के सामने राख हो गई पूरी गृहस्थी

## भैंस को बचाते समय आग में झुलसा किसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोरापड़ाव स्थित हैड़ागज्जर क्षेत्र में शनिवार को एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई, जिससे एक किसान की पूरी गृहस्थी उसकी आंखों के सामने जलकर राख हो गई। घटना के समय घर पर केवल बच्चे मौजूद थे, जो झोपड़ी को जलते हुए देख रोते रह गए।



झोपड़ी के पास बंधी एक भैंस भी आग की लपटों में घिर गई थी, जिसे एक किसान ने जान पर खेलकर बचाया, लेकिन इस दौरान वह खुद भी झुलस गया। शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश निवासी श्रीराम अपने परिवार के साथ हैड़ागज्जर में झोपड़ी बनाकर रहते हैं और ललित पाठक के खेतों को ठेके पर लेकर खेती करते हैं। शनिवार को श्रीराम ट्रैक्टर लेकर गौला नदी गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी बहू को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले गई थीं। घर में उस वक्त केवल बच्चे थे। सुबह करीब 11 बजे श्रीराम को फोन पर झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली। वह दौड़कर घर पहुंचे, तो देखा कि झोपड़ी पूरी तरह आग की लपटों में घिरी हुई थी और बच्चे बाहर खड़े होकर रो रहे थे। वहीं, पास में खूंटे से बंधी भैंस आग में फंसी चीख रही थी। श्रीराम ने साहस दिखाते हुए किसी तरह भैंस को बाहर निकाला, लेकिन वह खुद झुलस गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। श्रीराम के अनुसार आग में सोने के आभूषण 12 क्विंटल गेहूं, सात कट्टे धान, 25 हजार रुपये की नकदी, वॉशिंग मशीन, कपड़े, राशन, बच्चों की किताबें, कूलर और फ्रिज सब कुछ जल गया। दमकल अधिकारी एफएसओ एमपी सिंह ने बताया कि आग पर एक घंटे की मेहनत के बाद काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

## नैनीताल की घटना समाज के लिए कलंक: कंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने नैनीताल में नाबालिग से हुई दुष्कर्म की घटना की



कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के आरा. पी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने इस घटना को समाज के लिए कलंक बताया। उन्होंने कहा कि समाज को कलंकित करने वाले ऐसे लोग समाज का माहौल खराब करते हैं, ऐसे में ऐसे लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने कहा कि इस तरह के अमानवीय कृत्यों पर अंकुश लगना चाहिए जिसके लिए राज्य महिला आयोग, उत्तराखंड सरकार और पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता है कि ऐसे कुकृत्य करने वालों को सबक सिखाने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए।

# समय पर पूरे हों विकास कार्य: भट्ट

## दिशा की बैठक में सांसद ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्थित सर्किट हाउस में शनिवार को सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विभागों के निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने लोक निर्माण, जल संस्थान, विद्युत, सिंचाई, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभागों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद भट्ट ने जल जीवन मिशन की अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने, गौला नदी में हुए नुकसान की मरम्मत, और एनएचएआई द्वारा तीनपानी में बनाए गए फ्लाईओवर में अंडरपास न बनने से हो रही समस्याओं के समाधान हेतु निर्देश जारी किए। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब निर्माण में देरी पर मंडी परिषद के अधिका. रियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और मंडी परिषद के महाप्र. बंधक की जांच के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजने के निर्देश दिए। बैठक में उरेडा को सीएसआर फंड से प्राप्त सोलर लाइटें शीघ्र लगाने, जल संस्थान को गर्मियों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, तथा चोरगलिया क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश भी दिए गए। सांसद ने बिंदुखत्ता, देवखड़ी और राकासिया नालों में मानसून से पहले सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विधायक मोहन सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा, राज्य मंत्री शांति मेहरा, जिला. धिकारी वंदना, सीडीओ अशोक पांडे समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिक. ारी उपस्थित रहे।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई

### बुद्ध पार्क में हुआ विरोध प्रदर्शन



की मांग को लेकर पूर्व राज्य मंत्री हरीश पनेरु के नेतृत्व में बुद्धपार्क में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की जल्द सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने की मांग की। पनेरु ने इस घटना के लिए पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि देवभूमि कहलाने वाले नैनीताल की शांत वादियों में इस तरह की घटना से अशांति फैली है, जिसके लिए व्यवस्था भी कहीं न कहीं दोषी है। उन्होंने कहा, नैनीताल के व्यवसायियों का कारोबार इस एक घटना से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आए दिन असामाजिक तत्व सीधे-साधे लोगों को धमका रहे हैं, लेकिन पुलिस अब तक ऐसे अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। उन्होंने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जिले में शीघ्र ही शांति स्थापित नहीं हुई, तो वह नैनीताल पुलिस के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे। धरना प्रदर्शन करने वालो में पहाड़ी आर्मी के हरीश रावत, नारायण सिंह बर्गली, प्रबल दरम्वाल, नवीन आर्य, बद्री सिंह बर्गली, राकेश नैनवाल, शुभम लटवाल, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, राजेंद्र कांडपाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फड़-फेरी वालों को पहचान पत्र लगाना अनिवार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में फड़-फेरी व्यवसाय करने वाले सभी व्यवसायियों को नगर निगम द्वारा निर्देशित किया गया है कि वे अपने फेरी पहचान पत्र (वेंडिंग कार्ड) की फोटो कॉपी को अपने फड़ अथवा ठेले पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन व्यवसायियों के पास अभी तक फेरी पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है, वे नगर निगम से जारी ट्रेड लाइसेंस की प्रति अपने फड़ या ठेले पर लगाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश व्यवसाय की पारदर्शिता बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त, नगर निगम सीमा के अंतर्गत स्थायी रूप से व्यवसाय कर रहे सभी व्यापारियों को भी ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य रूप से प्राप्त करने और उसकी प्रति को अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान के डिस्प्ले बोर्ड या काउंटर पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने यह कदम शासन द्वारा निर्धारित व्यापार नियमों के पालन और क्षेत्र में व्यवस्थित व्यवसाय संच. ालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। नगर निगम ने सभी व्यवसायियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

# वार्ड 58 की खन्ना फार्म कॉलोनी में सड़क की समस्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिछले लंबे समय से सड़क की दिक्कतों को लेकर शनिवार को तल्ली हल्द्वानी डी-क्लास खन्ना फार्म



निवासियों ने वार्ड-58 पार्षद मनोज जोशी से मुलाकात करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रीय पार्षद मनोज जोशी को सौंपे गए ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे उन्हें विशेषकर बरसात के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और कामकाजी लोगों को रोजाना मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा पिछले लंबे समय से सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। पार्षद मनोज जोशी ने कॉलोनीवासियों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे को नगर निगम महापौर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात करते हुए उनके समक्ष इस मांग को रखा जायेगा और शीघ्र ही क्षेत्र की सड़क का निर्माण कराया जायेगा। पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि मेयर से भी इस समस्याओं को लेकर वार्ता की गई जिसपर मेयर ने भी समस्या के शीघ्र समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया है। इस दौरान राजेन्द्र साहू, प्रिया साहू, रामकिशोर पाल, कल्लू साहू, शिवांनी साहू आदि मौजूद रहे।

# लिटिल फ्लावर स्कूल में नेत्र जांच शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लिटिल फ्लावर स्कूल में आई क्यू सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के



साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। शिविर में बाल नेत्र चिकित्सा के साथ-साथ ग्लूकोमा, स्क्विंट (भेंगापन), कॉर्निया और रेटिना संबंधी समस्याओं की विस्तृत जांच की गई। नेत्र परीक्षण शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। इस दौरान डा. अंजली कुशवाहा, अशोक सिंह राणा, सीनियर फार्मासिस्ट बालम सिंह नेगी, और आई क्यू हॉस्पिटल के शाखा प्रबंधक द्वारा लगभग 220 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपनी आंखों की जांच करवाई। इस स्वास्थ्य पहल को लेकर सभी में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या शांति जीना ने आई क्यू हॉस्पिटल की टीम का आभार व्यक्त किया और इस तरह के स्वास्थ्य शि. विरों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आम्रपाली विश्वविद्यालय ने यूवीपी फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्टार्टअप

### आम्रपाली में स्टार्टअप जेनेसिस 2025 का आयोजन

कॉन्क्लेव स्टार्टअप जेनेसिस 2025 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने नवाचार, उद्यमिता और समस्याओं के समाधान पर जोर दिया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और नवाचार से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव के पहले दिन व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिसमें विचार उत्पत्ति और



व्यावसायिक सत्यापन उपकरणों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन सत्रों ने प्रतिभागियों के लिए नवाचारी सोच और स्टार्टअप की योजना की नींव रखी। आईआईएसडी सेल के निद. ेशक प्रो.आलोक सक्सेना ने युवाओं द्वारा संचालित नवाचार की आवश्यकता को रेखांकित किया। कुलपति प्रो. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने आम्रपाली विवि की युवा उद्यमियों की आकांक्षाओं को पोषित करने वाले मजबूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की प्रतिबद्धता को उजागर किया। उद्घाटन में प्रो. आलोक सक्सेना और कुलपति प्रो. नरेंद्र सिंह बिष्ट ने नवाचार के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डा. नलिन कुमार श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि साजिद रज़ा ने स्टार्टअप सहयोग के लिए सरकारी सहायता की जानकारी दी। दूसरे दिन 70 टीमों ने विविध क्षेत्रों में अपने स्टार्टअप विचार प्रस्तुत किए, जिनमें से 31 टीमों ने अंतिम राउंड में स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र में नवाचार से भरपूर विचारों के लिए प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए गौरव बिष्ट, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार माधव शंकधर एवं तृतीय पुरस्कार 3 हजार हर्ष सिंह को दिया गया। साथ ही उन्हें इनक्यूबेशन सहायता भी प्रदान की गई। शीर्ष 12 टीमों को विशेष इन्क्यूबेशन का अवसर मिला। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव नरेन्द्र ढींगरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. संजय ढींगरा, बिन्दु चावला, कुलपति डा. नरेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रतिकुलपति प्रो. डा. एसके सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को कैंप कार्यालय में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता पहुंचे। मौके पर आयुक्त व मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत स्वयं पहुंचे और जन समस्याएं सुनकर कई मामलों में तत्काल समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में हल्द्वानी की भगीरथी जोशी से 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया। जांच में पता चला कि इसमें एक चार्टर्ड अकाउंटेंट, बैंक मैनेजर और गाजियाबाद की 'फाइनेंस केयर' कंपनी के अधिकारी शामिल हैं। महिला की संपत्ति को फर्जी तरीके से करोड़ों में बेच दिया गया। आयुक्त ने सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाने और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, चंदन डायग्नोसिस भवन में पत्रकारों के लिफ्ट में फंसने की घटना पर आयुक्त ने भवन स्वामी से जवाब तलब किया और सभी लिफ्टयुक्त भवनों की तकनीकी जांच के आदेश दिए। राष्ट्रीय खेलों में वॉलिंटियर के रूप में काम कर चुके 70 लोगों को भुगतान न मिलने पर भी आयुक्त ने संबंधित फर्म पर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। एक भूमि विवाद में चाय बागान की लीज खत्म होने के बावजूद भवन निर्माण की अनुमति न मिलने पर आयुक्त ने मामले की जांच कर धन वापसी का आश्वासन दिया। शहर में खाद्य पदार्थों में मिलावट और सड़कों पर ठेलों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश भी दिए गए।

# टेलीग्राम के जरिए ठगी, युवक से 34.50 लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने एक युवक को अमेरिकी कंपनी के नाम पर लाखों की चपत लगा दी। ठगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिए युवक को 'ऑनलाइन बिजनेस' से जोड़ते हुए निवेश करने के लिए प्रेरित किया। पहले तो उसे मुनाफा मिला, लेकिन जैसे-जैसे निवेश बढ़ा, अंत में ठग बड़ी रकम लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दंबानगर नवाबी रोड भोटियापड़ाव निवासी पवन सिंह नेगी ने बताया कि यह ठगी मई 2024 में शुरू हुई थी। पवन ने एसएसपी को दी गई शिकायत में कहा कि 3 मई को उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन बिजनेस का प्रस्ताव दिया गया। खुद को रेशमा नायर बताने वाली महिला ने उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा और एक अमेरिकी कंपनी के बारे में बताया। शुरुआत में 10,000 रुपये निवेश करने पर उन्हें 13,500 रुपये वापस मिले। फिर 30,000 रुपये लगाने पर 36,454 रुपये लौटाए गए। मुनाफा देखकर पवन ने धीरे-धीरे निवेश बढ़ा दिया। इस तरह वह कुल 15.6 लाख रुपये तक लगा चुके थे। जब उन्होंने जमा धन वापस मांगा, तो उन्हें बताया गया कि उनका क्रेडिट स्कोर कम हो गया है और उसे सुधारने के लिए 80,000 रुपये और देने होंगे। इसके बाद वीआईपी चौनल शुल्क के नाम पर 9,41,137 रुपये और मांगे गए। ठगों ने उन्हें तीन लाख रुपये मदद का झांसा भी दिया और बाकी रकम खुद जमा करने को कहा। पवन ने भरोसा कर सारी रकम दी, लेकिन फिर बीमा शुल्क की मांग की जाने लगी। तब जाकर उन्हें समझ में आया कि वे ठगी का शिकार हो चुके हैं। इस तरह वह कुल 34.50 लाख रुपये गंवा चुके थे। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और साइबर पुलिस जांच में जुट गई है।

# स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजेंद्र नगर वार्ड नंबर-12 में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे बिजली विभाग की टीम को स्थानीय लोगों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब स्थानीय निवासियों की सूचना पर युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू मौके पर पहुंचे और सख्त आपत्ति जताते हुए टीम को



कार्यस्थल से वापस लौटा दिया। साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में अपने जन्मदिन पर 100 यूनिट तक बिजली पर सब्सिडी देने की घोषणा की थी, लेकिन स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद यह लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह योजना गरीब उपभोक्ताओं के साथ धोखा साबित हो सकती है। इस मौके पर वार्ड की पार्षद प्रीति आर्या और पार्षद धर्मवीर ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से पहले जनप्रतिनिधियों और आम जनता को पूरी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर के फायदे और नुकसान को लेकर पारदर्शिता बरती जाए, अन्यथा जनता में भ्रम और विरा. ेध की स्थिति बनी रहेगी। स्थानीय विरोध को देखते हुए स्मार्ट मीटर लगाने आई टीम कुछ घरों में मीटर लगाकर बीच में ही कार्य रोकने को विवश हो गई।

# गौलापार में पाकिस्तान का पुतला दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को भारत में भेजकर निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के विरोध में शनिवार को गौलापार दौलतपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।



इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा देश की सुरक्षा सर्वोपरि है, और जब बात भारत की अखंडता की हो, तो राजनीतिक भेदभाव भुला देना चाहिए। मोदी सरकार जो भी कड़ा निर्णय लेगी, हम उसके साथ हैं। उन्होंने कहा कि देश में आतंक और अपराध के खिलाफ सख्त रुख जरूरी है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि पीओ. के (पाक अधिकृत कश्मीर) में चल रहे आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को मिसाइल से निशाना बनाया जाए और पाकिस्तान को उसी प्रकार सबक सिखाया जाए जैसा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने 1971 में पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांटकर सिखाया था। इसके साथ ही क्वीरा ने नैनीताल में मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के आरोपी उस्मान को फांसी की सजा दिए जाने की भी मांग की। प्रदर्शन करने वालों में ललित रैक्वाल, सुरेंद्र रैक्वाल, सूर्य प्रताप सिंह, मोहित रैक्वाल, हरीश रैक्वाल, हरीश चंद्र, विक्रम बोरा, यशवंत गंगोला, लाखन रैक्वाल, भवान सिंह गंगोला, उमेश पचवाड़ी, हरिश्चंद्र, प्रीतम सिंह, गोविंद बोरा, खुशाल सिंह मटियाली, महेश राम, दीवान सिंह संभल, कुंदन सिंह पचवाड़ी, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेटियों में विकसित करें लीडरशिप: रेखा आर्या

## कैबिनेट मंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को बांटी सिलाई और ब्यूटीशियन किट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी के दमुवाढूंगा स्थित अंबेडकर पार्क सभागार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सिलाई और ब्यूटीशियन किट वितरित की। इस अवसर पर रेखा आर्या ने कहा कि बेटियों में बचपन से ही लीडरशिप क्वालिटी विकसित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अगर हम अपनी बेटियों को बचपन से ही सशक्त बनाएंगे तो वें समाज में सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर पाएंगी। रेखा आर्या ने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब



आधी आबादी का पूरी तरह सशक्तिकरण किया जाए। इस अवसर पर कई महिलाओं ने अपनी जिजीविषा और जीवट भरी कहानी सुनाई कि किस तरह उन्होंने संकट के समय में अपने आप को सशक्त बनाकर परिस्थितियों को बदल दिया। महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि निश्चित रूप से ये महिलाएं पूरे नारी समाज के लिए महिला सशक्तिकरण की आदर्श बनकर उभरी है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को सिलाई और ब्यूटीशियन किट प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जाधारी नवीन वर्मा, अमित कुमार श्रीवास्तव, पार्षद तनुजा जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, सीडीपीओ शिल्पी आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

**अल्मोड़ा।** ग्राम पंचायत खूंट, चाण समेत पास पास के ग्रामीण इलाको की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी है। शनिवार को चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक धरने में डटे रहने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने सड़क पर डामरीकरण, कोसी नदी पर पुल बनाने, जीआईसी खूंट में पानी की व्यवस्था, पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति दर्जा देने की मांग की। यहां राष्ट्रनीति अध्यक्ष विनोद तिवारी, सुरेश तिवारी, पीसी तिवारी, नंदन सिंह, सुंदर सिंह, पूरन गोस्वामी, पूरन बनौला, महेश चंद्र थे।

# ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध करेंगे शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आए दिन नए-नए फरमान जारी कर शिक्षा विभाग को प्रदेश में एक प्रयोगशाला के रूप में स्थापित कर दिया गया है जहां पर पढ़ाई के सिवा अन्य सभी कार्य बहुत जोर-शोर से हो रहे हैं अब ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर फिर से एक नया आदेश जारी हुआ है जिसे लेकर शिक्षको एवं संगठन में उबाल है उनका कहना है कि जब पहले से ही दैनिक रूप से बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थित ऑनलाइन भेजी जा रही है तो ऐसे में फिर से एक नए ऐप के माध्यम से उपस्थित भेजने का क्या औचित्य है? इन कार्यों से बच्चों के पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में जहां पर नेटवर्क के साथ-साथ भौतिक संसाधनों की भी अत्यंत कमी है एक शिक्षक किसी तरीके से विभागीय अतिरिक्त कार्यों के साथ-साथ किसी तरीके से बच्चों को पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं ऐसे में विभागीय अधिकारी बिना सोचे समझे नए-नए आदेश जारी कर रहे हैं जिससे पूरे प्रदेश में नकारात्मक वातावरण बन रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी जिला मंत्री बंशीधर कांडपाल एवं कोषाध्यक्ष नवीन चंद द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरों से तुरंत किस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रशासन ने अवैध मदरसा किया ध्वस्त

- किच्छा के कुरैया गांव में जिलाधिकारी व एसएसपी के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण पर हुई बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** उधम सिंह नगर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन और पुलिस की संयुक्त मुहिम के अंतर्गत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में किच्छा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुरैया में स्थित एक अवैध मदरसे को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कुरैया में खाता संख्या 538, खसरा संख्या 01288 की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से संचालित मदरसा अलजामियातुल हुसैनिया को प्रशासन ने निष्कासन की कार्यवाही करते हुए मौके पर बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने स्पष्ट किया जनहित और शासन की नीति के अनुरूप ही यह कार्रवाई की गई है। कोई भी संस्था या व्यक्ति सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण करेगा, तो नियमानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा जनपद को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कानून व्यवस्था के दायरे में रहकर ही धार्मिक या सामाजिक गति. विधियों को संचालित किया जा सकता है।

## आरएएन किड्स में मची मदर्स डे की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन किड्स के प्रांगण में मदर्स डे बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों निधि राय, सरोज ठाकुर, मेदनी गुप्ता एवं शादाब द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा कर्नाटक ने सभी अतिथियों व मातृगण का स्वागत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी। मातृगण के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसे-डांस, संगीत, पोस्टरकला, मेहंदी, अन्ताक्षरी (मेरी आवाज सुनो) खुलजा सिमसिम आदि। विद्यालय की प्रशासक निधि राय ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा मातृगण को पुरस्कार भी वितरित किए गए। अंत में विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस गरिमा घई ने सभी का धन्यवाद किया।

# पिता-पुत्र हत्याकांड में शामिल हरदीप दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गल्ला मंडी में दुकान के विवाद में पिता पुत्र हत्याकांड में शामिल बिलासपुर के हरदीप सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई के बाद हरदीप को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। आरोपित से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।

ईश्वर कालोनी निवासी गुरमेज सिंह और उनके पुत्र मनप्रीत सिंह की गल्ला मंडी स्थित दुकान को लेकर बीते सोमवार तड़के गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनका दूसरा पुत्र सुरेंद्र सिंह बाल बाल बच गया था। इस मामले में पुलिस ने अवधेश सलूजा और उसका भाई दिनेश सलूजा सहित 15 पर प्राथमिकी पंजीकृत कर आरो. पितों की तलाश शुरू कर दी थी। साथ ही मंगलवार को पुलिस ने हत्या में शामिल मुख्य आरोपित अवधेश सलूजा, दिनेश सलूजा के साथ ही उनके भाई हेमंत सलूजा, हरीश, चरनजीत सलूजा के साथ ही एलाइंस कालोनी निवासी विशाल आनंद पुत्र आनंद कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

हत्या के षड्यंत्र में बिलासपुर निवासी हरदीप और उसके दो अन्य साथियों के भी शामिल होने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने हरदीप सिंह के विरुद्ध कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया था। साथ ही बिलासपुर, रामपुर समेत अन्य संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार को पुलिस ने उसके घर की कुर्की के लिए न्यायालय में आवेदन किया था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने



बताया कि हत्यारोपी हरदीप सिंह के पुलिस को केलाखेड़ा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस टीम केलाखेड़ा पहुंची और घेराबंदी कर हरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उससे डिबडिबा क्षेत्र से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की। शनिवार को हरदीप को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा

# उत्तराखंड में दम तोड़ चुकी कानून व्यवस्था: यशपाल आर्य

- उत्तराखण्ड में कानून के राज्य के बजाय चल रहा अपराधियों का राज्य
- अपराधियों के अंदर से कानून व्यवस्था का डर पूरी तरह से हो गया खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** उत्तराखंड के कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है और अपराधी पूरी तरह से बेखौफ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि उत्तराखण्ड में कानून के राज्य के बजाय अपराधियों का राज्य चल रहा हो। अपराधियों के अंदर से पूरी तरह कानून व्यवस्था का डर खत्म हो गया है। अंकिता भंडारी केस में एक सख्त उदाहरण पेश किया जा सकता था।

भाजपा सरकार में शांत पहाड़ों में भी अब बेटियां सुरक्षित नहीं, नैनीताल में हुए वीभत्स कृत्य उन्होंने कहा कि राज्य, जिसकी पहचान कभी उसकी शांति, संस्कृति और सरल जीवनशैली से होती थी, भाजपा सरकार में शांत पहाड़ों में भी अब बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। नैनीताल में हुआ वीभत्स कृत्य, अंकिता भण्डारी हत्याकांड, लालकुआं में मासूम बच्ची का बलात्कार, किच्छा में चार साल की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या, उत्तरकाशी में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार, बागेश्वर और थराली में नाबा. लिग से दुष्कर्म का प्रयास, देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि बाधिता संस्थान में छात्राओं से छेड़-छाड़ की घटना, हेमा नेगी, पिंकी हत्याकांड,चम्पावत में नाबा. लिग से बलात्कार, मंगलौर में सामूहिक दुष्कर्म, श्रीनगर में युवती से बलात्कार का प्रयास, द्वाराहाट में नाबालिग दलित युवती से बलात्कार, देहरादून में महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म, बहादराबाद में 13 साल की मासूम के साथ सामूहिक बलात्कार के उपरान्त हत्या जैसे अनगिनत कृत्य मानवता को शर्मशार करने वाली और देवभूमि की अस्मित को कलंकित करने वाली घटनाएं हैं।

### राज्य में कानून का राज पूरी तरह से हो चुका समाप्त

उत्तराखंड के कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि लगातार घट रही जघन्य अपराध की इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में कानून का राज पूरी तरह से समाप्त हो चुका है और लचर कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं। एक के बाद एक महिला अपराध की घटनाओं पर रोक लगने की बजाय दिन प्रतिदिन अपराध बढते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है और वे कानून व्यवस्था का खुलेआम मखौल उड़ा रहे हैं।

कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि ऐसा लग रहा है की जंगल राज कायम हो गया है, और चारों तरफ अराजकता ही अराजकता है। सरकारी का तंत्र पूरी तरह फेल है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजाना आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं का नारा देने वाली भाजपा की राज्य सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल में राज्य में बलात्कार, जघन्य हत्याकांड, लूट-पाट, चोरी, डकैती, चेन स्नैचिंग, टप्पेबाजी जैसे जघन्य अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार घट रही इन घटनाओं से गिरती कानून व्यवस्था उजागर होने के साथ-साथ राज्य की अस्मिता पर भी भारी चोट पहुंची है। राज्य की जनता में भय का वातावरण व्याप्त है और आमजन विषेशकर महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# बच्चों पर फायरिंग करने वाले आरोपियों को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी और सीओ सिटी प्रशांत कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली रुद्रपुर मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में रुद्रपुर पुलिस ने रम्पुरा क्षेत्र में बच्चों पर फायरिंग करने वाले चिह्नित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

एसपी सिटी ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को रम्पुरा वार्ड 22 निवासी राकेश पुत्र बनवारी लाल ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते शुरू की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान फायरिंग करने वाले चिह्नित किए और शुक्रवार देर शाम चिह्नित आरोपी अर्जुन पुत्र हरिशंकर और दीपक पुत्र उदल, निवासी वार्ड नंबर 22, वाल्मीकि मंदिर के पास, रम्पुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार कहां से और किससे खरीदा है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार, महेंद्र कुमार, गणेश धानिक, अमित कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## एक नजर

### ईवीएम स्टोर रूम की सुरक्षा व्यवस्था का एडीएम ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में शनिवार को अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) स्टोर रूम का बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टोर रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एवीएम स्टोर रूम की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही हैं।चुनाव से पहले इस प्रकार की तैयारियों से स्पष्ट है कि प्रशासन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क और संकल्पित है। इस मौके पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हंसा दत्त पांडे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फड़, खोखा ठेला व्यवसाइयों का किया सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रशासन, नगर पालिका व पुलिस द्वारा शनिवार को रानीखेत रोड,भवानीगंज आदि क्षेत्र में फड़,खोखा ठेला व्यवसाईयों का सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 26 लोगों का सत्यापन किया गया। इसमें एक व्यक्ति जिले से बाहर का पाया गया। तीन लोगों का पुलिस सत्यापन नहीं होने पर उसको पुलिस के सपुर्द किया गया। पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। खाद्य विभाग द्वारा विभिन्न होटलों से 11 सिलेंडर जब्त किए गए। इस दौरान अभियान में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार रामनगर मनीषा मारकाना, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहम्मद असलम खान आदि मौजूद रहे।



### अपराधों और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर में बढ़ते अपराधों, बढ़ती सड़क दुर्घटना और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर आप के पूर्व नगर अध्यक्ष और समाजसेवी सतपाल सिंह ठुकराल का सांकेतिक धरना गांधी पार्क में दूसरे दिन भी जारी रहा।

उन्होंने प्रशासन से शहर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क दुर्घनाओं में बढ़ी है। दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गवां रहे हैं। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर में नशे का करोबार तेजी से बढ़ रहा है। नशे ने नौजवानों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। उन्होंने प्रशासन से नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग। इस मौके पर महेंद्र सिंह, जितेंद्र, सोना सिंह, गुरविंदर गावा, मंजीत सिंह, गुरविंदर सिंह आदि थे।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष तनेजा का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सितारगंज।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश तनेजा नीटू का शनिवार को निधन हो गया। वह 50 वर्ष के थे। कुछ समय से गम्भीर रोग से ग्रसित थे। इन दिनों हल्द्वानी के निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन की सूचना मिलने ही सितारगंज के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई।

शनिवार शाम मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुरेश तनेजा विभिन्न सामा. जिक संगठनों के अलावा भाजपा से जुड़े थे। वह सब्जी आढ़त का काम करते थे। सुरेश तनेजा के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं। उनके निधन पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा, पंजाबी महासभा, अग्रवाल महासभा, देवभूमि व्यापार मंडल, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, भारत विकास परिषद, राइस मिल एसोसिएशन, किराना एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन, फल सब्जी एसोसिएशन की ओर से शोक व्यक्त किया गया।

### राजस्व विभाग ने सरकारी चकरोड अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** राजस्व विभाग ने गंगापुर चामरान में दबंगों के कब्जे से चकरोड खुलवा कर ग्रामीणों के लिए मार्ग सुचारू कराया। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। पिछले दिनों प्रशासन को शिकायत मिली थी कि गंगापुर चामरान में कुछ लोगों ने सरकारी चकरोड पर कब्जा कर रखा है। इस कारण ग्रामीणों का रास्ता बाधित हो रहा है।

शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जेसीबी की मदद से सरकारी चकरोड को अतिक्रमण मुक्त कराया। राजस्व निरीक्षक कुशाल सिंह ने बताया कि सरकारी भूमि और चकरोड पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरलोडिंग के विरोध में एसएसपी कार्यालय का घेराव

- हाइवे में चलते ओवरलोड डंपरों से लोगों की जा रही जान
- अधिकारियों और कुछ नेताओं के संरक्षण में चल रहा ओवरलोडिंग का अवैध धंधा: बेहड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ओवरलोड डंपरों के हाइवे में चलने और इसके चलते हो रहे हाद. सों के विरोध में शनिवार को कांग्रे. सियों से एसएसपी कार्यालय का घेराव किया। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान ओवरलोडिंग रो. कने की मांग को लेकर जमकर नारेबा. जी हुई। वहीं पुलिस प्रशासन होश में आओ के नारे लगे। इस दौरान एसएसपी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। इस दौरान किच्छा के विधायक ने कहा कि ओवरलोडिंग के चलते आए दिन सड़कों पर हादसे हो रहे हैं। लोगों की जान जा रही है।

लगातार ओवरलोडिंग रोकने की मांग करने के बावजूद पुलिस प्रशासन इस कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों की जान जा रही है, लेकिन ओवरलोडिंग नहीं रुक रही है। जमकर अवैध खनन हो रहा है। उन्होंने कहा आखिर ऐसा कौन सा दबाव है कि सड़क से लेकर विधानसभा तक आवाज उठाने के बावजूद ओवर लोडिंग पर कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि आज सांकेतिक प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन को चेताया




गया है। इसके बाद भी अगर स्थिति नहीं सुधरी तो वह खुद ओवरलोडेड डंपरों के आगे लेटेंगे। उन्होंने कहा कि वह ओवरलोडिंग का मामला विधानसभा सत्र में भी उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई अभी शुरू हुई है। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि सम्पूर्ण जनपद में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ कुछ नेताओं के संरक्षण में ओवरलोडि़ंग का अवैध धंधा पिछले काफी समय से दिन रात बेखौफ चल रहा है। उन्होंने कहा कि ओवरलोड़ वाहनों के कारण जनपद में आये दिन सड़क दुर्घटनायें घटित हो रही है। जिसमें कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। श्री बेहड़ ने कहा कि एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जब अपना कार्यभार सम्भाला था तो करीब एक हफ्ते तक ओवर लोडिंग बिल्कुल बंद रही। जिससे लगा कि जनपद को ईमानदार एसएसपी मिला है। जिसे सम्मानित करना चाहिए। परंतु जैसे जैसे समय बीतता गया सड़कों पर खनन व अन्य सामान के ओवरलोड़ वाहन फिर से बेखौफ दौड़ने लगे। जसपुर से टनकपुर तक प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारियों की बड़ी फौज के साथ हजारों पुलिस व अन्य विभागीय कर्मी भी ओवरलोड़ वाहनों को नहीं रोक पा रहे हैं। मुख्य चौराहों पर बिना किसी डर के ऐसे वाहनों को आते जाते देखा जा सकता है लेकिन अधिकारियों को ऐसे वाहन नजर नहीं आते हैं। श्री बेहड़ ने कहा कि सभी अधिकारियों ने मौन साधा हुआ है। यदि ओवरलोड़ वाहन की टक्कर से किसी की मौत हो जाती है तो पुलिस पीड़ित पक्ष पर समझौते का दबाव बनाने लगती है।। धरना प्रदर्शन के दौरान एसएसपी कार्यालय के गेट पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इस मौके पर दर्शन कोली, नारायण पाल, राजेश प्रताप सिंह,भूपेन्द्र चौधरी, परिमल राय, संजय जुनेजा, ममता रानी, साजिद खान, इन्द्रजीत सिंह,गुलशन सिंधी, मोनिका ढ़ाली, उमा सरकार, लक्ष्मण बांगा, गौरव खुराना, ओमप्रक. श अरोरा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, राजकुमार सीकरी, बाबू खान, पप्पू दुआ, सुमित गाबा, अक्षय बाबा, दलजीत सिंह, नजाकत खान, सरवरयार खान, सुनीता कश्यप, रणजीत आदि मौजूद रहे।

# ट्राले की टक्कर से श्रमिक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गत सायं गाबा चौक पर सिडकुल की फैक्ट्री से काम कर साईकिल से घर वापस लौट रहे अधेड़ श्रमिक को अनियंत्रित ट्राला चालक ने पैदल सड़क पार करने के दौरान टक्कर मार दी। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही ट्राला को अपने कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम डिबडिबा निवासी मूल निवासी आंवला बरेली 60 वर्षीय रामपाल पुत्र स्व. किशोरी यहां अपने नाती के परिवार के साथ रहता था और सिड़कुल की एक कम्पनी में काम करता था। बताया जाता है कि गत



सायं साढ़े सात बजे रामपाल ड्यूटी समाप्त होने के बाद साईकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह गाबा चौक पर पहुंचा तो साईकिल से उतरकर पैदल ही सड़क पार करने लगा। इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्राला संख्या एनएल 01 के 9007 के चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी मौके पर आ गये। घायल रामपाल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक रामपाल के परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल से ट्राला को अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही चालक से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक रामपाल के तीन पुत्र सुनील, सुदर्शन व राजीव व एक पुत्री विनीता है जो सभी विवाहित हैं। मृतक रामपाल यहां ग्राम डिबडिबा में अपने नाती उदेश व उसके परिवार के साथ रहता था।

समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से मामले की तहरीर नहीं दी गई थी।

# नैनीताल की घटना से रुद्रपुर के हिंदू संगठनों में आक्रोश

- वास्तविक नाम को प्रदर्शित करते हुए दुकानों पर बोर्ड लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नैनीताल में बालिका से दुष्कर्म से रुद्रपुर के हिंदू संगठन आक्रोशित हो गए। उन्होंने मुख्य बाजार में घूम-घूम कर कहा कि हल्द्वानी जैसा माहौल रुद्रपुर में नहीं होने देंगे। जो भी दुकानदार है, वह अपने वास्तविक नाम को प्रदर्शित करते हुए बोर्ड लगाएं। इस दौरान फारूख नाम के फुटवियर का दुकान ओमकार नाम से होने पर आपत्ति जताई और वास्तविक नाम रखने को कहा।

हिंदूवादी संगठन व जिला धर्म प्रचार संघ के कार्यकर्ता सुल्तान सिंह कुछ कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को मुख्य बाजार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले मुख्य बाजार स्थित एक फुटवियर की दुकान में जाकर कहा कि ओमकार नाम से खुले इस दुकान का स्वामी दूसरे समुदाय का है। इस बारे में तब पता चला जब एक व्यक्ति ने भुगतान करने के लिए बार कोर्ट स्कैन किया। जिसमें फारूख प्रदर्शित हुआ। संगठन के लोगों ने दुकान से बोर्ड बदलने को कहा। जिसके बाद वह बोर्ड उतारा गया। इसके साथ ही गल्ला मंडी



नटराज नमकीन पर यही हाल था।

उन्होंने जीएसटी जिस नाम से पंजीकृत है, उसी नाम से बोर्ड लगाने की अपील की। सुल्तान सिंह ने बताया कि यहां संपर्क क्रांति से दिल्ली आदि स्थानों से कई संदिग्ध आते हैं, दिन होते ही शहर भर में फैल जाते हैं। इसके बाद कोई जूस की दुकान खोलता है तो कोई कुछ और व्यापार कर रहा है। वास्तविक नाम छिपाकर यहां रह रहा है। यह चिंता का विषय है।

कहा कि पुलिस यहां कड़ाई से सत्यापन करे। बताया कि कई दुकानों से पंजीकरण के कागज मांगे, लेकिन एक-दो ही दिखा सके। ऐसे लोग जीएसटी चोरी करने के साथ ही लोगों को धोखा भी दे रहे हैं।

एम.के. वाटर प्रूफिंग
मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई
बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# तहसील में शीतल पेयजल का टोटा



- खराब एवं सूखे हैंडपंप व आरओ बने शो पीस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भीषण गर्मी के बावजूद भी इन दिनों तहसील कैंपस में शीतल पेयजल का टोटा चल रहा है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से यहां आने वाले जरूरतमंद एवं वादकारी शुद्ध पानी पीने की तलाश में परेशान होकर आस-पास की दुकानों में पानी की बोतल खोजते रहते हैं।

कहने को तो तहसील कैंपस में ईस्टर इंडस्ट्रीज, पॉलिप्लेक्स तथा नगर पालिका द्वारा शुद्ध जलापूर्ति के लिए आरो उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन देख-रेख एवं रख-रखाव के अभाव में आरो शो-पीस बनकर रह गए हैं। तहसील कैंपस में उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार, नायब तहस. ीलदार कार्यालय एवं इनकी कोर्ट संचालित होती है। इसके साथ ही नाजरात रजिस्ट्रार कार्यालय, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, संग्रह कार्यालय, स्टेनों कार्यालय से सुबह से देर शाम तक लोगों का संपर्क बना रहता है, लेकिन पेयजल व्यवस्था नहीं होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहसील कैंपस में लगे इंडिया मार्का सहित साधारण हैंड पंप खराब एवं सूखे पड़े हैं।

> शुद्ध जलापूर्ति वाला आरओ खराब चल रहा है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को निर्देशित किया जा चुका है। तहसील कैंपस के खराब हैंडपंप के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, जो शीघ्र ही ठीक कर जलापूर्ति की व्यवस्था करेंगे।
>
> **वीरेन्द्र सिंह सजवाण**
> **तहसीलदार खटीमा**

# शराब की दुकान के खिलाफ किया चक्का जाम

**■ भावनाओं के सम्मान में एसडीएम ने शराब की दुकान पर की तालाबंदी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम मालधन क्षेत्र में खोली गई शराब की दुकान बंद करने, कच्ची शराब की बिक्री पर रोक लगाने व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शनिवार को महिला एकता मंच के आह्वान पर महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मालधन में शराब की दुकान के समक्ष चक्का जाम कर धरना दिया। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी ने जन भावनाओं का सम्मान करते हुए शराब की दुकान पर तालाबंदी कर दी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस प्रशासन का अभियान जारी है यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है तो उसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को दी जाए।



महिला एकता मंच ने कहा कि मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुसार चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड व इमरजेंसी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उन्होंने रामनगर चिकित्सा अधीक्षक से वार्ता कर समस्या का समाधान निक. ालने का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी द्वारा शराब की दुकान पर तालाबंदी व आश्वासन के बाद महिला एकता मंच ने चक्का जाम व धरना स्थगित कर दिया और इसे मालधन की जनता के संघर्ष की जीत बताया। कहा कि महिलाओं को नशा नहीं इलाज दो अभियान जारी रहेगा। सरस्वती जोशी ने सभा का संचालन करते मालधन क्षेत्र की जनता व सहयोगी संगठन व जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में जनता को रोजगार चाहिए, अस्पतालों में डॉक्टर व इलाज नहीं है, स्कूलों में शिक्षक नहीं है।लेकिन भाजपा सरकार जनता की समस्याओं का समाधान निकालने की जगह उत्तराखंड में गांव-गांव में शराब बेचकर युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। मालधन के लोग इलाज मांग रहे हैं और भाजपा सरकार नशा दे रही है। महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि मालधन में कहीं भी यदि शराब की दुकान खोलने की कोशिश की गई तो पुनः धरना व चक्का जाम शुरू कर दिया जाएगा। सभा को समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, पुष्पा, हरीश लाला,रंजीत रावत, तुलसी, ललिता रावत, पुष्पा चंदोला, विनीता टम्टा, देबी आर्य, भगवती आर्य, गंगा आदि ने संबोधित किया।

# अपर बैगुल फीडर में रोका जाए पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** किसानों ने बैगुल जलाशय से निकलने वाली अपर बैगुल फीडर में छोड़े गए पानी को रो. कने की मांग को लेकर एसडीएम रविंद्र जुवांठा, सिंचाई विभाग के ईई आनंद सिंह नेगी को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को दिए ज्ञापन में गांव नकटपुरा, सरकड़ा, हल्दुआ, साबेपुर और बिथा अकबर के किसानों ने बताया कि गांव से बैगुल जलाशय की अपर बैगुल फीडर निकलती है। इन दिनों विभाग ने उसमें पानी छोड़ा है। उनकी मांग है कि छोड़े गए पानी को रोक लिया जाए, ताकि भीषण गर्मी में उनकी धान की फसल को पानी मिल सके। फसल की बुवाई के समय उन्हें पानी की आवश्यकता होती है।

# पिथौरागढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**■ पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने आठ लाख से अधिक की हेरोइन के साथ तस्कर दबोचा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में एसओजी व कोतवाली की टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से कुल 28.80 ग्राम हेरोईन बरामद हुई हैं ।

क्षेत्राधिकारी गोविन्द बल्लभ जोशी के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललित मोहन जोशी व प्रभारी एसओजी मनोज पाण्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चौकी एंचोली बैरियर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई। घाट की ओर से एक व्यक्ति को संदिग्ध लगने पर चेकिंग के लिए रोका तो उक्त व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस कर्मियों ने घेरकर पकड़ लिया।



उक्त व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने सुरेश राम भूल बताया तथा शक होने पर उसकी तलाशी ली तो, उसके कब्जे से 28.80 ग्राम हेरोईन तथा 12400 नेपाली मुद्रा व 110 भारतीय मुद्रा बरामद हुई ।

पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कोतवाली अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामद हेरोईन की कीमत लगभग 864000 रुपये आंकी गई है । पुलिस टीममें उ.नि. कमलेश जोशी, का. विजय रजवार, महेन्द्र सिंह डंगवाल, हे. का. अनिल मर्तोलिया (एसओ. जी), हे. का. अशोक बुदियाल (एसओजी), का. सोनू कार्की शामिल रहे।

# जिले के चार जु-जित्सू प्रशिक्षक बने राष्ट्रीय कोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिले के चार युवा जु-जित्सु प्रशिक्षकों ने राष्ट्रीय कोच एवं चार खिलाड़ियों ने रेफरी परीक्षा उत्तीर्ण की है।

जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में 22 से 28 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर एवं परीक्षा में भाग लेकर जिले के चारों युवाओं ने कोच व चार खिलाड़ियों ने रैफरी की परीक्षा पास की है। रुद्रपुर के ऋषि पाल भारती, जसपुर के मुकेश यादव, काशीपुर के राम सागर यादव ने जु-जित्सु खेल की फाइटिंग सिस्टम में ए ग्रेड कोच और नानकमत्ता के किशोर सिंह ने जु-जित्सु खेल की नेवाजा में बी ग्रेड कोच परीक्षा उत्तीर्ण की।

हीं एशियन गेम्स में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने वाले ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी रुद्रपुर के कमल सिंह, रूनू शर्मा, बिंदुखत्ता की गंगा मेहरा ने जु-जित्सु खेल की नेवाजा में ए ग्रेड रैफरी, पंतनगर की हिमा भट्ट ने बी ग्रेड रेफरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का मान बढ़ाया। राष्ट्रीय कोच की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले ऋषि पाल भारती जिला जु-जित्सु एसोसिएशन के महासचिव भी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह प्रसन्नता जाहिर की।

# चाणक्य लॉ कॉलेज में व्याख्यान का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चाणक्य लॉ कॉलेज में एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के पूर्व निदेशक डा. संजीव चोपड़ा बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। उनका व्याख्यान भारत में राज्य निर्माण चिपको आंदोलन और उत्तराखंड की यात्रा पर विशेष बल विषय पर केंद्रित रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत समारोह से हुआ। तत्पश्चात कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह तथा प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी द्वारा डा. चोपड़ा का औपचारिक स्वागत किया गया। अपने वक्तव्य में डा. चोपड़ा ने राज्य पुनर्गठन प्रशासनिक सीमाओं के




निर्धारण उत्तराखंड के पृथक राज्य बनने की ऐतिहासिक प्रक्रिया तथा चिपको आंदोलन की भूमिका को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पर्यावरण संरक्षण की चेतना ने उत्तराखंड के जनआंदोलनों को शक्ति प्रदान की और भारत के संघीय ढांचे को नए आयाम दिए। डा. चोपड़ा ने अपनी चर्चित पुस्तकों We the People of the States of Bharat" vkSj "The Great Conciliator" के माध्यम से इतिहास राजनीति और पर्यावरणीय चेतना की गूढ़ परतों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। व्याख्यान के पश्चात छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने राज्य निर्माण प्रशासनिक सुधारों एवं युवा नेतृत्व पर अनेक प्रश्न पूछे।

कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षकगण विद्यार्थी एवं प्रशासनिक सदस्यगण उपस्थित रहे। यह व्याख्यान न केवल एक अकादमिक अनुभव रहा बल्कि विद्यार्थियों के लिए राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को समझने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। कॉलेज की ओर से डा. चोपड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. हरकमल कौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में कालेज के प्रबन्ध निदेशक रविन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा मुख्य अतिथि को उनके अमूल्य वक्तव्य हेतु धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, आईशा आमीन, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, डा. हरकमल कौर, उपासना तिवारी, डा. निशा कमलेश अवस्थी, मनोज आर्या, दीपक गोस्वामी, रामसेवक सिंह और विद्यार्थीगण मैजूद रहे।

## एक नजर

# खोए हुए मोबाइल बरामद कर लौटाई लोगों की मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिले के विभिन्न थानों से मोबाइल गुमशुदगी के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के क्रम में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर जनपद की सर्विलांस सैल टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।



सर्विलांस सैल प्रभारी उ.नि. मनोज पांडेय, हेड कांस्टेबल हेम चन्द्र सिंह एवं कांस्टेबल कमल तुलेरा की टीम द्वारा आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए प्डम्प् नंबरों के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के कुल 60 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक द्वारा इन बरामद मोबाइलों को विधिवत उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया गया। मोबाइल प्राप्त करने पर नागरिकों ने पुलिस की तत्परता एवं ईमानदारी के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर नागरिकों को मोबाइल गुमशुदगी के मामलों में CEIR पोर्टल के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबा. इल खो जाने की स्थिति में कोई भी व्यक्ति इस पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी जानकारी अपलोड कर सकता है, जिससे गुम हुए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करना सरल हो जाता है। पुलिस द्वारा जनता से अपील की जाती है कि वे मोबा. इल खोने की स्थिति में घबराएं नहीं, शीघ्र निकटवर्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं एवं CEIR पोर्टल के माध्यम से जानकारी साझा करें।

**पुलिस की सर्विलांस टीम द्वारा गुम हुए लगभग बारह लाख रुपये के कुल साठ मोबाइल फोन किए गए बरामद**

# जिलाधिकारी ने की जिला योजना प्रस्तावों पर समीक्षा बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए जिला योजना के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और नई योजनाओं पर विचार-विमर्श करना था। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से उनके द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली संभावित चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से अंतिम रूप दें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाएं जिले के विकास और आम जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत संरचना विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछले वित्तीय वर्ष की जिला योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत नए विकास प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्हें पूरा करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी अधिकारियों को मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करना होगा ताकि विकास योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, पीडी आशीष पुनेठा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी निरंजन प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुशी चन्द ने एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रथम सब जूनियर एवं जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 17 अप्रैल से एक मई, 2025 तक जार्डन के अमान शहर में किया गया था, जिसमें सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ की खुशी चन्द ने जूनियर वर्ग में देश के नाम स्वर्ण पदक जीता।

खुशी चन्द ने 44-46 किग्रा. भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वियतनाम की गुयेनथी होंगयेन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चौरवाटा को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा फाइनल में उसका मुकाबला मंगोलिया की बॉक्सर अल्तांगादास से हुआ, जिसमें खुशी चन्द से अपने दमदार पंचों से अल्तांगादास को 3-2 से पराजित कर देश के नाम स्वर्ण पदक हासिल किया। खुशी चन्द पूर्व में 29 अगस्त से नौ सितम्बर, 2024 तक अबू धाबी में आयाजित एएसबीसी एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप कांस्य पदक जीत चुकी है। खुशी चन्द की बड़ी बहिन निकिता चन्द भी अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी है तथा एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कई पदक जीत चुकी है। खुशी चन्द वर्तमान में नगर के बिजेन्द्र बॉक्सिंग क्लब में बॉक्सिंग कोच बिजेन्द्र मल्ल से प्रशिक्षण प्राप्त करती है।



इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, कै. हरि सिंह थापा, जिला मुक्केबाजी एसोसियेशन पिथौरागढ़ के अध्यक्ष कमल पुनेड़ा, सचिव अजय राठौर, कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह बोहरा, बिजेन्द्र मल्ल, कै. देवी चन्द, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, जनार्दन वल्दिया, भाष्कर चन्द्र भट्ट, सुरेन्द्र बिष्ट, सुभाष चन्द्र जोशी, गणेश सिंह बिष्ट, राजेन्द्र भाटिया, जोगेन्द्र बोहरा, निखिल महर, चन्द्र कुमार सिंह थापा, धर्मेन्द्र बोहरा, हेम चन्द्र उपाध्याय, चंचल सिंह भण्डारी, नरेन्द्र सिंह कसन्याल, गोविन्द सौन, ललित कुंवर, मान सिंह खोलिया, प्रेम टम्टा, सुनीता मेहता, विनीता नेगी, महिमा विश्वकर्मा सहित जनपद के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

# इनोवेशन एंड डिजाइन बूट कैंप का हुआ सफल आयोजन

**■ इन्सपायर अवार्डी बच्चों ने बनाए नवाचार प्रोटोटाइप**
**■ पचसा से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** 'खटीमा साइंस' के तत्वावधान में देवभूमि फाउंडेशन, एमआईटीई लामाचौर और केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंस एंड आईटी के सहयोग से इनोवेशन एंड डिजाइन बूट कैंप का दो दिवसीय आयोजन दो मई एवं तीन मई 2025 को केआईटीएम महाविद्यालय में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस बूट कैंप का उद्देश्य खटीमा ब्लॉक के चयनित 65 इन्सपायर अवार्डी बच्चों के नवाचार विचारों को प्रोटोटाइप के रूप में विकसित करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों के रूप में डा. कमल रावत, निर्मल कुमार न्योलिया, केशव



भट्ट उपस्थित रहे। उन्होंने इनोवेशन आइडिएशन, डिजाइन, एम्पैथी, स्टार्टअप प्रॉब्लम स्टेटमेंट और पेटेंट प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को व्यावहारिक जानकारी दी।

खटीमा ब्लॉक के 22 विद्यालयों के 60 विद्यार्थीयों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। बच्चों ने पहले सात समूहों में मिलकर निर्धारित समस्याओं पर समाधान आधारित डिजाइन तैयार किए और फिर व्यक्तिगत चयनित समस्या पर रफ प्रोटोटाइप डिजाइन बनाकर प्रस्तुतियां दीं। यह अभ्यास बच्चों को भविष्य में वास्तविक और प्रभावी प्रोटोटाइप बनाने में सक्षम बनाएगा। बूट कैंप में तैयार किए गए कुछ प्रमुख प्रोटोटाइप में रितिका बोरा ने मल्टीपरपस चोला प्रोजेक्ट, काजल खतरी ने कमर्शियल ड्रायर सेफ्टी गार्ड पर, रोहित पांडे ने ग्रेन फिल्टरेशन मशीन, प्रियंका जोशी ने डिस्पोज बिन, साबिया ने ऑल वैदर कूलर कम ब्लोवर, सारिका अंसारी ने मल्टीपरपस लोड केरिंग टूल तथा दीपांशु गहतोड़ी ने मल्टीपरपस ब्रूम प्रॉजेक्ट तैयार किया। बूट कैंप के आयोजन हेतु खंड शिक्षा अधिकारी खटीमा भानु प्रताप कुशवाहा द्वारा इन्सपायर अवार्ड मानक वर्ष 2024-25 के अंतर्गत चयनित बच्चों को भाग लेने के लिए सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इस अभियान के अंतर्गत 22 स्कूल लगभग 60 विद्यार्थियों ने दो दिवसीय बूट कैंप में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों एवं उनके मेंटर्स को डॉ. कमल रावत, निर्मल कुमार न्योलिया, केआईटीएम के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट, अंजू भट्ट व केशव भट्ट ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

# ग्यारह लाख से बनेंगे अटल और सुभाष चौक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गूलरभोज।** नगर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम से चौक बनाए जाएंगे। यह चौक राज्य वित्त से करीब 11 लाख की लागत से बनेंगे। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने भूमि पूजन के साथ चौक का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि गूलरभोज के मुख्य चौक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और राम मंदिर चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाई जाएगी। साथ ही चौक को फुलवारी और लाइट से सुसज्जित किया जाएगा। कहा कि नगर में विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। यहां ईओ राजकुमार भारती, सभासद बलराम मंडल, इंद्र सिंह राठौर, ममता देवी, नरेश घरामी, पूनम आर्य, लखविंदर सिंह, ऊषा रानी, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, सुनील शर्मा, करम सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रेट समर सेल में बिजनेस ग्राहकों के लिए की रोमांचक डील्स की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अमेजन बिजनेस ने अपनी चल रही ग्रेट समर सेल के दौरान देशभर के बिजनेस ग्राहकों के लिए बड़ी बचत का अवसर उपलब्ध कराने के लिए डील्स और ऑफर्स की घोषणा की है। डील में ग्रीनसोल, बोट, जेबीएल, डायकिन, बॉश, एचपी, सैमसंग और सिम्फनी जैसे टॉप ब्रांड्स की ओर से लैपटॉप, टैबलेट्स, हेडफोंस, एसी, कूलर्स, पंखे, ऑफिस फनीर्चर, किचन एप्लाएंसेस और इंडस्ट्रियल सप्लाई सहित दो लाख से ज्यादा अनूठे उत्पादों पर 70 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। मित्ररंजन भादुड़ी, डायरेक्टर- अमेजन बिजनेस ने कहा, अमेजन बिजनेस ग्रेट समर सेल हमारे बिजनेस ग्राहकों के लिए जबरदस्त डील्स लेकर आया है, जो उनके खर्चों में बड़ी बचत करने में मदद करती हैं। अमेजन बिजनेस के रोजाना मिलने वाले फायदों जैसे उत्पादों का सबसे बड़ा चयन, खरीद को आसान बनाने के लिए टूल्स और एनालिटिक्स, थोक ऑर्डर पर डिस्काउंट और देशभर के सभी सर्विसेबल पिन कोड्स पर डिलीवरी के साथ मिलकर यह सेल हर आकार के बिजनेस को समझदारी से खरीदारी करने और अपने बज को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने का मौका देती है। अमेजन बिजनेस ग्रेट समर सेल में ग्रीनसोल, सेलबेल, फेदरलाइट और द स्लीप कंपनी की ओर से ऑफिस चेयर्स पर 80 प्रतिशत तक छूट, बोट, बोल्ट, जेबीएल और सोनी के बेस्ष्टसेलिंग हेडफोंस पर 70 प्रतिशत तक की छूट, बोल्ट, जेबीएल, सोनी और जेब्रोनिक्स के बेस्टसेलिंग स्पीकर्स पर 70 प्रतिशत तक की छूट, केरियर, डायकिन, पैनासोनिक और एलजी की ओर से एयर कंडिशनर्स पर उठाएं 60 प्रतिशत तक छूट का फायदा मिल रहा है।

# सीएमएफ फोन 2 प्रो की ओपन सेल्स पांच मई से होगी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/रुद्रपुर।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर सीएमएफ फोन 2 प्रो के ओपन सेल की घोषणा की है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पहले दिन एक स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफर के रूप में, फोन 2 प्रो कम से कम 16,999 रुपये में उपलब्ध होगा। नथिंग द्वारा डिजाइन किया गया अब तक का सबसे पतला और हल्का स्मार्टफोन है। सीएमएफ फोन 2 प्रो में उन्नत थ्री कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50 एमपी का मुख्य कैमरा है। अब अपनी 6वीं पीढ़ी में, नए अपग्रेड किए गए मीडिया टेक डाईमेन्सिटी 7300 प्रो 5जी प्रोसेसर में 8-कोर सीपीयू है जो 2.5 जीएचजेड तक की गति पर चलता है।

# युवती के हत्यारोपी को रिमांड पर लेकर खटीमा पहुंची हरियाणा पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रेमिका की हत्या करने के आरोपी मुश्ताक को रिमांड पर लेकर हरियाणा पुलिस शनिवार को खटीमा पहुंची। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर महिला का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। आरोपी की बहन के घर से गला काटने में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। सिर की तलाश के लिए हत्यारोपी से पूछताछ चल रही है। मुश्ताक ने 16 नवंबर 2024 की रात नानकमत्ता की बंगाली कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय झरना उर्फ पूजा मंडल पुत्री अरविंद विश्वास की हत्या कर दी थी। पूजा हत्यारोपी मुश्ताक की शादी का विरोध कर रही थी। पूजा मंडल अपनी छोटी बहन प्रमिला विश्वास के साथ रहकर गुरुग्राम हरियाणा में एक स्पा सेंटर में काम करती थी। पुलिस ने बीते मंगलवार को सितारगंज के गौरीखेड़ा निवासी टैक्सी चालक मुश्ताक अली को गिरफ्तार कर लिया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बुधवार को साइफन से महिला का सिर कटा सड़ा-गला शव बरामद किया था। हरियाणा के सेक्टर 5 गुरुग्राम में आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई गई है। थाना सेक्टर 5 गुरुग्राम के विवेचक कृष्णा कुमार ने न्यायालय से हत्यारोपी मुश्ताक का 6 दिन का पुलिस कस्टडी रिमांड लिया है। शनिवार को हरियाणा पुलिस ने खटीमा पुलिस के सहयोग से हत्यारोपी की निशानदेही पर मृतका पूजा का मोबाइल घटनास्थल नदन्ना पुल के पास और मृतका का गला काटने में प्रयुक्त चाकू हत्यारोपी की बहन फूलबानो के घर नई बस्ती अमाऊं खटीमा से बरामद किया है। मृतका के सिर के संबंध में और घटना में अन्य किसी की संलिप्तता के बारे में उससे पूछताछ की जा रही है। विवेचक कृष्ण कुमार ने बताया कि हत्याकांड के खुलासे में खटीमा पुलिस ने काफी सहयोग किया है।

# तीन सदस्यीय छठे वित्त आयोग के पदाधिकारियों का शुरू हुआ चंपावत जिले का दौरा

**■ ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण करने के साथ लोगों से किया जा रहा है सीधा संवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** छठा वित्त आयोग अध्यक्ष एन. रविशंकर, सदस्य डा. एमसी जोशी एवं पीएस जंगपंगी तीन दिवसीय जिले का दौर शुरू हो गया है। इसका उद्देश्य जिले में संचालित विकास योजनाओं, नवाचारों तथा रोजगार सृजन के प्रयासों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करना और हितधारकों से संवाद स्थापित करना है।

आयोग ने मां पूर्णागिरि मंदिर में दर्शन के साथ मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं एवं पूर्णागिरि मेले के संचालन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह मेला श्रद्धालुओं की आस्था का



केंद्र होने के साथ-साथ स्थानीय पर्यटन और रोजगार का भी प्रमुख साधन है। आयोग ने पूर्णागिरि तहसील का भी भ्रमण किया, जहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की प्रगति और वैकल्पिक मार्ग के निर्माण कार्यों की जानकारी संबंधित विभागों से प्राप्त की गई एवं आवश्यक सुझाव आमंत्रित किए गए। थ्वालखेड़ा में आयोग ने बेकरी यूनिट और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझा गया। आयोग ने युवाओं के स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्यामलाताल क्षेत्र में आयोग ने मधुवाटिका होमस्टे, छत्स्ड (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के अंतर्गत हनी एवं स्पाइस ग्रोथ सेंटर और मौनपालन इकाई का अवलोकन किया। श्री हरीश जोशी द्वारा संचालित मौनपालन इकाई को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार का सफल उदाहरण बताया गया। आयोग ने हितधारकों एवं उद्यमियों से संवाद कर योजनाओं की प्रभावशीलता की समीक्षा की। आयोग ने विवे. कानंद आश्रम का भी भ्रमण कर क्षेत्र की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत को करीब से समझा। इसके अतिरिक्त आयोग ने जिले के किसानों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस संवाद से उन्हें क्षेत्र की समस्याओं, संभावनाओं और आवश्यकताओं की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई। यह दौरा आयोग को जनपद चम्पावत की जमीनी हकीकत से रूबरू कराने और अपनी आगामी सिफारिशों में स्थानीय हितों को समाहित करने का सशक्त अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, उपाध्यक्ष नीरज पांडे, उप जिलाधिकारी टनकपुर आकाश जोशी, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र अमित भाकुनी, सहायक परियोजना निद. ेशक विमी जोशी, दुग्ध संघ प्रबंधक सहित अनेक अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बनभूलपुरा में सत्यापन अभियान

## 73 लोगों का चालान, 13 मकान मालिकों पर कार्रवाई, एक लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच पुलिस ने एक बार फिर बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में सत्यापन का डंडा चलाया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर चले अभियान के दौरान 287 लोगों का सत्यापन किया गया। 73 का चालान किया गया और 13 मकान मालिकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 1 लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। शनिवार को सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा, कोतवाल राजेश यादव, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता, काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट पुलिस टीम, आईआरबी और सीएपीएफ बल के संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान पानी की टंकी, रहमत का बगीचा, जवाहर नगर रोड, शनि बाजार रोड, लाइन नंबर 18 से लेकर इंदिरा नगर ठोकर तक व्यापक चेकिंग की। इस दौरान 287 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। 73 मकान मालिकों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 13 मकान मालिकों पर 10-10 हजार रुपए के कोर्ट चालान किए गए। जबकि 60 लोगों पर 81 पुलिस एक्ट में कार्यवाही कर 24,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### एक मीटर से बांटी तीन घरों की बिजली

**हल्द्वानी।** सत्यापन अभियान के दौराम पुलिस की टीम 30 फुटा रोड मलिक का बगीचा निवासी रियाजुल हसन पुत्र मोहम्मद हसन के घर पहुंची तो आवाक रह गई। पता लगा कि उसने अपने घर से तीन अलग-अलग घरों को बिजली दी थी। जबकि इससे पहले भी रियाजुल के घर लगा विद्युत कनेक्शन अनियमितताओं के कारण काटा गया था। इसी तरह परवेज पुत्र महबूब आलम निवासी 30 फुटा रोड, मलिक का बगीचा ने अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन से स्टार फर्नीचर नामक दुकान को बिजली दी थी। विद्युत विभाग के जेई को मौके पर बुलाकर दोनों व्यक्तियों के विद्युत संयोजन काटे गए और विभाग आगे की कार्रवाई कर रहा है।

### मकान में बाहर से ताला, अंदर थे किराएदार

**हल्द्वानी।** सत्यापन के दौरान एक मकान में बाहर से ताला लगा मिला। जांच में मकान के भीतर जाहिद अली पुत्र जाकिर अली निवासी टांडा बादली, जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश और उसका पुत्र मोहम्मद अली, जो मकान मालिक इकबाल पुत्र अकील निवासी इंदिरा नगर के किरायेदार थे और बिना सत्यापन के रह रहे थे। दोनों ई-रिक्शा चालक संदीप देवस्थान में कार्यरत पाए गए और पूछताछ के लिए दोनों को थाने ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि दोनों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है, साथ ही मकान मालिक के खिलाफ भी पुलिस अधिनियम में कार्रवाई की गई।

## नैनीताल में हुई बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार को देर शाम तेज हवाएं चली जबकि दिन में बूंदाबांदी हुई। दूसरी ओर मौसम विभाग की मानें तो सोमवार तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। इस बीच खराब मौसम के बाद भी नैनीताल में पर्यटकों ने नैनी झील का नौका विहार का आनंद लिया। बता दें कि नगर में पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी है। घने बादल सुबह से आसमान में डेरा डाले रहे और दोपहर 12 बजे हल्की बूंदाबांदी कर गए। इसके बाद धूप छांव का खेल दिन ढलने तक जारी रहा और सांय 6 बजे तेज हवाएं चलने लगी और बादल भी गरजने शुरु हो गए जिसके चलते मौसम की स्थिति असामान्य हो गयी। खबर लिखे जाने तक तेज हवाओं का दौर जारी था। तेज हवा चलने से सैलानियों में भगदड़ मच गई। इस बीच हल्की बूंदाबांदी भी कुछ देर के लिए हुई। तेज हवा के चलते बादल छट चुके थे। राज्य मौसम विभाग देहरादून के निदेशक डा. बिक्रम सिंह के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम खराब रहने की संभावना है।

# सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय कौशलम् प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 24 विद्यालयों के कक्षा 11 के 48 विद्यार्थियों ने अपने उत्पाद, व्यावसायिक विचार और कौशलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शिनी में मुख्य अतिथि अरुण वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक रुप से कार्य करते हुए सदैव लक्ष्य पर ध्यान रखना चाहिए। उद्यम लर्निंग फाउण्डेशन से तनुज अटवाल तथा गोकुल ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्राचार्य एलएम पाण्डे ने कहा कि हमें विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रतिभागियों को स्वरोजगार एवं सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक अशोक बनकोटी एवं हरिवंश सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम की रुपरेखा रखी। जनपद के 10 उद्यमशील शिक्षकों को सम्मानित किया। निर्णायक के रूप में तनुज अटवाल, पंकज सैनी एवं डा. बीसी पाण्डे थे। कार्यक्रम का संचालन डा. बीसी पाण्डे ने किया। इस दौरान डा. प्रकाश पंत, प्रकाश चन्द आर्य, रमेश सिंह रावत, डा. निलेश कुमार, डा. कमलेश सिराड़ी, डा. हेमलता धामी, डा. सरिता पाण्डे इत्यादि उपस्थित थे।



# दुष्कर्म के दोषी को जल्द सजा हो

## नैनीताल में मातृशक्ति में जबरदस्त आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बीते 30 अप्रैल को 12 वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला आने के बाद अभी भी लोगों के दिलों में गुस्सा है। शनिवार को भी गांधी चौक तल्लीताल में भाजपा महिला मोर्चा के आह्वान पर पूर्व पालिका सभासद प्रेमा अधिकारी और पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपिका बिनवाल के नेतृत्व में शहर की मातृशक्ति एकत्र हुई। उनके द्वारा शहर में शांति रैली निकाली जानी थी लेकिन संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के निवेदन पर रैली का प्रोग्राम कैंसिल कर सभी ने हाथ में स्लोगन की तख्ती लेकर दोषी उस्मान को जल्द से जल्द सजा की मांग की। उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन भेजकर उसमें अवगत कराया है कि शहर की मातृ शक्ति इस दुष्कर्म घटना से भयभीत और आकोशित है। आरोपी को कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मातृशक्ति का आक्रोश करीब 3 घंटे तक चला रहा और ज्ञापन देने के पश्चात सभी महिलाएं वापस घरों को चली गई थी। इस मौके पर प्रेमा आधिकारी, दीपिका बिनवाल, भारती साह, बिनीता पाण्डे, कविता त्रिपाठी, रानी साह, नीरु साह, आरती बिष्ट, भावना रावत, ममता रावत, ममता जोशी, सुमन शाह, किरन परिहार, मुन्नी अधिकारी, ममता बिष्ट, जीवन्ती भट्ट, कमला अधिकारी, सन्ध्या शर्मा, किरन साह, मीरा बिष्ट, रमा बिष्ट, दीपा खोलिया, वर्षा, भागीरथी, आशा भंडारी, चंपा बिष्ट, चंद्रा सती, कविता शाह, दिव्या शाह, कमला मेहरा, आशा भंडारी, रश्मि, तनुजा तथा रेखा आर्य, कमल आर्य, शीला, दीपा शाह, हेमा तिवारी, नेहा अधिकारी, बीरु शाह, मुस्कान तथा शोभा नेगी मौजूद थी।

### तल्लीताल डांट पर धरना-प्रदर्शन

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। वही शनिवार नगर की मातृशक्ति ने तल्लीताल डांठ पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया और पीडिता को न्याय दिलाने की मांग करी है। इस दौरान नगर की सैकड़ों महिलाएं और पुरुष इस प्रदर्शन में शामिल रहे, दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ता पीड़िता के घर पहुंचे वही परिवारजन घर में नहीं होने के कारण वापस लौट आए। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले। उन्होंने दोषी को सख्त से सख्त कड़ी सजा देने की मांग की है साथ ही उन्होंने कहा कि पीडिता के घर वालों के साथ कंधे से कंधा मिलकर साथ है और उनकी आर्थिक मदद की जाएगी। इस दौरान भाजपा नेता अरविंद सिंह पडियार, भूपेंद्र बिष्ट, आनंद बिष्ट, लाल सिंह, गोपाल जोशी, चंदन सिंह, गोपाल सिंह व संतोष कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कोतवाली में घुसकर पीटा, वीडियो वायरल

**नैनीताल।** नैनीताल में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद शहर में आक्रोश का माहौल है। इसी कड़ी में अब एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुछ प्रदर्शनकारियों की ओर से पुलिसकर्मियों से मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। यह घटना मल्लीताल कोतवाली परिसर की है जहां प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ने का भी प्रयास भी किया। दरअसल 30 अप्रैल को एक 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। आरोपी एक विशेष समुदाय से संबंधित होने पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोग मल्लीताल कोतवाली पहुंच गएए जहां पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कुछ प्रदर्शनकारी एक पुलिसकर्मी के साथ हाथापाई कर रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठी लेकर आए पुलिसकर्मी का गिरेबान पकड़कर उसकी वर्दी फाड़ने की कोशिश की गई। इतना ही नहीं उसे अधिवक्ता होने की धमकी भी दी गई। किसी तरह वह पुलिसकर्मी खुद को बचाकर वहां से निकलने में सफल हुआए लेकिन प्रदर्शनकारी उसे खींचकर फिर भीड़ में ले जाने की कोशिश करते नजर आए। हालांकि मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे सुरक्षित निकाल लिया। मल्लीताल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दीपक बिष्ट ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिल्पकार सभा को दुख

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा नैनीताल द्वारा शनिवार को ऑनलाइन बैठक आहूत की गई जिसमें नैनीताल में 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर दुख व्यक्त किया गया और इस घटना की कड़ी निन्दा की गई। बैठक में सभी ने कहा की नाबालिग बच्ची को शीघ्र न्याय दिलवाने के लिए के इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर मामले की सुनवाई की जाय जिससे पीड़िता को जल्दी से जल्दी न्याय मिल सके बैठक में सभी ने मांग की कि अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाय ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी घिनौनी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। सभा ने सभी से अपील की है की सभी लोग शांति पूर्वक एवम लोकतांत्रिक तारीक से अपनी बात रखते हुए सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखे। ऑनलाइन बैठक में सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री राजेश लाल तथा मंत्री अनिल गोरखा, कोषाध्यक्ष कैलाश आगरकोटी, विधि सलाहक. ार एडवोकेट मनोज कुमार, लेखा परीक्षक संजय कुमार, सलाहकार पी आर आर्य, सद्स्य गिरीश चंद्र आर्य पूर्व महामंत्री देवेंद्र प्रकाश, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 'जल कलश अभियान' आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जल संरक्षण के उद्देश्य से जनमैत्री संगठन के तत्वावधान में 4 मई को तल्ला नाईसिला शिव मंदिर के पास एक विशेष सामुदायिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के एक पुराने और दबे प्राकृतिक जल स्रोत को पुनर्जीवित कर स्थानीय लोगों और वन्य जीवों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक जल शपथ से होगा। इसके बाद सभी प्रतिभागी श्रमदान कर जल स्रोत को खोलने एवं काला बांसा जैसी आक्रामक प्रजातियों के उन्मूलन का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में बेल और नाईसिला क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, किसान, महिलाएं, वन पंचायत सदस्य, जनमैत्री संगठन के कार्यकर्ता और स्वयंसेवक भाग लेंगे।

# मानव की विस्फोटक शतकीय पारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** नर सिंह ग्राउंड रानीखेत में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 पुरुष जिला क्रिकेट लीग

### रानीखेत ने अल्मोड़ा को 252 रन से हराया

के तहत आज खेले गए मुकाबले में रानीखेत क्रिकेटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल्मोड़ा चैलेंजर को 252 रन से करारी शिकस्त दी। मैच की शुरुआत में अल्मोड़ा चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रानीखेत क्रिकेटर्स ने 41.4 ओवर में 354 रन बनाए। टीम के स्टार बल्लेबाज मानव ने विस्फोटक अंदाज में 184 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि गौरव शर्मा ने 44 रन का योगदान दिया।

अल्मोड़ा चैलेंजर की ओर से गौरव ने 3 विकेट, जबकि मोहित और पीयूष ने 2-2 विकेट झटके। 355 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा चैलेंजर की टीम 19.4 ओवर में केवल 102 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए रुद्रा ने 21 और रुद्राक्ष कनवाल ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में रानीखेत क्रिकेटर्स के तुल्यांस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि मनीष को 3 और मयंक को 2 विकेट मिले। मैच में विजय आर्या और सूरज ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि रोहित स्कोरर रहे। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के अध्यक्ष संजय मेहरा, उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट, सचिव हर्ष गोयल, उप सचिव धीरज वर्मा, कोषाध्यक्ष उमेश बिष्ट सहित दीप उपाध्याय, पंकज जोशी, जयंत रौतेला, तरुण बेलवाल, दीपक मेहरा, पुष्कर अधिकारी, परम मेहरा और राहुल नेगी मौजूद रहे। लीग का फाइनल मुकाबला कल रानीखेत क्रिकेटर्स और रानीखेत क्लब के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह है।

## एनसीसी बटालियन का वीरांगना फेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि में स्थापित 24 यूके गर्ल्स एनसीसी बटालियन के कैडेट्स का शनिवार को वीरांगना फेस्ट का आयोजित किया। इसमें कैडेट को रैंक प्रदान की गई। वहीं, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। एसएसजे विवि के ऑडिटोरियम में आयोजित वीरांगना फेस्ट कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर अजय वर्मा, परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, डा. देवेंद्र सिंह धामी, लेफ्टिनेंट डा. ममता पंत ने किया। मुख्य अथिति महापौर वर्मा ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स अपने अनुशासन के लिए जानी जाती हैं। 24 यूके बटालियन के कैडेट्स अनुशासन में रहकर नवीन उपलब्धियां हासिल करें। प्रो. बिष्ट ने कहा कि कहा कि इतिहास में कई वीरांगनाओं के नाम आते हैं, जिनका आजादी के लिए बहुत बड़ा योगदान है। इस मौके पर कैडेट्सो ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां, शास्त्रीय नृत्य, कुमाऊंनी लोक नृत्य के साथ ही अघिल बढ़ने रुं लौ देश लिजि लड़ने रुंलो..., वंदे मातरम की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का संदेश दिया। इसके अलावा नेपाली, गुजराती नृत्यों की भी प्रस्तुतियां दी। यहां डा. ललित जोशी, सूबेदार मेजर बीके पांडा, सूब. ेदार कुलविंदर सिंह, परमजीत सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 24 यूके गर्ल्स एनसीसी बटालियन की लेफ्टिनेंट डा. ममता पंत ने लांस कारपोरल तनिष्का कपिल, प्राची गोस्वामी, कार्पोरल हिमानी, सार्जेंट निकिता मेहता, निधि मेहता, आकांक्षा पिलख्वाल, सीनियर सार्जेंट निशा नयाल, अंडर ऑफिसर बरखा मुसयूनी, हर्षिता, तनुजा, सीनियर अंडर ऑफिसर सोनी राणा को रैंक प्रदान की।

## एक नजर

### गौरव ने पास की नेट परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** नगर के बिशप शॉ इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र गौरव जोशी ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अर्थ साइंसेज विषय में ऑल इंडिया रैंक में 13वां स्थान प्राप्त किया। बता दें गौरव ने वर्ष 2018 में बिशप शॉ इंटर कॉलेज से पास आउट किया। गौरव के पिता चंद्र मोहन जोशी वकील हैं और माता लीला जोशी गृहिणी हैं। गौरव की इस उपलब्धि पर प्रबंधक नीलम दानी, प्रधानाचार्य वीना मैसी तथा कविता बिष्ट, रीता अधिकारी, मुकेश मेहरा, सुनील पांडे व बीएस रजवार ने बधाई दी है।

### राजभवन रोड पर दो बाइकों की टक्कर

**नैनीताल।** नैनीताल के राजभवन मार्ग में दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रुप से चोटिल हो गया। जिसे राहगीरों ने बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक स्वजनों ने कोतवाली पहुंच दूसरे बाइक चालक पर कार्रवाई की मांग की है। जानक. ारी के मुताबिक मोहनको निवासी दीपक बिष्ट शनिवार सुबह राजभवन मार्ग से तल्लीताल की ओर जा रहा था। डीएसबी परिसर से कुछ आगे पहुंचने पर अचानक सामने से तेज रफ्तार बाइक आ गई। उसने नियंत्रण पाने का प्रयास कियाए मगर तब तक दोनों बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में दीपक का हाथ कटने के साथ ही पैर पर चोट आ गई। राहगीरों व बाइक सवार दोस्त ने उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद युवक के स्वजन दूसरे बाइक चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली भी पहुंच गए। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि फिलहाल दोनों पक्षों में आपसी वार्ता चल रही है।

### विवि के विद्यार्थियों का नामी कंपनी में चयन

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर मैसर्स एफ2पी स्पोर्टस प्राइवेट लिमिटेड ने विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों में करन जलाल (बी.टेक- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार), शुभम कांडपाल और स्वर्णिम नेगी (बी.टेक. कम्प्यूटर इंजीनियरिंग) और राहुल कुमायन (बी.टेक. सूचना प्रौद्योगिकी) शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों को रू. 6 लाख वार्षिक पैकेज के साथ अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशालय के प्रयासों की सराहना की और चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एमएस नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी बताया कि निदेशालय भविष्य में और अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### पुलिस ने सल्ट में लगाए चेतावनी बोर्ड

**अल्मोड़ा।** दुर्घटनाओं की रोकथाम और लोगों को जागरूक करने के लिए सल्ट पुलिस ने जगह-जगह सड़क किनारे चेतावनी बोर्ड लगाए। एसओ प्रमोद पाठक के नेतृत्व में टीम ने चेतावनी बोर्ड लगाकर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। लोगों को जागरूक करते हुए नशे में वाहन नहीं चलाने, ओवर स्पीड नहीं चलने, ओवर टेक में जल्दबाजी नही करने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने की अपील की।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

**अल्मोड़ा।** बीते कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को आखिरकार राहत मिली। अल्मोड़ा में शनिवार शाम झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। इससे मौसम खुशनुमा हो गया। अल्मोड़ा में बीते कुछ दिनों से आसमान में बादलों को जमावड़ा लग रहा था। लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। इससे गर्मी के साथ उमस बढ़ रही थी। शनिवार शाम झमाझम बारिश होने से बाजार पहुंचे लोगों को बारिश से बचने के लिए दुकानों में शरण लेनी पड़ी। कई लोग बारिश का आनंद लेते दिखाई दिए।

### एनएच पर एक घंटे थमी रही वाहनों की रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास शनिवार को पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने से मार्ग बंद हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों का लंबा जाम लग गया। जिससे यात्रियों को भारी फजीयत का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन ने मार्ग के दोनों ओर से जेसीबी लगाकर करीब एक घंटे बाद किसी तरह यातायात सुचारू कराया। क्वारब की दरकती पहाड़ी लंबे समय से मुसीबत का सबब बनी हुई है। शनिवार को पहाड़ी से एकाएक पत्थरों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। करीब 11 बजे बड़ी मात्रा में मलबा एनएच पर आ गया। इससे आवा. जाही पूरी तरह से बंद हो गई। मलबा आने की सूचना पर प्रशासन की ओर से दो जेसीबी तैनात कर दी गई थी। लेकिन गिरते पत्थरों के बीच मलबा हटाने के काम में रुकावट आती रही। कफी मुश्किलों के बाद हाइवे में एक घंटे बाद यातायात सुचारू हो सका। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# दुष्कर्मी को मिले कड़ी से कड़ी सजा: रोहित कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** नैनीताल में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घिनौनी कृत्य के बाद शहर में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। वहीं, पुलिस ने आरोपी 70 वर्षीय अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पार्षद रोहित कुमार ने कहा कि इस घटना के बाद हुई अराज. कता ने स्थिति को बिगाड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा यह अपराध किसी भी तरह से माफ़ी के लायक नहीं है। कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी को सबसे सख्त सजा मिलनी चाहिए। वहीं घटना की आड़ लेकर पुलिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। जिसका विडियों सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने ऐसे लोगों को चिन्हित करने की बात कही है और चेतावनी दी है कि कानून व्यवस्था को भंग करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि देश कानून और संविधान से चलता है, गुंडागर्दी से नहीं। साथ ही उन्होंने इस संवेदनशील मामले में शांति बनाने की भी अपील की है।

### कोश्यारी को ज्ञापन दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने शनिवार को सूबे के पूर्व राज्यपाल व महाराष्ट्र तथा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी से शिष्टाचार मुलाक. ात की तथा संविदा प्राध्यापकों को नियमित तथा संविदा प्राध्यापकों का वेतन यूजीसी नियमानुसार करवाने का आग्रह किया। कूटा अध्यक्ष ने इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी को शॉल ओढ़ाकर तथा मुख्यमंत्री शोध योजना तथा केयूआईएफआर के अंतर्गत बनाए गए बेडू तथा हिमालयन छोटा सेब तथा पारिश पौधे प्रजाति का फ्लायर भी भेट किया। ये सभी पौधे आईयूसीएन कैटेगरी में रेयर कैटेगरी में शामिल है जिनके संरक्षण की जरूरत है तथा वाइल्ड एडिबल भी है। इस अवसर पर डा. दीपक मेलकानी तथा दया किसान पोखरिया शामिल रहे।

# श्रमिकों के योगदान को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सेंट जोन्स स्कूल नैनीताल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (लेबर डे) के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्कूल के समस्त श्रमिकों, सफाई कर्मचारी, माली तथा रसोई कर्मचारी और सुरक्षा कर्मियों को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें श्रमिकों के योगदान को सराहा गया। छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और धन्यवाद भाषण के माध्यम से श्रमिकों की मेहनत की सराहना की गई। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी श्रमिकों को उपहार भेंट किए गए। यह एक भावनात्मक क्षण थाए जब बच्चों ने अपने हाथों से तैयार कार्ड और फूलों के गुलदस्ते देकर श्रमिकों को धन्यवाद कहा। प्रधानाचार्य विनीता रावत ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे श्रमिकगण विद्यालय की रीढ़ हैं। उनका समर्पण और परिश्रम हमें स्वच्छ तथा सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करता है। उन्हें सम्मानित कर हमें गर्व हो रहा है। यह आयोजन विद्यार्थियों के भीतर श्रम के प्रति सम्मान और सहानुभूति की भावना जागृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। उक्त कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, अनीता बोरा, आशा जोशी, किरन मेर, लता फर्त्याल, रुचि साह, मोनिका वर्मा, पल्लवी जोशी, शाहीन, दिया आर्या तथा विक्रम सिंह रावत, तुलसी बिष्ट, पूनम व रेणु बिष्ट, मनोज कुमार एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## सरस्वती विहार में लिफ्ट का उद्घाटन

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार स्कूल में शनिवार को एक महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित सुविधा का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में नव स्थापित लिफ्ट का उद्घाटन एक गरिमामय समारोह के माध्यम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत रूप से लिफ्ट का उद्घाटन किया तथा विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उद्घाटन समारोह की गरिमा को विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति ने और अधिक गौरवान्वित किया।


### भागवत कथा कल से

**नैनीताल।** प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा वैशाख शुक्ल पक्ष 22 गते 5 मई 2025 से श्रीमद् देवी भागवत का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। देवी भागवत 13 मई 2025 को वैशाख 30 गते को भंडारा के साथ पूर्ण होंगी। कथा वाचक देवेश चंद्र शास्त्री होंगे तथा प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक पूजा ए अपराह्न 1 बजे कथा वाचन तथा अपराह्न 2 बजे से व्यास पूजन भंडार का कार्यक्रम होगा। बता दें कि देवी भागवत सभा भवन में आयोजित होगा। इस बीच श्री राम सेवक सभा सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी धार्मिक एवं श्रद्धालुओं को सभी कार्यक्रम में पधारने तथा धार्मिक प्रवचनों को ग्रहण करने का अनुरोध किया है। श्रीमद् देवी भागवत के प्रथम दिवस 5 मई को प्रात: 9 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी। सभा ने सभी को आमंत्रित किया है।

# नैनीताल में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से शनिवार को नैनीताल में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चला दिया है। जिसकी शुरूआत तल्लीताल के बूचड़खाना क्षेत्र से कर दी गई है। टीम ने 25 लोगों की भूमि के दस्तावेजों की जांच की साथ ही नापजोप भी की गई है। जिसमें कई अनियमितताएं पाइ गई हैं। नैनीताल में अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान चलाते हुए जिला विकास प्राधिकरण की टीम की ओर से शनिवार को बूचड़खाना क्षेत्र में बने घरों व भूमि की नापजोप की। साथ ही लोगों से दस्तावेज भी मांगे गए। लेकिन कई लोगों के पास कई दस्तावेज नहीं मिलेए वहीं कई के नक्शे पास नहीं मिले। प्राधिकरण सचिव विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि कई अनियमितताएं पाई गई हैं। बताया कि अवैध निर्माणों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा नैनीताल के हर वार्ड में भी इसी तरह सत्यापन अभियान जारी रहेगा



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा
Office of the Executive Engineer, PWD, Almora Uttarakhand
Phone/Fax:-05962-23003 E-mail:eepdalmora@rediff.com
Web-http://govt.ua.nic.in/pwd

पत्रांक: 1524/ निविदा
दिनांक: 03/05/2025

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्र संख्या-1453/निविदा दिनांक 25.04.2025 के द्वारा सिंगल बिड सिस्टम (Single Bid System) के अन्तर्गत ई-टैण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी थी। जो http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 05.05.2025 से उपलब्ध होनी है किन्तु निविदा सूचना में त्रुटिवश दिनांक 02.07.2024 अंकित हो गया है। अत: निविदा उपलब्ध होने की तिथि को दिनांक 05.05.2025 पड़ा जाये, अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।
सर्वदाता को सूचित हो।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 विभाग,
अल्मोड़ा

# पंजाब के साथ भिड़ेंगी लखनऊ

**पंजाब की टीम में अय्यर, नेहाल और शंशाक सिंह की बदौलत बल्लेबाजी मजबूत है**



**धर्मशाला, वार्ता।** प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) रविवार को हिमालय की सुरम्य वादियों से घिरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ेगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर चार विकेट की जीत से उत्साहित पंजाब इस मुकाबले में लय और फॉर्म के साथ मजबूती से उतरेगा। पंजाब की जान उसकी विस्फोटक सलामी जोड़ी प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य में हैं, जिन्होंने इस सीजन में मिलकर करीब 700 रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब की टीम में अय्यर, नेहल वढेरा, शशांक सिंह और कीपर जोश इंगलिस बल्लेबाजी की गहराई को मजबूत बनाते है जबकि गें. दबाजी के मोर्चे पर अर्शदीप सिंह और मार्को जेनसन ने लगातार शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि बीच के ओवरों में युजवेंद्र चहल की चतुराई से परिपूर्ण गें. दबाजी ने गेंदबाजी आक्रमण को धार प्रदान की है। सीएसके के खिलाफ उनके चार विकेट ने मुकाबले को एकतरफा कर दिया था। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई, हरप्रीत बरार और सूर्यांश शेडगे ने पंजाब के पक्ष को और मजबूत किया। इसके विपरीत, ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम फॉर्म और दबाव दोनों से जूझ रही है, अपने पिछले चार मैचों में से तीन हारने के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस के हाथों 54 रनों की हार ने उन्हें कगार पर ला खड़ा किया है। रविवार का मैच प्रभावी रूप से उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। लखनऊ की बल्लेबाजी में सामंजस्य की कमी है, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श स्थिर शुरुआत देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। निकोलस पूरन की नंबर तीन पर शानदार बल्लेबाजी की भरपाई पंत की खराब फॉर्म ने कर दी है, जबकि डेविड मिलर और अब्दुल समद अब मजबूत फिनिशर की भूमिका का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर सके हैं। लखनऊ की गेंदबाजी भी औसत रही है। मयंक यादव, लप्रस यादव और आवेश खान ने महत्वपूर्ण ओवरों में रन लुटाए हैं वहीं लेग स्पिनर रवि बिश्नोई उनके सबसे भरोसेमंद हथियार बने हुए हैं। मार्करम और दिग्वेश सिंह राठी भी भरोसे में खरा उतरने के लिए संघर्ष करते दिखायी दे रहे हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के खूबसूरत स्टेडियम में शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। यहां पिछले छह मैचों में से पांच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत दर्ज की है, इसलिए टॉस खेल का रुख तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत में लखनऊ को उनके घर में आठ विकेट से हराया था, हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में पंजाब लखनऊ से मामूली बढ़त में है।

# शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय



- **मौजूदा आईपीएल सीजन में शमी की हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण रहेगी**

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुयी है।

घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आए हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुए कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56-16 और इकॉनमी रेट 11-23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे। भारतीय टीम में इंग्लैंड टेस्ट के दौरान वापसी की उम्मीद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पीठ में चोट लग गई थी और वे भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे, लेकिन उसके बाद से वे आईपीएल में वापसी कर चुके हैं। तेज गेंदबाज को 2024 के लिए आईसीसी मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर और मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समापन किया था, जिसमें उन्होंने 32 विकेट चटकाए थे। बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए अपने सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। सिराज की मौजूदगी से भी भारत को मजबूती मिलेगी, जो इस सीजन में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में है।

## खेल विशेष

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया से मिली एक और हार

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। पर्थ हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए नवनीत कौर (35') और लालरेमसियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेस (42') के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। सफलता दूसरे मिनट में ही मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत ही जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ा दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेम्सियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की।

### ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो छोड़ा

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो से नाता तोड़ लिया है। वह अपने मूल क्लब में मुफ्त ट्रांसफर पर शामिल होने के महज चार महीने बाद ही इससे अलग हो गए हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक संक्षिप्त बयान में क्रूजेरो ने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, हालांकि उन्होने कोई और जानकारी नहीं दी।

बयान में कहा गया है कि क्रूजेरो सूचित करता है कि उसने खिलाड़ी के साथ अपने अनुबंध संबंधी समझौते को तत्काल समाप्त करने के लिए एक समझौता किया है। दिसंबर के अंत में पाल्मेरास से बेलो होरिज़ोंटे क्लब में लौटने के बाद डुडू ने क्रूजेरो के लिए सभी प्रति योगिताओं में सिर्फ 17 मैच खेले और दो गोल किए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह फैसला प्लेमेकर और क्रूजेरो के मैनेजर जॉन स्टीवंस के बीच संबंधों में आई दरार के बाद लिया गया। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए तीन बार खेलने वाले डुडू ने 2009 में क्रूजेरो के साथ पेशेवर शुरुआत की थी और दो साल बाद डायनेमो कीव चले गए थे।

# सुभाशीष बोस, सौम्या गुगुलोथ ने भारत के शीर्ष फुटबॉल सम्मान से नवाज गए

**भुवनेश्वर, वार्ता।** सुभाशीष बोस और सौम्या गुगुलोथ को एआईएफएफ पुरस्कार दिवस के अवसर पर वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। पुरस्कार समारोह कलिंगा सुपर कप 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष टंकधर त्रिपाठी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने कहा कि एआईएफएफ पुरस्कारों के इस महान अवसर पर यहां उपस्थित होना सम्मान की बात है। मुझे याद है कि 2002 में जब प्रिय रंजन दासमुंशी एआईएफएफ के अध्यक्ष थे, तब हमने कलिंग फुटबॉल कप को पुनर्जीवित किया था, जिसे स्वर्गीय बीजू पटनायक ने शुरू किया था। कल्याण के साथ मेरी चर्चा के दौरान, हम इस बात पर सहमत हुए कि हम इस बारे में कुछ करेंगे, और मुझे यह कहते हुए खुशी

- **वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित**

हो रही है कि कलिंगा सुपर कप के साथ जो किया गया है, वह न केवल ओडिशा राज्य के लिए, बल्कि फुटबॉल के खेल के लिए भी एक बड़ी सेवा है। चौबे ने कहा कि मैं कलिंगा सुपर कप 2025 को बहुत ही सफल तरीके से आयोजित करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। ओडिशा एक ऐसा राज्य है, जिसके पास सबसे अच्छा फुटबॉल बुनियादी ढांचा है और हमेशा विभिन्न तरीकों से खेल को बढ़ावा देता है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि ओडिशा में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। पिछले साल हमने नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह आयोजित किया था, लेकिन इस साल हम कह सकते हैं कि यह बहुत बड़ा और बेहतर है, और हमें उम्मीद है कि आप सभी के समर्थन से हम आने वाले वर्षों में इसे और भी बड़ा बना सकेंगे। बोस और गुगुलोथ के अलावा, अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता खालिद जमील (सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच), सुजाता कर (सर्वश्रेष्ठ महिला कोच), विशाल कैथ (सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलक. ीपर), एलंगबाम पंथोई चानू (सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर), ब्रिसन फर्नांडीस (होनहार पुरुष खिलाड़ी), तोइजाम थोइबिसाना चानू (होनहार महिला खिलाड़ी), वेंकटेश आर (सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी), टेकचम रंजीता देवी (सर्वश्रेष्ठ महिला रेफरी), वैरामुथु पी (सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक रेफरी), और रिओहलंग धर (सर्वश्रेष्ठ महिला सहायक रेफरी) थे। सुभाषिश बोस संदेश झिंगन (2021), सैयद रहीम नबी के बाद एआईएफएफ पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाले केवल सातवें डिफेंडर बने हैं। सौम्या गुगुलोथ एआईएफएफ महिला प्लेयर ऑफ़ द ईयर अवार्ड जीतने वाली तेलंगाना की पहली खिलाड़ी बनीं। मोहन बागान सुपर जायंटस के लिए स्टिक के बीच ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ने वाले अभियान के बाद विशाल कैथ को सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर चुना गया।

# ब्रिटेन के जोश ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत



**फ्लोरिडा, वार्ता।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34-51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 800 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो। दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता फ्रेड केर्ली ने मियामी में भाग नहीं लिया। उन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम ट्रैक जिसकी संकल्पना चार बार के ओलंपिक चैंपियन माइकल जॉनसन ने तैयार की थी। उसका उद्घाटन समारोह पिछले महीने जमैका के किंग्स्टन में हुआ था, लेकिन तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्टेडियम में बहुत सी खाली सीटें थीं।

# कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में



- **नॉर्वे के कैस्पर रूड ने 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की**

**मैड्रिड, वार्ता।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रूड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 2024 में जिनेवा ओपन में आई है। ड्रेपर ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि कैस्पर दो बार रोलैंड फाइनलिस्ट रहे हैं।

# मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस को बनाया आइकॉन प्लेयर



**संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ अय्यर को आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है**

**मुंबई, वार्ता।** सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 2025 सीज़न के लिए श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन प्लेयर बनाया है। इस घोषणा के साथ, फ्रैंचाइज़ी को एक शीर्ष-स्तरीय लीडर मिल गया है।

?सोबो मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को सोबो मुंबई फाल्कन्स परिवार में शामिल करने पर हमें बहुत खुशी है। उनके संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ उन्हें हमारे आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है। यह नियुक्ति एक ऐसी टीम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो न केवल प्रतिभाशाली है बल्कि टी20 मुंबई लीग के शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए भी तैयार है। उन्होने कहा कि अपने शानदार करियर और भारतीय क्रिकेट में बेजोड़ योगदान के लिए मशहूर श्रेयस अय्यर सिर्फ़ सोबो मुंबई फाल्कन्स में शामिल नहीं हो रहे हैं, बल्कि वे टीम के लिए एक निर्णायक ताकत के रूप में कदम रख रहे हैं।

यह नियुक्ति उत्कृष्टता के प्रति एक साहसिक प्रतिबद्धता का संकेत देती है। सोबो मुंबई फाल्कन्स के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा कि श्रेयस अय्यर खेल के सच्चे लीजेंड हैं और टीम में उनका शामिल होना अपने आप में एक बयान है। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी मौजूदगी टीम के हर खिलाड़ी को प्रेरित करेगी और लीग के दौरान अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने पर श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह टीम मुंबई क्रिकेट की प्रेरणा और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है और मैं इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करने के लिए यहां हूं। यह सिर्फ़ व्यक्तिगत सफलता से कहीं बढ़कर है।

# लेगिया ने पोगोन को हराकर पोलिश कप जीता

**वारसॉ, वार्ता।** लेगिया वारसॉ ने शुक्रवार को यहां नेशनल स्टेडियम में पोगोन स्ज़ेसिन को 4-3 से हरा कर पोलिश कप पर कब्जा कर लिया। लेगिया ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 13वें मिनट में रयोया मोरीशिता ने दायीं ओर से दो विरोधियों को पीछे छोड़ते हुए लुक्विनहास को एक सटीक पास दिया, जिसने गेंद को नज़दीक से नेट में टैप करके अपनी टीम को आगे कर दिया। कोच गोंकालो फियो के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने इसके बाद भी हमले करना जारी रखा। 25वें मिनट में, उनके पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का एक शानदार मौका था, जब गोलक. ीपर वैलेंटिन कोजोकारू द्वारा राडोवन पैनकोव को फाउल करने के बाद रेफरी ने पेनल्टी स्पॉट की ओर इशारा किया। हालांकि, 29 वर्षीय गोलकीपर ने मार्क गुआल के पेनल्टी प्रयास को बचाकर खुद को बचाया। पोगोन ने 32वें मिनट में रफाल कुर्जावा के शॉट से जवाब दिया, जो लंबी दूरी से क्रॉसबार पर लगा। ब्रेक से चार मिनट पहले, रॉबर्ट कोलेंडोविक्ज़ की टीम ने कामिल ग्रोसिकी के एक शानदार क्रॉस के बाद बराबरी कर ली, जिससे डेनिजेल लोनकर ने एक बेहतरीन हेडर से गोल कर दिया, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। लेगिया के लिए दूसरे हाफ की शुरुआत बेहतरीन तरीके से हुई। 46वें मिनट में, पावेल वस्ज़ोलेक के शॉट को रोक दिया गया, लेकिन मोरिशिता ने रिबाउंड पाया और कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए लेगिया को बढ़त दिला दी। 64वें मिनट में, फियो की टीम ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। मोरिशिता के एक शानदार थ्रू पास के बाद, इल्या शकुरिन ने कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए खाली नेट में गोल किया और लेगिया को दो गोल की बढ़त दिला दी। पोगोन ने तीन मिनट बाद ही एफथिमिस कोउलोरिस के जरिये अपना दूसरा गोल करने के लिए अथक संघर्ष किया, जिसका शॉट रुबेन विनाग्रे से टकराकर बाएं लवग से एक कम पास के बाद नेट में चला गया। 85वें मिनट में, विनाग्रे ने सुधार किया और पोस्ट में एक सटीक शॉट लगाया और स्कोर 4-2 कर दिया।

# 2026 विश्व कप तक नेमार को अपने साथ रखना चाहता है सैंटोस



**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने शुक्रवार को कहा कि क्लब चोट की चिंता को दरकिनार कर नेमार के अनुबंध को अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। नेमार यूरोप में एक दशक से अधिक समय और सऊदी अरब में रहने के बाद जनवरी में छह महीने के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल हो गए थे। टेक्सेरा ने कहा कि हमें एक तकनीकी तरीका तलाशना होगा ताकि हम नेमार की चोट की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी की निगरानी को इस तरह बदल सकें कि उनके अनुबंध को नवीनीकृत करने और अगले साल होने वाले विश्व कप तक बने रहने की संभावना बढ़ जाए। पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से नेमार पैर की मांसपेशियों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे एक साल से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे। 33 वर्षीय ने सैंटोस के साथ अपने हालिया कार्यकाल में केवल नौ मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए हैं और तीन असिस्ट दिए हैं। टेक्सेरा ने कहा कि जब हम नेमार को वापस लाए, तो हमें पता था कि उसे बहुत गंभीर चोट लगी है। यह जानते हुए, हमने अपने सभी स्टाफ को नेमार के लिए उपलब्ध कराया और प्रयास किया वह पूरी तरह से ठीक हो सके। वह यहाँ खुश है। यह उसका घर है। सैंटोस वर्तमान में 20 टीमों की ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंड़िग में छह मैचों में चार अंकों के साथ 19वें स्थान पर है।

# ड्रग टेस्ट में फेल होने की सजा काट रहा हूं: रबाडा



केपटाउन,, वार्ता। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा कि वह ड्रग टेस्ट में विफल होने के कारण अनंतिम निलंबन की सजा काट रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे 29 वर्षीय रबाडा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बीच में छोड़ कर घर लौटे थे ताकि महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले से निपट सकें लेकिन अब उन्होंने पुष्टि की है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने एक प्रतिबंधित दवा का सेवन किया। रबाडा ने हालांकि दवा या अपने प्रतिबंध की अवधि का खुलासा नहीं किया। रबाडा को लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना है, जहां दक्षिण अफीका 11-15 जून तक ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। दक्षिण अफीका के लिए 241 मैच खेल चुके रबाडा ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन द्वारा जारी एक बयान में कहा कि मैं उन सभी से बहुत खेद व्यक्त करता हूं, जिन्हें मैंने निराश किया है। मैं क्रिकेट खेलने के विशेषाधिकार को कभी भी हल्के में नहीं लूंगा। यह विशेषाधिकार मुझसे कहीं बड़ा है। यह मेरी व्यक्तिगत आकांक्षाओं से परे है। उन्होने कहा ह मैं एक अनंतिम निलंबन की सजा काट रहा हूं और मैं उस खेल में वापसी करने के लिए उत्सुक हूं जिसे खेलना मुझे पसंद है।ह रबाडा अच्छी फॉर्म में थे और अक्टूबर में 300 विकेट लेने वाले छठे दक्षिण अफीकी क्रिकेटर बने।वह 11,817 गेंदें खेलकर इस मील के पत्थर तक पहुँचने वाले सबसे तेज़ गेंदबाज़ थे।

### लक्सर विधायक ने किया दशकों से खराब पड़ी सड़क का शुभारंभ

# विस क्षेत्र का हो रहा बुनियादी विकास : शहजाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर विधायक मौहम्मद शहजाद के द्वारा दशको से खराब पड़ी हुई सड़क जिसमें एक से डेढ़ फीट पानी भरा हुआ पड़ा है उसको बनवाने के लिए उसका शुभारंभ किया है।

लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने बताया मोहम्मदपुर के ग्रामीणों की मांग पर एक

**❖मोहम्मदपुर गांव में विधायक के प्रस्ताव पर एक करोड़ 20 लाख की लागत से हुआ निर्माण**

करोड़ 20 लख रुपए से बनने वाली इस सड़क का आज शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा मोहम्मदपुर के हर बिरादरी के ग्रामीण इस सड़क पर चलने के लिए मजबूर थे। उन्होंने मुझे आकर कहा कि इस सड़क पर जो भी मेहमान आते हैं वह तरह-तरह की बात करके ग्रामीणों को ताना देते रहते हैं उन्होंने कहा बगैर भेदभाव के बगैर बिरादरी के विकास कार्य



कराये जा रहे हैं। शहजाद विधायक ने कहा किवह जब से लक्सर से विधायक बने हैं तब से बिना भेदभाव सभी वर्गों का एक समान विकास कर रहे हैंऔर जहां लंबे अरसे से कभी विकास नहीं हुआ है उसे क्षेत्र को पहले प्राथमिकता से विकास करवा रहे हैं । शहजाद विधायक ने कहा कि वहलगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिएहर संभव कोशिश कर रहे हैं और धरातल पर विकास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सड़क को आप ठेकेदार के साथ मिलकर सही तरीके से बनवाले जिससे आगे बची हुई सड़क भी मैं आपकी बनवाने का काम करूंगा। वही जिला पंचायत सदस्य अंकुश चौधरी ने कहा कि जिस तरह से मेरे आग्रह पर विधायक के द्वारा मोहम्मदपुर में करीब 1 किलोमीटर सड़क बनाई जा रही है इसके लिए मैं और मोहम्मदपुर के सभी ग्रामीण विधायक जी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं उन्होंने कहा कि जिस तरह से बड़ी-बड़ी सडके विधायक के द्वारा बगैर भेदभाव के बनवाई जा रही हैं यह अपने आप में एक मिसाल है वहां पर सड़क के शुभारंभ के मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### खैर के पेड़ चोरी करने के मामले में एक्शन

# वन दरोगा राजेश चौहान सस्पेंड लकड़ी माफिया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** पिछले दिनों चोरी हुए खैर के पेड़ो के मामले में हुई विभागीय जांच के बाद अब एक वन दरोगा पर जांच गिरी है। मामले में संलिप्तता पाए जाने पर एक वन दरोगा को निलंबित कर दिया है। वहीं लकडी माफिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



**❖विभागीय जांच के बाद वन संरक्षक देहरादून राजीव धीमान ने किया निलंबित**

रुड़की और धनौरी वन विभाग की बीट में पिछले दिनों खैर के 14 पेड़ चोरी हो गए थे जिसमें जांच करने पर वन विभाग द्वारा एक आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया था। वहीं आरोपी ने पूछताछ के दौरान विभाग के एक दरोगा की संलिप्तता बताई थी जिसमें विभाग की ओर से जांच वन क्षेत्राधिकारी विनय राठी और वन दरोगा आशुतोष को सौंपी। मामले में हुई जांच में वन दरोगा राजेश कुमार की संलिप्तता पेड़ चोरी करवाने में पाई गई। वहीं जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद वन संरक्षक शिवालिक वृत राजीव धीमान ने उक्त वन दरोगा राजेश कुमार के निलंबन आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा मामला पकड में आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लकडी माफिया को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दरोगा के खिलाफ कार्यवाही होने से वन माफियाओं व विभाग में हलचल मची हुई है।

# फातिमा ने आईसीएसई बोर्ड की दसवीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पीरान कलियर निवासी होनहार छात्रा ने इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आई सी एस ई ) बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा मैं 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। फातिमा जहरा ने यह सफलता स्वंय अध्यन के बलबूते हासिल किया है जो उनकी मेहनत अनुशासन और मजबूत इच्छा शक्ति का प्रमाण है।



फातिमा जहरा पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन परिवार से संबंध रखती हैं उनके पिता काशिफ ऐजाज ने बेटी की इस कामयाबी पर खुशी का इजहार करते हुए कहा है हम ईश्वर के बहुत शुक्र गुजार हैं फातिमा जहरा ने बहुत मेहनत की और आत्मविश्वास के साथ यह मुकाम हासिल किया आज हमे अपनी बेटी पर गर्व महसूस हो रहा है। हम दुआ करते हैं कि फातिमा जहरा ज्ञान के क्षेत्र मैं और भी बुलंदी हासिल करे। फातिमा जहरा ने इस अवसर पर अपनी सफलता का श्रे अल्लाह की रहमत माता पिता की दुआओं शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी निरंतर मेहनत को दिया है।मैं शुक्रगुजार हूँ की मेरी शैक्षिक यात्रा मैं मेरे माता पिता ने मेरा पूरा साथ दिया यह कामयाबी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि मेरे माता पिता मेरे शिक्षकों और मेरे सपनों की जीत है स्कूल के प्रिंसपिल ने फातिमा जहरा को संस्थान का गौरव बताते हुए कहा की फातिमा जहरा जैसी प्रतिभाशाली आत्मविश्वासी और प्रतिबद्ध छात्राएं ही देश और समाज का उज्जवल भविष्य है हमे उन पर गर्व है फातिमा जहरा का सपना एक वैज्ञानिक बनना है वह भविष्य मैं विज्ञान के क्षेत्र मैं योगदान देना चाहती हैं। और उनका कहना है की वह मानवता की सेवा और आधुनिक शौध के माध्यम से दुनिया मैं बेहतरी लाना चाहती हैं।

दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज कुदुसी साबरी ने बताया कि उनकी भतीजी फातिमा जहरा ने जो सफलता हासिल की है उसने पूरे परिवार के साथ साथ पिरान कलियर का भी नाम रोशन किया है उनकी यह सफलता ना केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिये एक प्रेरणा दायक अनुकरणीय मिसाल बन गई हैं।

# शादी का झांसा देकर युवती का भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर रुड़की निवासरत वादी द्वारा लिखित कोतवाली गंगनहर पर सूचना दी कि सोहेल उर्फ टीटला पुत्र दिलशाद निवासी तेलीवाला पाडली गुर्जर रुड़की कोतवाली गंगनहर द्वारा अपने साथी साकिब पुत्र रियाजुल तथा सलमान पुत्र मेहरबान निवासी तेलीवाला पाडली गुर्जर रुड़की कोतवाली गंगनहर के साथ मिलकर वादी की नाबालिक पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। उक्त सम्बन्ध में कोतवाली गंगनहर पर मु0अ0सं0 180/ 2025 पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा नाबालिक अपहर्ता को बरामद तथा घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर को तत्काल कार्यवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर त्वरित कार्यवाही हेतु उचित हिदायत देकर रवाना किया गया। परिणाम स्वरूप दिनांक 03-05-25 को पुलिस टीम द्वारा आरोपी सोहेल उर्फ टीटला पुत्र को रामनगर कोर्ट के गेट के पास से पकड़ लिया। उक्त आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही जारी है।'नाम पता आरोपी'1-सोहेल उर्फ टीटला पुत्र दिलशाद निवासी तेलीवाला पाडली गुर्जर रुड़की कोतवाली गंगनहर हरिद्वार है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट कांस्टेबल मनमोहन सैनी शामिल रहे।

# गंगनहर पुलिस ने दबोचे तीन शातिर अंतर्राज्जीय टप्पेबाज

### लैपटाप, सोने की चेन व कीमती सामान बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** गंगनहर व सीआईयू की संयुक्त टीम ने चार शातिर टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया गिरोह हरिद्वार सहित यूपी की भी कई जगह में वारदात को अंजाम दे चुका है। आरोपियों के कब्जे से लेपटॉप, सोने की चेन सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

स्कॉर्पियो गाड़ी से अज्ञात चोरों ने 01 बैग जिसमें एक लैपटॉप भ्च कंपनी तथा एक पर्स जिसमें विभिन्न बैंक कार्ड और दो चेक बुक रखे हुए थे, को चोरी कर लिया था। उक्त संबंध में कनखल निवासी शुभम गोयल द्वारा 22 अप्रैल को तहरीर दी थी जिसके आधार पर कोतवाली गंगनहर में पंजीकृत किया गया। वहीं दूसरी वारदात अज्ञात बाइक सवार युवकों ने गणेशपुर रुड़की निवासी महिला के गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। पीड़िता द्वारा दो मई को तहरीर दी गई और मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ। वहीं दोनों वारदातों का संज्ञान लेते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा गंगनहर कोतवाल व सीआईयू रुड़की को मामलों के जल्द खुलासे कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की। टप्पेबाजी




के इस गिरोह को तलाशने के लिए जुटी पुलिस टीम ने विभिन्न माध्यम से जानकारी जुटाते हुए मुखबिर तन्त्र को सक्रिय किया तथा घटनास्थलों के आसपास की संदिग्ध आवाजाही को टटोला। लगातार कसरत के बाद पुलिस टीम ने माधोपुर अंडरपास से 02 मोटरसाइकिलों पर सवार 04 संदिग्ध को दबोचकर उनकी तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से सोने की चेन, लेपटॉप सहित अन्य सामान बरामद हुआ। पूछताछ में पुष्टि हुई कि पकड़े गए सोनू व अजय ने चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था। स्कॉर्पियो से बैग चोरी मामले में चारों संदिग्ध शामिल थे। पकड़े गए गिरोह के सदस्यों द्वारा रुड़की, कनखल, बहादराबाद व ज्वालापुर के साथ-साथ पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद करनाल में कोतवाली झिंझाना, कोतवाली शामली, कोतवाली मुजफ्फरनगर में भी वारदातों के संबंध में मुकदमें दर्ज हैं। आरोपियों के नाम सोनू पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम जटांन खानपुर थाना झिंझाना जनपद शामली उत्तर प्रदेश,अजय पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्राम खेड़ी जनार्दन थाना झिंझाना जनपद शामली हाल निवासी धूरी जिला संगरूर पंजाब,संजय पुत्र राजू निवासी ग्रामजटांन खानपुर थाना झिंझाना जनपद शामली उ0प्र0,जोगेंद्र पुत्र अतर सिंह निवासी खानपुर कला थाना झिंझाना जिला शामली उत्तर प्रदेश बताए गए हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह,वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय शाह,उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट, पंकज कुमार,अपर उपनिरीक्षक मनीष कवि, हेड कांस्टेबल इसरार और कांस्टेबल नितिन शामिल रहे। वहीं सीआईयू टीम में उप निरीक्षक अंकुर शर्मा,मुख्य आरक्षी चमन,अश्वनी यादव और कांस्टेबल महिपाल शामिल रहे।

# स्पर्श गंगा की टीम ने दुग्धाभिषेक कर किया गंगा का पूजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** गंगा अवतरण दिवस पर स्पर्श गंगा की टीम ने मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया और लोगों से अपील की की गंगा के घाटों पर गंदगी ना फैलाएं और उसे स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। इस अवसर नई कार्यकारिणी का स्वागत भी किया गया।

रुड़की गायत्री मंदिर घाट पर आयोजित कार्यक्रम में स्पर्श गंगा के सदस्यों ने पहले गंगा घाट की सफाई की उसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम मां गंगा के नजदीक रहकर जीवन गुजार रहे हैं। उन्होंने सभी से गंगा स्वच्छता की अपील की । इस अवसर कोऑर्डिनेटर सावित्री मंगला,गीता कार्की और सह कोऑर्डिनेटर हेमा बिष्ट ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें जिलाध्यक्ष आशा धस्माना,उपाध्यक्ष कमला कैंथोला,राजबाला,किरण सिंह, सुनीता गोस्वामी,प्रभा भट्ट,अनीता शर्मा को बनाया गया। सरोज जिंदली,बसंती देवरानी,कविता सैनी,मीनाक्षी तोमर और दीपा रानी को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। मीतू और पुष्पा ऐठानी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। ममता चहल को सोशल मीडिया की जिम्मेदारी दी गई। इंदु भट्ट,प्रिया गुप्ता, भागीरथी, सुशील सैनी, सर्वेश गोस्वामी,आनंदी रावत,नीलम सैनी और निर्मल वर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया। नियुक्त किए गए पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय संयोजिका आरुषि निशंक और दिन संघ एवं रीता चमोली का आभार व्यक्त किया।

# सीएनएमएस चेयरमैन ने दी दरगाह साबिर पाक में हाजिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलिय।** नरेंद्र मोदी अध्ययन केन्द्र नई दिल्ली (सी एन एम एस) के चौयरमैन प्रोफेसर जसीम मोहम्मद ने दरगाह पिरान कलियर शरीफ पहुँच कर पुष्पांजलि अर्पित कर ,पहलगाम में मारे गए बेगुनाह पर्यटकों की आत्मा की शाँति के लिये दुआ की ।प्रो जसीम ने कहा कि पहलगाम का आतंकी हमला इस्लाम और इंसानियत के खिलाफ था जिसकी निंदा अनेक देशों के साथ साथ सभी मुस्लिम देशों ने की है।उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बिना किसी धर्म, जाति व वर्ग के भेदभाव के पूरे देश के नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने चाहियें ताकि भारत की अखंडता और एकता के खिलाफ साजिश रचने वालों को करारा जवाब दिया जा सकेउन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह दे रहा है तथा भारत के विरुद्ध लगातार अघोषित युद्ध की स्थिति बनाये हुए है इस बार



उसको भारत द्वारा सबक सिखाया जाएगा ।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और आतंक के खिलाफ सभी मुस्लिम देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुलकर समर्थन दिया है। जातीय जनगणना के विषय में पूछे जाने पर प्रोफेसर जसीम मोहम्मद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 1931 के बाद पहली बार जातीय जन गणना का प्रस्ताव पारित कर ऐतिहासिक कदम उठाया है जिससे पिछड़े, दलित,आदिवासी सहित हर वर्ग को लाभ मिलेगा । उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वह किसी के बहकावे में न आ कर नवीन वक्फ बिल पर सरकार के निर्णय पर अमल करें ताकि वक्फ संपत्तियों की रक्षा की जा सके।इस अवसर पर इंजी. साजिद अली साबरी , पत्रकार जावेद रहमानी, जुनैद खान ,सलमान अली,ओम प्रकाश, शायर अफजल मंगलौरी नाफिसुल हसन आदि मौजूद रहे।

# रील बनाकर हुड़दंग कर रहे तीन युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** गंगनहर पटरी पर रील बनाकर हुड़दंग करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुलिस एक्ट में चालान कर चेतावनी देकर रिहा कर दिया है।

एसएसआई बीएस चौहान ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर क्षेत्र में हुड़दंग/स्टंट बाजी करने वालो के खिलाया अभियान चलाया जा रहा हैं। गंगनहर पटरी पर आसिफ ,आलम अंसारी और अनीश रील बनने के लिए हुड़दंग/स्टंट कर रहे थे।जिनको गिरफ्तार कर पुलिस एक्ट में चालान किया और चेतावनी देकर रिहा किया गया हैं।टीम में एएसआई राम अवतार, जमशेद अली,अमित कुमार, वसीम अहमद आदि शामिल रहे।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** हरिद्वार पुलिस द्वारा नाबालिग लडकी का अपहरण व दुष्कर्म करने वाले फरार अपराधी को धर दबोचा लिया है। जो गांव छोड़कर भागने की फिराक में था।

जानकारी के अनुसार पीडित के पिता की लिखित तहरीर के बाबत नदीम पुत्र नाजिम द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहृता की बरामदगी व आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। आदेश के अनुपालन में निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा थानास्तर पर अपहृता की बरामदगी व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03.05.25 को आरोपी नदीम को आर्शीवाद वैडिंग पाईन्ट तेलपुरा के पास से पकड़ा गया। आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। 'नाम पता आरोपी'नदीम पुत्र नाजिम नि0 बंजारेवाला थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार। 'पुलिस टीम'उ0नि0 ममता रानी कॉनि0विक्रम हे0गा0 तेलूराम आदि शामिल रहे।

# शुगर मिल से चोरी हुए ट्रक सहित आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस ने शुगर मिल से 12 टायरा ट्रक चोरी होने का खुलासा कर दिया है जिसमें एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश निवासी जोगिंदर द्वारा शुगर मिल लक्सर से 12 टायरा चोरी होने के संबंध में उसने पत्र दिया था पुलिस के द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया था एसएसपी हरिद्वार द्वारा पटना को गंभीर देखते हुए हुए उसका खुलासा करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमे अलग-अलग पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए चोरी हुए ट्रक के बारे में लक्सर से बिजनौर की तरफ जाते हुए जानकारी मिली जिसमें ट्रक को दो व्यक्तियों द्वारा चोरी करके ले जाने के तथ्य प्रकाश में आए जानकारी मिली कि चोरों ने ट्रक की नंबर प्लेट हटाकर बिना नंबर के ट्रक को इस्तेमाल किया जा रहा है 2 मई 2025 को ग्राम कलसिया से बिजनौर की तरफ जाते समय ट्रक को बरामद कर एक आरोपी को विरासत में लिया गया उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर ट्रक चोरी करने को स्वीकार किया दोनों दोस्त थाना जयसपुर क्षेत्र रामपुर उत्तर प्रदेश सेचोरी की घटना को अंजाम दे चुके चोरी किए इस्तेमाल करने के पश्चात कबाड़ी को बेचकर धन कमाते हैं पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम यासीन उर्फ सलीम पुत्र नौशेह अली निवासी ग्राम गोविंदपुर थाना पटवाई जिला रामपुर उत्तर प्रदेश उम्र 58 वर्ष बसाया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल हेड कांस्टेबल विनोद कुंडलिया मोहन खोलिया रियाज अली कांस्टेबल मनोज शर्मा ध्वजवीर सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा ह

# सड़क बनाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**❖आधा दर्जन घायल, गांव में तनाव पुलिस बल तैनात**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** टोडा एहतमाल में सड़क बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। वहीं गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के टोडा एहतमाल गांव में एक जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चला आ रहा है जिसमें एक पक्ष वर्तमान ग्राम प्रधान का है। बताया गया है कि आज उक्त जमीन के पास सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था जिसको लेकर एक बार फिर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली गलौज हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। इस विवाद में दोनों पक्षों के पांच से छह लोग घायल हुए हैं। घायलों के नाम राधा, मुकेश शालू, शुभम, हरीश, जीविका, मनवीर और ममता बताए गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया गया है। वहीं गांव में स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संबंध में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल का कहना है कि विवादित जमीन पर सड़क बनाने को लेकर विवाद हुआ है जिसमें दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है चार से पांच लोग घायल हुए हैं घायलों को उपचार के लिए भिजवाया है मामले में एसएसआई के नेतृत्व में टीम कार्य कर रही है।

# चारधाम यात्रा को लेकर अधिकारियों ने नारसन बॉर्डर पर परखी व्यवस्थाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एसडीएम,एसपी देहात एवं अन्य विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी।

चारधाम यात्रा शुरू होते ही शासन प्रशासन ने इसे सफल बनाने के लिए कमर कसी हुई है। इसी कड़ी में एसडीएम रुड़की लक्ष्मी राज चौहान ने नारसन बॉर्डर पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने देखा कि नारसन बॉर्डर पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त है या नहीं। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग 3 मोबाइल टॉयलेट्स स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु प्रतीक्षा कक्ष (वेटिंग एरिया) भी तैयार किया गया है जिसमें कूलर, पंखा एवं बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। एसडीएम रुड़की ने एआरटीओ को निर्देशित किया कि नारसन बॉर्डर पर चारधाम यात्रियों के लिए ग्रीन कार्ड जारी करने हेतु सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत पर्याप्त संख्या में काउंटर स्थापित किए जाएं ताकि अधिक भीड़ की स्थिति में भी तीर्थयात्रियों कोकोई असुविधा न हो।चिकित्सा अधिकारी, नारसन को निर्देश दिए गए कि यात्रियों की स्वास्थ्य जांच हेतु बॉर्डर पर मेडिकल हेल्थ काउंटर की स्थापना की जाए ताकि स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध हो सके। थाना मंगलौर को निर्देशित किया गया



कि नारसन बॉर्डर पर चारधाम यात्रा यात्रीयो के ऑनलाइन पंजीकरण की जांच की समुचित व्यवस्था करने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर जांच करना सुनिचित करे। इस निरीक्षण में उनके साथ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शेखर चंद सुयाल, तहसीलदार रुड़की विकास अवस्थी, एआरटीओ एल्विन रॉक्सी, टीटीओ कृष्ण चंद पलेरिया, अधिशासी अधिकारी मंगलौर नौशाद हसीन एवं थाना मंगलौर के प्रभारी निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

# एचआरडीए के कैंप से लोगों को मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण में अब अपने आवास या प्रतिष्ठान का मानचित्र स्वीकृत कराने में विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। विभाग द्वारा इसके लिए एक तिथि निर्धारित करते हुए जगह जगह सुशासन कैंप लगाए जाने का निर्णय लिया है। जिसके चलते मानचित्रों की स्वीकृति के लिए लगाए गए सुशासन कैंप में खराब मौसम में भी आज बड़ी संख्या में लोग प्राधिकरण के कार्यालय में पहुंचे। रुड़की प्राधिकरण के कार्यालय में लगाए गए दूसरी बार के कैंप में चालीस लोगों से अधिक ने मानचित्रों से बड़ी राहत मिली । इस कैंप में प्राधिकरण के सहायक अभियंता डी एस रावत के साथ साथ सभी कर्मचारी मौजूद रहे।हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता डी एस रावत ने बताया कि प्राधिकरण ने अपने समस्त एकल आवासीय भवनों और 75 वर्ग मीटर तक के भूखंड क्षेत्रफल के व्यवसायिक भवनों के मानचित्र की स्वीकृति के लिए प्राधिकरण सुशासन कैंप का आयोजन करने का निर्णय लिया था जिसके चलते रुड़की के दो कैंप में लोगों को बड़ी राहत मिलीहै। इस तरह के कैंप हरिद्वार जिले के सभी ब्लॉक में लगाए जाएंगे। सुशासन कैंप में आसपास के लोगों से बड़ी राहत मिली है।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क से गुजरते वाहन।

## कृषि शोध का लाभ किसान को मिलना चाहिएः शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि शोध का लाभ खेतों में किसानों तक पहुंचना चाहिए जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ जीवनयापन में सुधार हो सके। चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में बागवानी संबंधी कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि शोध का मुख्य केंद्र कृषि उत्पादकता बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने इलायची, केसर, सुपारी और काली मिर्च इत्यादि की विशेष किस्म की फसलों की पैदावार के संबंध में और विशेष शोध तथा प्रयास करने पर बल दिया। यह समीक्षा बैठक शुक्रवार देर शाम आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे सामाजिक-आर्थिक समृद्धि और बढ़ेगी तो बागवानी उत्पादों-फल-सब्जियों की उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी।

## गुटेरेस जल्द ही सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगेः दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती

### फिर पीएम बनेंगे अल्बनीज, 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता, विपक्षी पार्टी ने हार मानी

**कैनबरा, वार्ता**

**आस्ट्रेलिया** में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 55 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 36 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है।

लेबर पार्टी की जीत से तय हो गया है कि एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में यह पहली बार होगा जब कोई नेता दोबारा पीएम बनेगा। इससे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जान हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं।

■ विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहाः हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं



आस्ट्रेलिया में 3 साल पर होते हैं चुनाव आस्ट्रेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई। पिछली बार 2022 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी को 77 और लिबरल-नेशनल गठबंधन को 58 सीटें मिली थीं। इस बार मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के लिबरल-नेशनल गठबंधन के बीच था। अल्बनीज की जीत के बाद सिडनी में जश्न मनाते लेबर पार्टी के समर्थक। आस्ट्रेलिया में भारत की तरह ही दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा।

निचले सदन के साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी आज वोटिंग हुई। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता है। हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं। आस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 आस्ट्रेलियाई डालर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां प्रधानमंत्री बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**नानजिंग।** चीन के पूर्वी प्रांत जियांग्सू के सूजौ शहर में शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिका.रियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, एक रॉबिन्सन आर44 आईआई हेलिकॉप्टर उड़ान से लौटते समय शाम करीब पांच बजे लगभग 10 मीटर की ऊंचाई से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में जमीन पर मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जियांग्सू प्रांतीय नागरिक उढयन प्राधिकरण के नेतृत्व में दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

### पेरू में नौसेना का जहाज नदी तट से टकराया, दो की मौत

**लीमा।** पेरू के लॉरेटो क्षेत्र में अमेज़न नदी पर शुक्रवार तड़के एक नौसेना का जहाज नदी के तट से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है। नौसेना ने बताया कि उसका जहाज बीएपी उकायाली अमेजन बेसिन में नेपो नदी के मुहाने के पास ऊर्जा कंपनी पेरेन्को की ओर से संचालित मनाती प्लेटफ़ॉर्म से टकराया। खोज और बचाव अभियान जारी है। नौसेना ने बताया कि उकायाली के साथ काफिले में यात्रा कर रहे आस-पास के जहाजों की मदद से चालक दल के 30 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि जहाज लोरेटो क्षेत्र की राजधानी इक्विटोस से रवाना हुआ था और कोलंबिया के प्यूर्टो लेगुइज़ामो के रास्ते पर था।

### तुर्की में हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 रिहा

**इस्तांबुल।** तुर्की के शहर इस्तांबुल में एक मई को हुई अवैध रैलियों में शामिल 418 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से 374 को अदालत के आदेश पर रिहा कर दिया गया है। शहर के पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि इस्तांबुल में गुरुवार को अवैध रैलियों के कारण सड़क और राजमार्ग बंद रहे, 15 से अधिक मेट्रो स्टेशन और सार्वजनिक परिवहन बंद कर दिए गए। हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 को बयान के बाद रिहा कर दिया गया है। इस्तांबुल के कादिकॉय और कार्ताल जिलों में एक मई को ट्रेड यूनियनों ने सरकार की ओर से अनुमोदित रैलियां कीं, जिनमें करीब 65 हजार लोग शामिल हुए और शांति से तितर-बितर हो गए। वहीं, विपक्षी समूह शहर के केंद्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा के लिए 52 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात थे। इस्तांबुल के पुराने इलाके में तकसीम चौक पर प्रदर्शनों पर कई सालों से प्रतिबंध लगा हुआ है।

## भारत से तनाव के बीच सीमा पार तैयारियां तेज

# पाक ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**भारत** के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। अब्दाली हथियार प्रणाली, 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। पाकिस्तान की ओर से यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है, जब जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

यह परीक्षण पाकिस्तान सशस्त्र बलों के सिंधु अभ्यास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य किसी भी हमले के मद्देनजर परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना था। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार सेना की आधिकारिक मीडिया-विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नेविगेशन प्रणाली और उन्नत गतिशीलता सुविधाओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों को मान्य करना था। इसमें कहा गया है कि यह प्रक्षेपण 'एक्स इंडस' का हिस्सा है और इसे सेना सामरिक बल कमान (एएफएससी) के कमांडर, सामरिक योजना



■ 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है अब्दाली

प्रभाग और एएफएससी के वरिष्ठ अधिका.रियों के साथ-साथ पाकिस्तान के सामरिक संगठनों के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने भी देखा। आईएसपीआर के बयान के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और सेना प्रमुखों ने इसमें भाग लेने वाले सैनिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। बयान में कहा गया कि उन्होंने विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध सुनिश्चित करने और किसी भी आक्रमण के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के सामरिक बलों की परिचालन तैयारियों और तकनीकी दक्षता पर पूरा भरोसा जताया। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय सेना को जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट दिए जाने के बाद पाकिस्तान बेहद घबराया हुआ है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले की निगरानी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी के आकाओं ने की थी। पाकिस्तान लगातार सैन्य गोलीबारी करने के अलावा, उसने अरब सागर में अपने नौसैनिक अभ्यासों को तेज कर दिया है, और अधिक मिसाइल परीक्षण किए हैं और किसी भी हमले की स्थिति में भारत के खिलाफ 'परमाणु जवाबी कार्रवाई' की लगातार चेता.वनी दी है, जिससे वह सख्त रुख बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

### पाक ने नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी जारी रखी

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोल.ीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी के नौशेरा और जम्मू के अखनूर में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। गत 30 अप्रैल को भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों के साथ-साथ जम्मू और सांबा जिलों के परगवाल और रामगढ़ सेक्टरों में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार छोटे हथियारों से गोल.ीबारी की। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है। पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोलीमार कर हत्या कर दी थी।

## इजरायली हमलों में मारे गए 30 फलस्तीनी

**गाजा।** गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों के घरों और तंब.ुओं को निशाना बनाकर आज किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फलस्तीनी मारे गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट घट्टास परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए।

नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है। इस बीच खान यूनिस में ही अबू हजरस परिवार के घर पर ड्रोन हमले में एक गर्भवती महिला की मौत की भी खबर है। हालांकि इजरायली सेना ने अभी तक इन हमलों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच राफा में कुवैत स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल ने आज यहां एक प्रेस बयान जारी कर दवा, चिकित्सा आपूर्ति और भोजन की भारी कमी के बीच स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के पूर्णतौर पर ध्वस्त होने की की चेतावनी दी। अस्पताल ने कहा सीमा पार लगातार बंद रहने और मानवीय सहायता वितरण में व्यवधान के कारण स्थिति और खराब हो गई है। बयान के मुताबिक 75 प्रतिशत से अधिक आवश्यक दवाएं अनुपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का इलाज करने की सुविधा की क्षमता में बाधा आ रही है। मौजूदा चिकित्सा सामग्री भंडार सप्ताह से अधिक नहीं चल सकता है। गौरतलब है कि हमास के साथ जनवरी में हुए युद्धविराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद 2 मार्च को इजरायल ने गाजा में माल और आपूर्ति का प्रवेश रोक दिया।

■ लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर बरसाए गए बम

# इजरायल ने किए सीरिया में हवाई हमले

### कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई, ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत

**दमिश्क, वार्ता**

**इजरायल** ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं।

सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार शुक्रवार को इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10



■ एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है

हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है। सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है। इजरायल के राष्ट्रीय प्रसारक कान ने बताया कि इजरायली सरकार ने सीरिया में अतिरिक्त ठिकानों को निशाना बनाने की मंजूरी दी है, जिसमें नए सीरियाई अधिकारियों से संबद्ध सैन्य प्रतिष्ठान और स्थल शामिल हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने कथित तौर पर सेना को नए लक्ष्यों को निशाना बनाने को अधिकृत किया है।

# अंगोला के साथ रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

### अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत** और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के आज निर्णय लिए।

भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के भारत के रुख का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिए गए। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के



■ 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है

दस्तावेज सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। मोदी ने बैठक के बाद प्रेस को दिए गए वक्तव्य में राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था। भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे।

# परिवार से सुलह करना चाहूंगाः प्रिंस हैरी

### इंटरव्यू में कहाः अब और नहीं लड़ना, पता नहीं मेरे पिता के पास कितना समय बचा है

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने कहा है कि वह रायल फैमिली के साथ सुलह करना चाहते हैं, लेकिन उनके पिता किंग चार्ल्स उनसे बात नहीं कर रहे हैं। हैरी ने यह बयान उस दिन दिया जब वे ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पुलिस सुरक्षा को लेकर चल रहा मुकदमा हार गए। एक इंटरव्यू में हैरी ने कहा कि 'मैं अपने परिवार के साथ सुलह करना चाहूंगा। अब और लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। जिंदगी कीमती है। मुझे नहीं पता कि मेरे पिता के पास कितना समय बचा है। वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा।

हैरी ने कहा कि मैं नहीं सोचता कि मैं कभी अपने परिवार को ब्रिटेन वापस ला पाऊंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि वहां मेरे परिवार के लिए सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे और परिवार के कुछ सदस्यों के बीच काफी मतभेद रहे हैं, लेकिन अब मैंने उन्हें माफ कर दिया है। दरअसल, हैरी ने 2020 में अपनी रायल ड्यूटीज से इस्तीफा दे दिया था और अपनी अमेरिकी पत्नी



■ वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा

मेगन और दो बच्चों के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए। तब से उन्होंने और मेघन ने टीवी डाक्यूमेंट्री, अमेरिकी टाक शो होस्ट ओप्रा विन्फ्रे के साथ एक इंटरव्यू और हैरी की बेस्ट-सेलिंग आटोबायोग्राफी 'स्पेयर' में रायल फैमिली की कड़ी आलोचना की थी। प्रिंस हैरी अमेरिका जाने के बाद अपनी सुरक्षा में किए गए बदलावों को पलटवाना चाहते थे। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद प्रिंस हैरी ने कहा कि इस वक्त मैं ऐसी कोई दुनिया नहीं देखता जिसमें मैं अपनी पत्नी और बच्चों को यूके वापस लाऊं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे धोखा मिला हो। कोर्ट में मिली हार को उन्होंने श्पुरानी सोची-समझी साजिशश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा में कटौती का फैसले के पीछे शाही परिवार का हाथ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी सुरक्षा को लेकर हुआ विवाद हमेशा से सबसे बड़ी रुकावट रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने राजा चार्ल्स से इस विवाद में दखल देने को कहा था, तो प्रिंस हैरी ने जवाब दिया कि मैंने उनसे हस्तक्षेप करने को नहीं कहा, मैंने उनसे सिर्फ यह कहा कि वे एक तरफ हट जाएं और एक्सपर्ट्स को उनका काम करने दें। फैसले पर उन्होंने कहा कि मैं टूट गया हूं। लेकिन मैं इस हार से उतना नहीं जितना टूटा हूं, जितना उन लोगों की वजह से टूटा हूं, जो ये फैसला लेकर सोचते हैं कि यह ठीक है। क्या यह उनकी जीत है? मुझे यकीन है कि कुछ लोग हैं, जो मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वही इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे होंगे।

### मुरुगन ने प्रदान किए राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने शनिवार को 12 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. मुरुगन ने मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के दौरान आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो देश के सभी कोनों में नागरिकों तक पहुंचने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि देश भर के सामुदायिक रेडियो किसी न किसी कल्याणकारी उद्देश्य में लगे हुए हैं और भारतीय परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने सहित अच्छे उद्देश्यों का सहयोग कर रहे हैं।

# चिली में भूकंप के तेज झटके सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो।**

**चिली** के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में शुक्रवार को तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है।

चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है, जबकि चिली नौसेना की हाइड्रोग्राफिक एवं महासागरीय सेवा (एसएचओए) ने सुनामी की चेता.वनी जारी की है, जिसमें मैगलन और चिली अंटार्कटिक क्षेत्र के तटीय निवासियों से सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाने और समुद्र तट पर जाने से बचने का आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि चिली प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित है और यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप आने वाले देशों में से एक है। यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

■ यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं

# Met Gala 2025 के लिए कियारा ने चुना भारतीय डिजाइनर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू के लिए भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता को चुना है। भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और समकालीन सितारों में से एक, कियारा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस खास मौके पर वह मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक पहने नजर आएंगी। इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। गौरव गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है। उनके डिज़ाइन कान्स से लेकर ऑस्कर तक के रेड कार्पेट पर छा चुके हैं। कियारा के साथ यह सहयोग स्वाभाविक है। उनकी खूबसूरती और गौरव के आर्किटेक्चरल स्टाइल का मेल एक ऐसा लुक पेश करेगा जो सुर्खियां बटोरने वाला है। इस डेब्यू के साथ, कियारा आडवाणी उन भारतीय आइकनों की कतार में शामिल हो रही हैं जिन्होंने मेट गाला जैसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व किया है और एक विशिष्ट भारतीय आवाज़ को फैशन की इस वैश्विक विरासत में शामिल किया है। फैशन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है और सभी की निगाहें अब कियारा पर है।

**इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। कियारा डिजाइनर के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाने वाले गौरव गुप्ता को चुना है।**

## गुरु रंधावा और निमृत कौर की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** ग्लोबल म्यूजिक आइकन गुरु रंधावा और बिग बॉस फेम अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉरियर बाय ब्लड, ब्रदर्स बाय हार्ट: शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर को मो. हाली में रिलीज किया गया। इस मौके पर गुरु रंधावा के साथ फिल्म के कलाकार बब्बू मान, सुनीता ढिल्लों, निमृत कौर अहलूवालिया, हशनीन चौहान और धीरज कुमार भी मौजूद थे। अभिनेता हरसिमरन और एली मंगट ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रेलर पंजाब की जीवंत पृष्ठभूमि में बसी एक दमदार कहानी की झलक दिखाता है। हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ-साथ फिल्म में भाईचारे और पारिवारिक रिश्तों की गहराई को बखूबी दर्शाया गया है।

# दिमाग में शाहरुख था जब डॉन की लिखी थी पटकथा: फरहान



**फरहान अख्तर विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।**

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार फरहान अख्तर का कहना है कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म डॉन लिखी थी और वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे। फरहान अख्तर विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। इस सत्र ने एक कहानीकार के रूप में फरहान अख्तर के व्यक्तिगत अनुभवों की एक अंतरंग झलक पेश की, जिसमें सिनेमा के विकास, निर्देशन की चुनौतियों और फिल्म निर्माण में प्रामाणिकता की आवश्यकता का जिक्र हुआ। फरहान ने बातचीत की शुरुआत करते हुए, वेव्स को एक बहुत ही सशक्त आयोजन बताते हुए कहा कि उनकी सृजनात्मक जड़ों को देखकर यह प्रतिबिंबित होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें गायन और अभिनय से लेकर निर्देशन तक के अपने बहुमुखी करियर का कोई विशेष पहलू पसंद है, तो उन्होंने इसकी तुलना पसंदीदा बच्चे को चुनने से की, यह स्वीकार करते हुए कि एक शांत पसंद हो सकती है, हर भूमिका का अपना आनंद होता है। फरहान ने डॉन के बारे में बताया कि ट्रेन में सफर के दौरान मूल स्कोर सुनते समय उन्हें यह विचार कैसे आया। चुनौती फिल्म को फिर से बनाना नहीं था, बल्कि फिर से इसकी कल्पना करना था। मैं डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं को क्या नया अर्थ दे सकता था? यही असली परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म लिखी थी, उन्होंने कहा कि वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे।

# फिल्म निर्माताओं के लिए वरदान होगा एआई: हिरानी



**मुंबई।** फिल्मकार राजकुमार हिरानी ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) फिल्म निर्माताओं के लिए रचनात्मकता और स्टोरीटेलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में शुक्रवार को आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में दुनिया भर में दिलों को छूने वाली कहानियां पर पैनल चर्चा की गई। इस चर्चा में नेशनल जियोग्राफ़िक सोसाइटी में मुख्य स्टोरीटेलिंग अधिकारी कैटलिन यार्नल, द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी में ईवीपी और कॉर्पोरेट विकास प्रमुख जस्टिन वारब्रुक, अमेजॉन प्राइम वीडियो में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केली डे, बीबीसी स्टूडियो एशिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक फिल हार्डमैन, भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों में से एक राजकुमार हिरानी, और मॉडरेटर के रूप में बेस्टसेलिग लेखक और राजनयिक अमीश त्रिपाठी शामिल रहे। इस सत्र में वैश्विक मीडिया, मनोरंजन और साहित्यिक परिदृश्यों से दूरदर्शी प्रमुखों और मास्टर स्टोरीटेलर को कहानी कहने क्षमता का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। स्ट्रीमिग प्लेटफ़ॉर्म और प्रसारण दिग्गजों से लेकर सिनेमा और साहित्य तक, पैनलिस्टों ने इस बारे में अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे आकर्षक कथाएं सीमाओं को पार कर सकती हैं, संस्कृतियों को आकार दे सकती हैं।

# भाविका ने गुम है किसी के प्यार में से किया कमबैक



**मुंबई।** अभिनेत्री भाविका शर्मा ने स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में कमबैक किया है। शो गुम है किसी के प्यार में अपनी दमदार कहानी, इमोशनल मोमेंट्स और यादगार किरदारों की वजह से लोगों का दिल लगातार जीत रहा है। प्यार, कुर्बानी और जज्बे की इस कहानी से दर्शक हर दिन जुड़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे कहानी ने नया मोड़ लिया है, शो में एक जाना-पहचाना चेहरा फिर से लौट आया है। भाविका शर्मा, जो सावी का किरदार निभा रही थी, अब एक बार फिर दर्शकों के बीच वापस आ गई हैं। अपने कमबैक को लेकर भाविका शर्मा ने एक इमोशनल नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो और अपने किरदार सावी के साथ अपने जुड़ाव को बखूबी बयां किया। भाविका ने कहा, गुम है किसी के प्यार में में वापसी सिर्फ एक शो पर लौटना नहीं है, बल्कि उस किरदार से दोबारा जुड़ना है जो अब मेरे अंदर का हिस्सा बन चुका है। सावी की यात्रा हमेशा हिम्मत, नाजुकियत और प्यार से भरी रही है और मुझे एक बार फिर उसके सफर का हिस्सा बनने का सम्मान मिला है।

# पूजा ने लंदन में स्क्रीनिंग का लिया आनंद

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ लंदन में रेट्रो की स्क्रीनिंग का आनंद लिया है। पूजा हेगड़े और सूर्या की फिल्म रेट्रो ने एक मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी। हालांकि निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज इस मौके पर लोकेश कनागराज के साथ मौजूद रहे, लेकिन पूजा मुख्य स्क्रीनिंग में शामिल नहीं हो सकी। इसके बावजूद, उन्होंने ग्लासगो, लंदन में फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया, जहां उनके साथ उनकी अगली फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है के सह-कलाकार वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी मौजूद थे। पूजा हेगड़े फिल्म रेट्रो में सूर्या के अपोजिट लीड रोल में नजर आ रही हैं। वह रुक्मणि का किरदार निभा रही हैं,जो एक डॉक्टर और उपचारक हैं और हर तरह की हिंसा के खिलाफ हैं। हाल ही में पूजा ने सोशल मीडिया पर इस किरदार के पर्दे के पीछे की झलकियां साझा की और एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने रुक्मणि को सबसे पवित्र आत्मा, मासूम लेकिन बुद्धिमान बताया और कहा कि काश हम सब रुक्कु जैसे बन सकें। रुक्कु बनना मेरी जिदगी का सबसे मज़ेदार अनुभव रहा। रेट्रो के साथ पूजा हेगड़े ने अपने करियर में एक और दमदार फिल्म जोड़ ली है,और ऐसा लगता है कि वह रुकने के मूड में नही हैं। फिलहाल पूजा यूके में हैं, जहां वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है की शूटिग कर रही हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन हैं। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है, जिसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और जल्द ही इसके रिलीज होने की उम्मीद है।



# वेव्स में 250 करोड़ से ज्यादा का हुआ कारोबार

**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स समिट की महत्वाकांक्षी पहल, वेव्स बाजार, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। विभिन्न देशों के रचनाकारों को निवेशकों और खरीददारों से जोड़कर उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई यह पहल भारत को कॉन्टेंट के व्यावसाईकरण के लिए एक रणनी. तिक केंद्र बनाने के लिए तैयार है। जाजू ने मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स में कहा कि वेव्स बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स बाजार अपने पहले सत्र में दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सहित 22 से अधिक देशों के अग्रणी पेशेवरों को एक साथ लाया, जिसमें 95 वैश्विक खरीदारों और 224 विक्रेताओं ने भाग लिया। प्रमुख खरीदारों में नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, मेटा, डिजनी स्टार, जी एंटरटेनमेंट, बनिजय एशिया, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, सोनी लिव, वाईआरएफ, धर्मा, जियो स्टूडियो, रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल और रैशलेक मीडिया शामिल थे।






## पहली बार देखा कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही: आमिर खान

**मुंबई।** फिल्म निर्माता आमिर खान ने कहा है कि उन्होंने पहली बार देखा है कि कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही है। आमिर खान ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में आयोजित स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचर: पुटिग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप नामक पैनल चर्चा में शिर. कत की। फिल्म समीक्षक मयंक शेखर द्वारा संचालित इस सत्र में फिल्म उद्योग के कई दिग्गज शामिल हुए। इनमें निर्माता रितेश सिधवानी, प्राइम फोकस लिमिटेड के नमित मल्होत्रा, फिल्म निर्माता दिनेश विजन, पीवीआर सिनेमा के अजय बिजली और प्रसिद्ध अमरीकी निर्माता चार्ल्स रोवन शामिल रहे। आमिर खान ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने किसी सरकार को हमारे उद्योग में इतनी रुचि लेते देखा है। वेव्स केवल एक संवाद नही है। यह नीति का पुल है। यह एक आशाजनक शुरुआत है। मुझे यकीन है कि हमारी चर्चाएं नीतियों में बदल जाएंगी। ओटीटी बहस पर आमिर खान ने बताया कि कैसे थिएटर और ओटीटी रिलीज़ के बीच की संकीर्ण खिड़की थिएटर दर्शकों को हतोत्साहित करती है।

# बहुत सारी विदेशी फिल्म कंपनियां आएंगी भारत: भूमि

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में बहुत सारी विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आएगी। भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 में लाइट्स, कैमरा, गंतव्य! फिल्मों के माध्यम से भारत की ब्रांडिग विषय पर पैनल चर्चा में शिरकत की। इस चर्चा के अन्य पैनलिस्टों में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार, एनएफडीसी के एमडी नितिन तेज आहूजा, प्रोड्यूसर्स गिल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, गुजरात सरकार के सचिव (पर्यटन), आईटीडीसी की एमडी मुग्ध सिन्हा शामिल थी। पेडनेकर ने कहा कि आने वाले दिनों में बहुत सारे विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में लोग हमारे सिनेमा की वजह से मुंबई को जानते हैं। भारत के गंतव्यों में शूटिंग की अपनी प्राथमिकता के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि मेरी अधिकांश फिल्में सांस्कृतिक रूप से गंभीर हैं और देश के केन्द्रीय स्थल की फिल्में हैं। हमारा जज्बा और हमारे सिनेमा के लिए प्यार, जिस तरह से हमारे कलाकार और क्रू समर्पण के साथ काम करते हैं, वह अतुलनीय है। भारत के फिल्म उद्योग के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि अब फिल्म सेट पर काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत में फिल्म निर्माण में लगातार बेहतर लोग आ रहे हैं। पृथुल कुमार ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित इंडिया सिने हब (आईसीएच) वैश्विक फिल्म निर्माताओं के लिए भारत में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देता है और सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह भारत में फिल्मांकन के लिए वन-स्टॉप गंतव्य है, जिसमें फिल्म-निर्माण सुविधा के लिए विभिन्न राज्य पोर्टलों के लिक भी मौजूद हैं। यह एकल-खिड़की सुविधा और मंजूरी तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो भारत में फिल्मांकन को आसान बनाता है। यह फिल्म-अनुकूल इकोसिस्टम बनाने और देश को फिल्मांकन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

